# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025


जरूरी नहीं कि हर जगह हर वक्त हो बरसात



## मप्र में मानसून के चार महीने 65 दिन से अधिक होगी बारिश

प्रदेश में जून के तीसरे सप्ताह में ऑनसेट होगा मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में इस साल सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान है। प्रदेश में इस साल मानूसन के कुल चार महीने में 65 दिन से अधिक बारिश का अनुमान है। इस दौरान बेहतर बारिश के आंकड़े मिलेंगे। मानसून 1 जून के आसपास केरल के रास्ते आता है। 4 महीने की बरसात के बाद यानी सितंबर के अंत में राजस्थान के रास्ते मानसून की वापसी होती है।

### गर्मी का पारा थमा, दो दिन बाद लू

मंगलवार को प्रदेश में गर्मी का पारा एक से 2 डिग्री तक की घट-बढ़ के साथ थमा रहा। भोपाल में पारा 39.5 डिग्री पर थमा रहा। मौसम केंद्र के अनुसार अभी तीन दिन पारा बढ़ेगा। कल से कुछ जगह लू का असर हो सकता है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी तीन दिन प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। नया सिस्टम बुधवार से सक्रिय हो रहा है। इसके असर से प्रदेश में 20 से 23 अप्रैल के बीच बारिश की उम्मीद है। इससे तापमान में फिर गिरावट होगी। अभी पश्चिमी विक्षोभ सकुर्लेशन के रूप में है।

**अच्छी खबर : मानसून को लेकर मौसम विभाग ने बड़ी भविष्यवाणी की**

# भारतीय मौसम विभाग ने कहा- अल नीनो नहीं, सामान्य से अधिक बारिश होगी, 1 जून के आसपास आएगा मानसून

### इस बार बारिश का आंकड़ा 87 सेंटीमीटर के दीर्घकालिक औसत का 105% रहेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मानसून को लेकर मौसम विभाग ने बड़ी भविष्यवाणी की है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक भारत में मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की संभावना है। इस बार अल नीनो की स्थिति बनने की आशंका नहीं है। आईएमडी के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा के मुताबिक जून से सितंबर तक, इस बार जमकर बारिश का आसार जताया गया है।

इससे किसानों को बड़ी राहत मिलने के आसार हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि इस बार बारिश का आंकड़ा 87 सेंटीमीटर के औसत का 105 फीसदी रहेगा।



अभी गर्मी से ऐसी बेहाली

### हर जगह और हर समय एक जैसी बारिश नहीं

अच्छा मानसून रहना भारत के कृषि क्षेत्र के लिए बहुत जरूरी है। लगभग 42.3 फीसदी आबादी की आजीविका इसी पर निर्भर है। यह देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18.2 फीसदी का योगदान करता है। देश के 52 फीसदी कृषि क्षेत्र में बारिश से ही सिंचाई होती है। यह देशभर में पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए जलाशयों को भरने के लिए भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, सामान्य बारिश का मतलब यह नहीं है कि देश में हर जगह और हर समय एक जैसी बारिश होगी। मौसम विभाग के मुताबिक जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश में बदलाव हो रहा है। जलवायु वैज्ञानिकों का कहना है कि बारिश के दिनों की संख्या कम हो रही है। लेकिन कम समय में भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे बार-बार सूखा और बाढ़ आ रही है।

### यह औसत पिछले 50 सालों के आंकड़ों पर आधारित

आईएमडी के अनुसार सामान्य बारिश का मतलब है कि चार महीने के मानसून सीजन में 87 सेंटीमीटर की औसत बारिश का 96 फीसदी से 104 फीसदी तक बारिश होना। यह औसत पिछले 50 सालों के आंकड़ों पर आधारित है। हालांकि, हमें जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले बदलावों के लिए तैयार रहना होगा। बारिश कभी भी एक जैसी नहीं होती, इसलिए हमें पानी का सही तरीके से इस्तेमाल करना होगा।


2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482 81030 45003 74411 61485
Website : ssscn.ac.in

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366





**कैबिनेट बैठक : मप्र में किसानों की आय बढ़ाने सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया**

# अन्नदाता मिशन को मंजूरी, किसान खेती के साथ कर सकेंगे 'व्यवसाय'

अन्नदाता मिशन के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनेगी

अन्नदाता मिशन कमेटी की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में और जिला स्तर पर भी एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

मेडिकल कॉलेज सतना से संबंद्ध नवीन चिकित्सालय के निर्माण के लिए 383 करोड़ 22 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में किसानों की आय बढ़ाने सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया। कैबिनेट ने मप्र कृषक कल्याण (अन्नदाता) मिशन को मंजूरी दी है। इसके जरिए सरकार किसानों की आय दोगुना करने के साथ ही उन्हें संपन्न बनाएगी। इसके जरिए किसानों को खेती के साथ ही व्यवसाय करने की पॉलिसी बनाई जाएगी। किसानों को जलवायु के अनुकूल फसल लेने के साथ ही साथ परंपरागत कृषि ज्ञान का संरक्षण भी किया जाएगा। अन्नदाता मिशन के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। यह कमेटी संयुक्त रूप से काम करेगी। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। किसानों की आय बढ़ाने के लिए अन्नदाता मिशन शुरू किया जा रहा है।



गांधी मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध चिकित्सालय में नवीन पदों की स्वीकृति

### किसान जलवायु के अनुकूल खेती करेंगे

विजयवर्गीय ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए वे खेती के साथ और भी व्यवसाय कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने पॉलिसी बनाई है। किसान जलवायु के अनुकूल खेती का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जैविक विविधता के अनुसार परंपरागत कृषि ज्ञान का संरक्षण करने का काम किया जाएगा। मप्र कृषक कल्याण मिशन का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, कृषि को जलवायु-अनुकूल बनाना, धारणीय कृषि पद्धतियों को अपनाना, जैव विविधता और परम्परागत कृषि ज्ञान संरक्षण, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना है।

### कमेटी में सभी विभागों के मंत्री-अधिकारी रहेंगे


पोषण और खाद सुरक्षा तय करने के लिए उच्चस्तरीय कमेटी बनाने को मंजूरी दी गई है। कृषि से संबंधित विभागों की ओर से संयुक्त रूप से इस पर काम होगा। कमेटी में सभी विभागों के मंत्री-अधिकारी रहेंगे। अन्नदाता मिशन कमेटी की अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। इसके अलावा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में और जिला स्तर पर भी एक कमेटी का गठन कियाजाएगा।

### *किसानों की आय बढ़ाने की यह रहेगी तकनीक*

*किसानों की आय में वृद्धि के लिए सहकारिता एवं मत्स्य पालन के तहत सहकारिता के माध्यम से दूध संकलन के कवरेज को 26000 ग्रामों तक ले जाया जाएगा। दूध संकलन व प्र-संस्करण की वर्तमान क्षमता को बढाकर 50 लाख लीटर प्रति दिवस किया जाएगा। पशुओं में स्टॉल फीडिंग एवं मिनरल मिक्चर का घरेलू विकल्प का उपयोग से निराश्रित गोवंश की संख्या में कमी लाना। मत्स्य पालन क्षेत्र में आय वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों का प्रयोग केज फार्मिंग तथा बायोफ्लाक तथा बायोलॉक, मछुआ/ किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराकर स्व-रोजगार को बढ़ावा दिया जाएगा।*

**केंद्र सरकार ने किया था दखल**

# हज यात्रियों के लिए खुशखबर बढ़ाया गया भारत का 'कोटा'



अब 2025 में 1.75 लाख से अधिक भारतीय हज यात्रा कर सकेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हज यात्रा को लेकर बहुत बड़ी खुशखबरी सामने आ रही है। भारत सरकार ने हज यात्रा 2025 के लिए हज कोटा बढ़ाए जाने की घोषणा की है।केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी शेयर किया है। केंद्रीय अल्प संख्यक कार्य मंत्रालय ने बताया कि सरकार के हस्तक्षेप के कारण, सऊदी हज मंत्रालय ने मीना में वर्तमान उपलब्धता के आधार पर 10,000 तीर्थयात्रियों को समायोजित करने के लिए सीएचजीओ के लिए हज (नुसुक) पोर्टल को फिर से खोलने पर सहमति व्यक्त की है।

■ हज (नुसुक) पोर्टल को फिर से खोला जाएगा

### हज 4 जून से 9 जून के बीच संभावित

मंत्री किरेन रिजिजू ने लिखा हज यात्रा को सुविधाजनक बनाना नीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, यह जिम्मेदारी का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सहयोग के लिए सऊदी अधिकारियों का हार्दिक आभार। इस वर्ष हज 4 जून से 9 जून, 2025 के बीच होने की संभावना है, जो कि चांद के दिखने पर निर्भर करेगा, जो इस्लामी कैलेंडर के अंतिम महीने, ज़िल-हज की शुरुआत का संकेत देता है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी पर सुप्रीम कोर्ट का फूटा गुस्सा**

# न्यायपालिका इस तरह की भाषा के इस्तेमाल से 'बचे'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की, जिसमें कहा गया था कि ब्रेस्ट छूना और कपड़े फाड़ना, रेप या रेप की कोशिश नहीं है। सर्वोच्च अदालत ने हाई कोर्ट की उस टिप्पणी की भी आलोचना की जिसमें रेप पीड़िता के लिए कहा गया था कि उसने खुद मुसीबत को न्योता दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट को सख्त नसीहत देते हुए कहा कि न्यायपालिका को इस तरह की

■ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के बाद स्वत संज्ञान लिया



भाषा के इस्तेमाल से बचना चाहिए था। सुनवाई के दौरान पीड़िता की मां भी अदालत में पेश हुई।

जस्टिस गवई ने कहा कि अब उसी कोर्ट के दूसरे जज की ओर से एक और आदेश पारित किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर वे जमानत देना चाहते हैं तो दे सकते थे, लेकिन उन्होंने यह क्यों कहा कि पीड़िता ने खुद मुसीमत मुसीबत को न्योता दिया। इस पर सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि एक व्यक्ति जो कानूनी बारीकियों से परिचित नहीं है।

## खबर संक्षेप

### राहतः मार्च में खुदरा महंगाई दर घटी

**नई दिल्ली।** आम लोगों को महंगाई से बड़ी राहत मिली है। देश की खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है।



नेशनल स्टैटिकल ऑफिस की ओर से जारी डेटा के मुताबिक, मार्च में भारत की खुदरा महंगाई दर 3.34%पर आ गई।

### आरोप पत्र दायर, सोनिया राहुल की बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और सांसद



राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र दायर किया है। जांच एजेंसी की ओर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। दोनों नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया गया है।

**हरियाणा जमीन सौदे का मामला**

## वाड्रा से ईडी ने की पूछताछ, बाहर आकर बोले- डरने वाला नहीं हूं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने व्यवसायी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा को भूमि सौदे से जुड़े धन शोधन मामले में मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया। 56 साल के रॉबर्ट वाड्रा को इस मामले में पहली बार 8 अप्रैल को बुलाया गया था। वाड्रा के खिलाफ जांच हरियाणा के शिकोहपुर में एक भूमि सौदे से जुड़ी है। हालांकि, वाड्रा ने एजेंसी के समन

■ दो किमी पैदल चलकर ईडी दफ्तर गए वाड्रा



राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। उन्होंने कहा कि पूछताछ के दौरान पहले भी ईडी के साथ घंटों बिताए हैं, हजारों पेज साझा किए हैं, लेकिन फिर भी एजेंसी उनके खिलाफ मामले उठा रही है। मैं न ही किसी दबाव में आने वाला हूं और न ही किसी से डरने वाला हूं।

**सपा सांसद ने फिर छेड़ी नई चिंगारी**

## हर मंदिर के नीचे बौद्ध मठ है...सपा सांसद बोले- गड़े मुर्दे मत उखाड़ो

एजेंसी ⏭ आगरा

सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि हमने तीन सेनाएं सुनी थीं, अब चौथी सेना पैदा हो गई। चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। करणी सेना के जो रणबांकुरे हैं, उन्हें हिंदुस्तान की सरहद पर जाना चाहिए। चीन से हमें बचाना चाहिए। नहीं तो तुमसे ज्यादा नकली कोई नहीं। उन्होंने करणी सेना का नाम लिए बिना कहा कि 19 अप्रैल को अखिलेश आ रहे हैं। मैदान तैयार है, हो जाएं दो-दो हाथ।

■ हमारी लड़ाई उनसे है जो मुसलमानों को बाबर की औलाद कहते हैं



इस दौरान उन्होंने कहा कि मोहल्ले में प्रचार कर देना, बड़ा खतरनाक मामला है। यदि तुम ये कहोगे कि हर मस्जिद के नीचे एक मंदिर है, तो हमें ये कहना पड़ेगा कि हर मंदिर के नीचे एक बौद्ध मठ है। गड़े मुर्दे मत उखाड़ो और यदि उखाड़ोगे तो भारी पड़ जाएगा।

**लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के विशेषज्ञों की खोज**

# ब्लड टेस्ट से जान सकेंगे हार्ट अटैक का खतरा है या नहीं?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

काम की खबर

ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर की निगरानी के माध्यम से आप हृदय संबंधित जटिलताओं का आकलन कर सकते हैं। इसके अलावा लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन (एलएसएचटीएम) के विशेषज्ञों ने एक ऐसे ब्लड टेस्ट की जानकारी दी है जिसके माध्यम से भी पता लगाया जा सकता है कि भविष्य में आपको हार्ट अटैक या स्ट्रोक का खतरा तो नहीं है? विशेषज्ञों ने बताया कि खून में ट्रोपोनिन नाम का एक प्रोटीन पाया जाता है जिसकी मदद से ये जाना जा सकता है कि आपको हार्ट अटैक और स्ट्रोक तो नहीं होगा। सबसे खास बात ये टेस्ट काफी किफायती भी है।

### खून में ट्रोपोनिन नाम का एक प्रोटीन पाया जाता है जिसकी मदद से ये जाना जा सकता है कि आपको हार्ट अटैक और स्ट्रोक तो नहीं होगा



### 565 रुपए कीमत में टेस्ट

ट्रोपोनिन हृदय की मांसपेशियों की कोशिकाओं में पाया जाता है और जब हृदय में कोई समस्या होती है या ये क्षतिग्रस्त होने लगता है तो इस प्रोटीन की मात्रा खून में बढ़ने लग जाती है। वर्तमान में कई अस्पतालों में दिल के दौरे का पता लगाने कि लिए हाई सेंसिटिविटी ट्रोपोनिन ब्लड टेस्ट किया जाता रहा है। एलएसएचटीएम द्वारा किए गए इस अध्ययन में शोधकर्ताओ ने बताया कि नियमित रूप से इन परीक्षणों के उपयोग से उन लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है, जिनमें हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम अधिक हो सकता है।

### *अध्ययन में क्या पता चला?*

*जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के लिए टीम ने यूरोप-उत्तरी अमेरिका में किए गए 62,000 से अधिक लोगों पर किए गए 15 से अधिक अध्ययनों का विश्लेषण किया। इसमें प्रत्येक व्यक्ति के ट्रोपोनिन लेवल के साथ पारंपरिक जोखिम कारक जैसे आयु, रक्तचाप, मधुमेह का इतिहास, धूम्रपान की स्थिति और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी मापा गया। इसके बाद प्रतिभागियों पर लगभग 10 वर्षों तक नजर रखी गई ताकि यह देखा जा सके कि उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक तो नहीं पड़ा।*




## दिल्ली में की मुलाकात, बिहार की सियासत पर की चर्चा

# राहुल ने नहीं मानी तेजस्वी की बात, सीएम फेस पर अभी 'संदेह'

### कांग्रेस बिहार में 70 से कम सीट स्वीकार नहीं करेगी

### स्पष्ट कर दिया है कि सीएम फेस चुनाव बाद तय होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव को दिल्ली बुलाकर कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि वह बिहार में 'अगवा' की भूमिका में रहेगी। महागठबंधन की पटना में होने वाली बैठक के पहले मंगलवार को राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की मुलाकात हुई। अब बदली कार्यशैली से कांग्रेस, आरजेडी से अपने 'दबाव' पर मोलभाव करती दिखाई दे रही है। पटना की बैठक में आने के पहले कांग्रेस ने आरजेडी के साथ कुछ बातें साफ कर ली है। कांग्रेस बिहार में 70 से कम सीट स्वीकार नहीं करेगी और जिताऊ सीटों का चुनाव करेगी। कृष्णा अलवरु हों या सचिन पायलट सबने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि सीएम फेस चुनाव बाद तय होगा। आरजेडी नेता बैठक के पहले तक तेजस्वी को ही बिना किसी कन्फ्यूजन के सीएम फेस घोषित कर रहे थे लेकिन बैठक के बाद खुद तेजस्वी ही कन्फ्यूज दिखे।

लालू के जमाने की अब बदली कार्यशैली

आरजेडी तेजस्वी को मान रही थी सीएम चेहरा



#### सीएम फेस के लिए मीडिया चिंता न करे : तेजस्वी

*राहुल के साथ घंटे भर की बैठक के बाद तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि सीएम फेस के लिए मीडिया को चिंता करने की जरूरत नहीं है। चुनाव के पहले होगा या बाद में होगा, बता दिया जाएगा।*

#### बिहार में बदलाव निश्चितः खरगे

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस बार बिहार में बदलाव निश्चित है। हमने तेजस्वी से मुलाक़ात कर महागठबंधन की मजबूती पर चर्चा की। आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। भाजपा और उसके अवसरवादी ठगबंधन से बिहार को मुक्ति मिलेगी। युवा, किसान-मज़दूर, महिलाएं, समाज के पिछड़े, अति पिछड़े व अन्य सभी वर्ग के लोग महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।

#### कांग्रेस ने तेजस्वी को वेटिंग लिस्ट में डाल दियाः एनडीए

*भाजपा ने इस बैठक पर तंज करते हुए कहा है कि कुर्सी के लिए यह सारी सियासी नौटंकी हो रही है। कुर्सी के मोह में सत्ता के लालच में ये लोग कितनी भी सियासी नौटंकी कर लें, इनका नेतृत्व और दिशा तय नहीं होने वाला। जेडीयू ने कहा है कि तेजस्वी का नेतृत्व अगर कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टी स्वीकार करती है तो ये कांग्रेस की दुर्गति है। बैठक पर चुटकी लेते हुए कहा है कि कांग्रेस ने तेजस्वी को वेटिंग लिस्ट में डाल दिया।*

#### मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? टाल

*दिल्ली में बैठक के पहले आरजेडी ने साफ कर दिया था कि बिहार में तेजस्वी यादव ही मुख्यमंत्री पद के चेहरा हैं। किसी को कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। आरजेडी ने बैठक के पहले कहा कि बिहार की जनता ने तेजस्वी को ही मुख्यमंत्री मान लिया है। महागठबंधन में मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा? इस सवाल पर तेजस्वी ने कुछ नहीं कहा।*

#### अब केवल व्यापक परिवर्तन की बात होगी

*आरजेडी ने कहा कि आज नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, केसी वेणूगोपाल जी, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ मुलाकात में महागठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की।*

## राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

# ई-मेल मिलने के बाद व्यापक सर्च अभियान चलाया, एफआईआर दर्ज



एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी का ईमेल मिलने के बाद मामले में मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई है। रविवार को भेजे गए ईमेल में मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने के साथ ही सुरक्षा बढ़ाने की हिदायत दी गई थी। ईमेल मिलने के बाद व्यापक सर्च अभियान चलाया गया था और सतर्कता बढ़ा दी गई थी। हालांकि, सर्च अभियान में कुछ भी नहीं मिला था फिर भी मामले को गंभीरता से लेते हुए राम जन्मभूमि ट्रस्ट कार्यालय के अकाउंट ऑफिसर महेश कुमार ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। अयोध्या में हर रोज देश भर से हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है।

#### अन्य जिलाधिकारियों को भी दी धमकी

अयोध्या के साथ-साथ बाराबंकी चंदौली समेत कई अन्य जिलों के जिलाधिकारियों को भी धमकी भरा मेल आया है। बाराबंकी, फिरोजाबाद और चंदौली के जिलाधिकारी को बम से उड़ाने की धमकी का मेल आया है। बताया जा रहा है कि यह मेल तमिलनाडु से किए गए हैं। वहीं अन्य जिलों की बात करें तो कम से कम 10-15 जिलों के डीएम के आधिकारिक सूचना तंत्र पर धमकी भरा ई-मेल आया। बाराबंकी डीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी निकला। पुलिस और बम स्क्वॉड ने की गहन छानबीन की।

#### अलीगढ़ डीएम को भी आया मेल, जांच की

अलीगढ़ कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। डीएम की ऑफिशियल ईमेल पर धमकी दी गई है। धमकी के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। कलेक्ट्रेट पर पुलिस बल डॉग स्क्वॉड व अन्य उपकरणों के साथ जांच कर रहा है। परिसर को खाली कराया गया है। परिसर के सभी गेट बंद करा दिए गए। 4 टीम पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गईं। डॉग स्क्वॉड सहित अन्य टीमों को लगाया गया है। सभी विभागों को बंद कराया गया है।

### बस-ऑटो में टक्कर 5 लोगों की मौत



**बहराइच।** यूपी के बहराइच में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के 5लोगों की मौत हो गई। 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे अफरातफरी मच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसा गोंडा-बहराइच मार्ग पर खूंटेहना चौकी के काटिलिया के पास हुआ।

### कानपुर में 2 महिलाओं समेत 3 नहीं रहे



**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें तेज रफ्तार कार और बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 2महिलाओं की मौत हो गई। 3 घायलों को भर्ती कराया गया। सुबह करीब साढ़े सात बजे नारामऊ में जीटी रोड हाईवे कट पर बस और टाटा जेस्ट कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।

### पूर्व मंत्री खाचरियावास के घर पर ईडी की रेड



**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में हड़कंप मचाते हुए ईडी ने मंगलवार सुबह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के जयपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई बहुचर्चित 2850 करोड़ के पीएसीएल घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है। उन पर आरोप है कि घोटाले की रकम में से करीब 30 करोड़ नके पास पहुंची थी।

### सलमान को धमकी देने वाला मानसिक रोगी



**नई दिल्ली।** सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात के वडोदरा जिले के वाघोडिया तालुका का निवासी निकला है। वह मानसिक रोगी है और उसे पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने उस शख्स को वडोदरा से खोज निकाला है। उसका का नाम मयंक पांड्या है।

### समय और इलाहाबादिया ने दर्ज कराए बयान



**मुंबई।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना मंगलवार को 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस के सामने पेश हुए। दोनों पूछताछ के सिलसिले में पहुंचे। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इलाहाबादिया और रैना के खिलाफ तीन समन जारी कर उन्हें मुंबई में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा था।



जबलपुर
बुधवार, 16 अप्रैल 2025
■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष-4
■ वर्ष : 19, अंक : 339
■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

ऑनलाइन पंजीयन कराना पसंद कर रहे श्रद्धालु



प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के लिए 150 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया

# अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर में 533 बैंक शाखाओं में शुरू हो गई पंजीकरण की प्रक्रिया

## इस साल 3 जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमरनाथ यात्रा 2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई है। देशभर के 533 बैंक शाखाओं में लोग बड़ी संख्या में पंजीकरण कराने पहुंच रहे हैं। इन शाखाओं में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), जे एंड के बैंक और यस बैंक शामिल हैं। अकेले पीएनबी की 309 शाखाओं में पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। पंजीकरण के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी और श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त डॉक्टर या अस्पताल से जारी स्वास्थ्य प्रमाणपत्र अनिवार्य है। प्रत्येक रजिस्ट्रेशन के लिए 150 रुपए शुल्क निर्धारित किया गया है। यात्रा की तारीख से आठ दिन पहले तक उस दिन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। हर दिन के लिए यात्रियों की संख्या सीमित रखी गई है, तय संख्या पूरी होने के बाद उस दिन का पंजीकरण बंद कर दिया जाएगा।



फाइल फोटो

### 3 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को यात्रा की अनुमति नहीं

*गौरतलब है कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त, रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगी। यह यात्रा दो मार्गों से होगी-पहलगाम (अनंतनाग जिला) और बालटाल (गांदरबल जिला)। यात्रा से जुड़े कुछ नियम भी तय किए गए हैं। 13 वर्ष से कम और 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को यात्रा की अनुमति नहीं होगी, भले ही उनके पास अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र हो। इसी तरह गर्भवती महिलाओं को भी यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी। गौर हो कि यात्रा की तिथियों की घोषणा जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 5 मार्च को श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की 48वीं बैठक में की थी।*

## भोपाल में पहले दिन ही करीब 6000 रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल के तीन बैंकों एवं प्रदेश में 31 बैंकों की शाखाओं में 15 अप्रैल से यात्रा के लिए जम्मू एंड कश्मीर बैंक की टीटी नगर शाखा में रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो गए।

इस बार रजिस्ट्रेशन शुल्क 150 रुपए कर दिया गया है। बैंक शाखा में पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और रजिस्ट्रेशन फॉर्म लिए। जिन लोगों ने पहले से मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लिए थे, उन्होंने पहले ही दिन फॉर्म जमा कर रजिस्ट्रेशन कार्ड भी ले लिया। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि पहले दिन करीब 490 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराए हैं। तो वहीं ऑनलाइन 5500 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराए हैं। कतार में लगने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पहचान पत्र बताने पर एक ही फॉर्म दिया जा रहा है। इसी तरह समूह बनाकर अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले व्यक्तियों को भी अधिकृत पहचान पत्र दिखाने पर पंजीयन फॉर्म दिए जा रहे हैं।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सतना में लगे इजराइली उत्पाद बहिष्कार के स्टिकर




**सतना।** नजीराबाद में मंगलवार सुबह इजरायली उत्पादों के बहिष्कार के स्टिकर देखे गए। जिन घरों और दुकानों पर ये स्टिकर लगाए गए, वहां के लोग भी इस कार्रवाई से हैरान हैं। एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया ने बताया कि स्टिकर लगाने का मकसद क्या है, इसकी जांच की जा रही है। जिला प्रशासन ने दोपहर तक सभी विवादित स्टिकर हटवा दिए हैं।

### नेता ने की दूसरी शादी जनसुनवाई में शिकायत



**बड़वानी।** जिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. रैलास सेनानी की पत्नी डॉ. प्रियंका पटेल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई है। प्रियंका ने बताया कि उनकी शादी 2013 को हुई थी। पति ने बिना तलाक दिए दूसरी शादी कर ली। साढ़े 5 साल के बेटे बेसहारा छोड़ दिया है।

### बाजार में तेजी, सेंसेक्स 1500 अंकों से पार



**मुंबई।** शेयर मार्केट में मंगलवार को तूफानी तेजी देखने को मिली। निफ्टी 50 इंडेक्स 500 अंकों या 2.19 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी के साथ 23,328.55 के लेवल पर बंद हुआ, जबकि सेंसेक्स 1,577.63 अंक या 2.09% उछाल के साथ 76,734.89 के लेवल पर क्लोजिंग दी। नई टैरिफ पॉलिसी पर 90 दिनों तक रोक लगाने के बाद दर्ज की गई है।

### बच्चों की तस्करी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त: यूपी सरकार और इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार

अदालत ने बच्चों की तस्करी को रोकने और बाल तस्करी अपराधों से जुड़े मामलों से निपटने के लिए राज्य सरकारों के लिए व्यापक दिशा-निर्देश निर्धारित किए

# नवजात की 'चोरी' पर रद्द हो अस्पताल का लाइसेंस

- सुप्रीम कोर्ट ने तस्करी करके लाए गए बच्चे को उत्तर प्रदेश के दंपती को सौंपने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बच्चों की तस्करी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। अदालत ने बाल तस्करी के मामलों से निपटने के तरीके को लेकर यूपी सरकार और इलाहाबाद हाईकोर्ट को फटकार लगाई है। अदालत ने बच्चों की तस्करी को रोकने और बाल तस्करी अपराधों से जुड़े मामलों से निपटने के लिए राज्य सरकारों के लिए व्यापक दिशा-निर्देश निर्धारित किए।

कोर्ट ने कहा कि अगर कोई नवजात शिशु चोरी होता है तो अस्पतालों का लाइसेंस रद्द कर दिया जाना चाहिए। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सभी राज्य सरकारें हमारी विस्तृत सिफारिशों पर गौर करें और भारतीय संस्थान द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करें तथा उसे जल्द से जल्द लागू करें। न्यायालय ने निर्देश दिया कि सभी आरोपी आत्मसमर्पण करेंगे और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा और यह अनिवार्य किया कि आरोप तय होने के एक हफ्ते के अंदर आरोप तय किए जाएं। कोर्ट ने आगे कहा, हाई कोर्ट को कम से कम ऐसी शर्तें लगानी चाहिए थीं, जिनमें आरोपियों को स्थानीय पुलिस स्टेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती। हाई कोर्ट ने जमानत आवेदनों को लापरवाही से निपटाया और इसके कारण कई आरोपी फरार हो गए।

**सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाई कोर्ट को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमों की स्थिति जानने का निर्देश दिया**



### पीठ ने कहा

- सभी राज्य सरकारें हमारी विस्तृत सिफारिशों पर गौर करें और भारतीय संस्थान द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करें तथा उसे जल्द से जल्द लागू करें।
- हम पूरी तरह से निराश हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कैसे संभाला और कोई अपील क्यों नहीं की गई। कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई

### कोई अपील क्यों नहीं की?

अदालत ने आगे कहा कि हम पूरी तरह से निराश हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले को कैसे संभाला और कोई अपील क्यों नहीं की गई। कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। यदि कोई महिला अस्पताल में बच्चे को जन्म देने आती है और बच्चा चोरी हो जाता है, तो पहला कदम लाइसेंस निलंबित करना होना चाहिए। पीठ ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा तथा इसे न्यायालय की अवमानना माना जाएगा।

### समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा होगा

*सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के हाई कोर्ट को बाल तस्करी के मामलों में लंबित मुकदमों की स्थिति जानने का निर्देश दिया है। इसके बाद 6 महीने में मुकदमे को पूरा करने और दिन प्रतिदिन सुनवाई करने का निर्देश दिया जाएगा। गौर हो कि कोर्ट ने यह आदेश उस मामले की सुनवाई के दौरान दिया जिसमें तस्करी करके लाए गए एक बच्चे को उत्तर प्रदेश के एक दंपति को सौंप दिया गया था, जो बेटा चाहते थे। पीठ ने कहा कि आरोपी दंपती बेटा चाहते थे और उन्होंने चार लाख रुपए में बच्चा खरीद लिया। जबकि वे जानते थे कि बच्चा चोरी करके लाया गया है। हाईकोर्ट ने भी जमानत आवेदनों पर संवेदनहीनता से कार्रवाई की। इसके चलते आरोपी फरार हो गए। कोर्ट ने कहा कि ऐसे आरोपी समाज के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।*

*देवास माता टेकरी पर पुजारी से अभद्रता का मामला*




## रुद्राक्ष समेत 9 पर मामला दर्ज, पुजारी पलटे- विधायक पुत्र से लेना देना नहीं

**इंदौर विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र अपने साथियों के साथ पहुंचे कोतवाली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

पुजारी के साथ अभद्रता करने के मामले में मंगलवार को भाजपा विधायक गोलू शुक्ला के पुत्र रुद्राक्ष शुक्ला अपने तीन अन्य साथियों के साथ कोतवाली थाने पहुंचे। बीते शुक्रवार रात 12 बजे बाद रुद्राक्ष व उसके साथियों ने माता टेकरी पर पहुंचकर पुजारियों पर मंदिर के पट खोलने का दबाव बनाया था। उक्त मामले में अब तक विधायक पुत्र समेत 9 पर केस दर्ज किया जा चुका है। शनिवार को कोतवाली थाने पर आवेदन देने के बाद पुजारी परिवार ने विधायक पुत्र के नाम का जिक्र कर मारपीट के आरोप लगाए थे। लेकिन, अब उन्होंने कहा है कि मामले से विधायक पुत्र का लेना-देना नहीं है।



**अब तक इन लोगों पर एफआईआर**

*उधर, पुलिस ने सोमवार देर रात रुद्राक्ष समेत 9 आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया। इनमें इंदौर के अमन शुक्ला, हनी, उज्जैन के लोकेश चंदवानी, मनीष तेजवानी, अनिरुद्ध सिंह पंवार, देवास के जीतू रघुवंशी, सचिन और प्रशांत के नाम शामिल हैं। 4 वाहन जब्त किए हैं। एसपी पुनीत गेहलोत ने कहा कि जांच में सामने आया कि शुक्रवार रात गाड़ियों का काफिला लेकर रुद्राक्ष शहर में घूमा था। इनमें से 6 गाड़ियां टेकरी पर गई थीं। इन्हें ट्रेस कर केस दर्ज किया है। एक गाड़ी नीचे थी, उस पर भी केस दर्ज किया है। चार को जब्त कर लिया है। वीडियो में रुद्राक्ष की गाड़ी टेकरी पर जाती दिख रही है।*

### साढ़े 12 लाख में हुई थी बुकिंग

## बेटे का सपना हुआ पूरा, दुल्हन लेने हेलीकॉप्टर से पहुंचा दूल्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

जिले के घट्टिया क्षेत्र के गांव चौंसला में बोरिंग और प्रॉपर्टी का व्यवसाय करने वाले जितेन्द्र सिंह गोहिल के बेटे कप्तान सिंह का सपना था कि वह हेलीकॉप्टर से बारात ले जाए। जितेन्द्र ने बेटे का सपना पूरा किया है।

चौंसला गांव से एक दूल्हा हेलीकॉप्टर से इंगोरिया गांव में पहुंचा। दोनों गांव में हेलीकॉप्टर से आई बारात देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। दोनों गांव में हेलीपैड बनाए गए। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हेलीकॉप्टर लैंड हुआ। हेलीकॉप्टर बुकिंग में 12.50 लाख रुपए खर्च किए गए। कप्तान सिंह की शादी इंगोरिया की रहने वाली लक्ष्मी कुंवर से तय हुई थी। बारात सोमवार को जानी थी। हलीकॉप्टर के लिए अहमदाबाद की एसके कंपनी से संपर्क किया।



### गडकरी का ऐलान- 15 दिनों में नई टोल नीति भी

## मुंबई-गोवा के बीच हाईवे जून तक हो जाएगा पूरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- सैटेलाइट ट्रैकिंग और गाड़ी के नंबर प्लेट की पहचान

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि मुंबई-गोवा हाईवे का निर्माण कार्य जून तक पूरा हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं अभी ज्यादा नहीं कहूंगा, लेकिन अगले 15 दिनों में नई टोल नीति का ऐलान होगा और उसके बाद किसी को टोल को लेकर कोई शिकायत नहीं रहेगी। गडकरी ने दोहराया कि जल्द ही पूरे देश से फिजिकल टोल बूथ हटाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार एक नई टोल नीति पर काम कर रही है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा।



### जयपुर की कंपनी, एक करोड़ रुपए की की थी ठगी

## ज्वेलरी कंपनी के सीईओ को तीन साल की सजा, 3 करोड़ जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

- 675 निवेशकों से सोना बुकिंग के नाम निवेश कराई राशि

जिले की नसरुल्लागंज कोर्ट ने ईव मिरेकल ज्वेलर्स लिमिटेड कंपनी जयपुर के संचालक द्वारा 607 लोगों से 1 करोड़ 13 लाख 63 हजार 961 रुपए की ठगी करने वाले कंपनी के सीईओ को 3 साल का सश्रम कारावास एवं 3 करोड़ 9 लाख 75 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश तहसील नसरुल्लागंज ऊषा तिवारी ने मंगलवार को सुनाया। विशेष लोक अभियोजक शिरीष उपासनी ने बताया कि फरियादी कैलाश नारायण जाट ने 20 फरवरी 2012 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया था कि वह ग्राम रिछारिया का निवासी है। ईव मिरेकल ज्वेल्स लिमिटेड 112 बी वृंदावन विहार किंग्स रोड निर्माण नगर अजमेर रोड जयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवराज शर्मा पिता राधेश्याम, संचालक हरीश शर्मा दोनों निवासी जयपुर ईव मिरेकल ज्वेल्स लिमिटेड कंपनी का संचालन करते हैं।



### पूर्व सीएम ने बाबा रामदेव के खिलाफ खोला मोर्चा

आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज करने की मांग की

## रूह अफजा शरबत को हिंदू मुस्लिम विवाद में डाल दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व सीएम और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भोपाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बाबा रामदेव के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा ने अपने गुलाब शरबत को बेचने के लिए रूह अफजा शरबत को हिंदू मुस्लिम विवाद में डाल दिया और मोहब्बत के शरबत को शरबत जिहाद का नाम दे दिया। दिग्विजय ने टीटी नगर थाने पहुंचकर रामदेव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 196 (1) (क), 299 एवं आईटी एक्ट की धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करने की मांग की है। आरोप लगाया है कि बाबा ने पतंजलि के गुलाब शरबत की मार्केटिंग की। शरबत के नाम पर एक कंपनी है जो शरबत देती है लेकिन वह शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिद बनवाती है।



**मामले की जांच कर रहे**

इस संबंध में एडीसीपी रश्मि अग्रवाल दुबे का कहना है कि योग गुरू बाबा रामदेव के खिलाफ दिग्विजय सिंह ने एफआईआर के लिए एक शिकायती आवेदन दिया है। मामले की जांच की जा रही है जो तथ्य आएंगे उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

### पीड़ित एयर होस्टेस के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज

पुलिस ने एफआईआर दर्ज की अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही

## अस्पताल में एयर होस्टेस वेंटिलेटर पर थी और आरोपी करता रहा छेड़छाड़...नर्सें देखतीं रहीं

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

हरियाणा में गुरुग्राम के एक बड़े प्राइवेट हॉस्पिटल में एयर होस्टेस के प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ कर उसका यौन उत्पीड़न किया गया। जिस वक्त ये घटना हुई, एयर होस्टेस वेंटिलेटर पर थी।

इस वजह से वह कुछ नहीं बोल सकी। जिस वक्त अस्पताल का मेल स्टाफ उससे छेड़छाड़ कर रहा था, वहां पर 2 नर्स भी खड़ी थीं, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। एयर होस्टेस ने पति को बताया तो उन्होंने अस्पताल बदल लिया। इसके बाद लीगल एडवाइजर के साथ पुलिस के पास पहुंचकर उसने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। एयर होस्टेस गुरुग्राम में ट्रेनिंग लेने आई थी। जहां वह एक होटल में ठहरी थी। यहां स्वीमिंग पूल में उसकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुग्राम पुलिस के प्रवक्ता ने कहा कि पीड़ित एयर होस्टेस के मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कर लिए गए हैं।



### फाइव स्टार होटल में पानी में डूबने से तबीयत बिगड़ी

*एयर होस्टेस (46) ने बताया कि वह एक प्रतिष्ठित एयरलाइंस कंपनी में काम कर रही है। अपनी एयरलाइन कंपनी की तरफ से गुरुग्राम में ट्रेनिंग लेने आई थी। यहां वह एक फाइव स्टार होटल में रुकी। इस दौरान पानी में डूबने से उसकी तबीयत खराब हो गई। उसे एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। एयर होस्टेस ने आगे बताया- 5 अप्रैल को उसे गुरुग्राम में ही एक बड़े अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करा दिया गया। उसकी हालत को देखते हुए अस्पताल में उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। 6 अप्रैल को अस्पताल के ही एक मेल स्टाफ ने उससे छेड़छाड़ की। एयर होस्टेस ने कहा- 13 अप्रैल को उसने यौन उत्पीड़न के बारे में पति को बताया। पति ने उसे दूसरे अस्पताल में भर्ती कर दिया। फिर उन्होंने अपने लीगल एडवाइजर को बुलाया। एडवाइजर से सलाह के बाद उनके पति ने डायल 112 की टीम को सूचना दी। इसके बाद थाना सदर पहुंचकर लीगल एडवाइजर के सामने पुलिस को शिकायत दी।*

*राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है।*

## पहले कार्यकारी आदेश पर अमल की तैयारी

# दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगा सकते हैं ट्रंप 20 अप्रैल को हो सकती है अमेरिकी सेना तैनात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण को 20 अप्रैल को 90 दिन पूरे होने वाले हैं। इसके साथ ही ट्रंप के पहले कार्यकारी आदेश पर अमल करने की तैयारी शुरू हो गई है। दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लागू करने के कार्यकारी आदेश को भी 20 अप्रैल को लागू किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि ट्रंप आदेश के तहत सेना की तैनाती कर सकते हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ट्रंप ने अमेरिका की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे।



इसके तहत सभी अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। इस कार्यकारी आदेश के जरिए अब अमेरिका दक्षिणी सीमा पर अवैध घुसपैठ रोकने के लिए सेना भेज सकता है। इस आदेश में प्रावधान था कि घोषणा की तिथि से 90 दिनों के भीतर, रक्षा सचिव और गृह सुरक्षा सचिव संयुक्त राज्य अमेरिका की दक्षिणी सीमा की स्थितियों के बारे में राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके तहत 1807 के विद्रोह अधिनियम को भी लागू किया जा सकता है। हालांकि, अब तक रक्षा सचिव और होमलैंड सुरक्षा सचिव ने अमेरिकी राष्ट्रपति को अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

*अवैध तरह की एंट्री पूरी तरह बंद हो जाएंगी, 1807 का विद्रोह अधिनियम भी लागू हो सकता है*

### मैक्सिको सीमा के पास सेना का होगा नियंत्रण

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैक्सिको सीमा के पास की जमीन को सेना के नियंत्रण में देने का आदेश दिया है। यह जमीन अब रक्षा मंत्रालय के अधीन होगी और इसे आर्मी बेस का हिस्सा माना जाएगा। इस कदम से सेना को अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने का अधिकार मिलेगा। इस जमीन को रूजवेल्ट रिजर्वेशन कहा जाता है। यह साठ फीट चौड़ी सरकारी जमीन है, जो न्यू मैक्सिको से लेकर कैलिफोर्निया तक फैली है। हालांकि, जहां यह जमीन किसी निजी भूमि से मिलती है, वहां यह लागू नहीं होगी। यह जमीन गृह मंत्रालय के अधीन थी। लेकिन अब ट्रंप के आदेश से इसे रक्षा मंत्रालय को सौंपा गया है। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि अगर कोई जमीन सेना के बेस का हिस्सा बना दी जाए, तो सेना वहां सुरक्षा का काम कर सकती है।*

### हार्वर्ड विवि के अनुदान पर रोक

ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय को दिए जाने वाले 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अनुदान और अनुबंधों पर रोक लगा दी है। विवि ने कहा कि वह परिसर में ट्रंप प्रशासन की मांगों का अनुपालन नहीं करेगा। ट्रंप प्रशासन ने विवि को पत्र लिखकर व्यापक सरकारी और नेतृत्व सुधारों का आह्वान किया। इसके तहत हार्वर्ड को योग्यता-आधारित प्रवेश और नियुक्ति नीतियां स्थापित करनी होंगी। साथ ही विविधता के बारे में उनके विचारों पर अध्ययन निकाय, संकाय और नेतृत्व का ऑडिट भी करना होगा। हार्वर्ड के अध्यक्ष एलन गार्बर ने कहा कि ये मांगें विवि के प्रथम संशोधन अधिकारों का उल्लंघन करती हैं और सरकार के अधिकार की वैधानिक सीमाओं का उल्लंघन करती हैं।

### सेना को विद्रोह या हिंसा दबाने का अधिकार

अमेरिका के 1807 के विद्रोह अधिनियम के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति कुछ स्थितियों और परिस्थितियों में कानून को लागू करने के लिए सेना और यूएस नेशनल गार्ड की तैनाती की अनुमति दे सकते हैं। यह सेना को किसी भी विद्रोह, बगावत या हिंसा या प्रतिरोध के किसी भी कृत्य को पूरी तरह से दबाने का अधिकार देता है। यह पूरी शक्ति देता है कि यूएस के भीतर अमेरिकी सैनिकों को कब, कहां और कैसे तैनात किया जाए।

### विदेश विभाग का बजट आधा करने का प्रस्ताव

व्हाइट हाउस के प्रबंधन और बजट कार्यालय (ओएमबी) ने विदेश विभाग के बजट में लगभग 50 फीसदी की कटौती करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा, कई राजनयिक मिशनों को बंद करने, राजयनिक कर्मचारियों की संख्या घटाने और संयुक्त राष्ट्र, नाटो सहित लगभग सभी अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लिए फंडिंग बंद करने का प्रस्ताव दिया गया है। एक अधिकारी के अनुसार, यह प्रस्ताव पिछले सप्ताह विदेश विभाग के सामने पेश किया गया था। हालांकि, यह अभी प्रारंभिक चरण में है। इसे पहले विदेश विभाग और फिर कांग्रेस के पास भेजा जाएगा। आगामी महीनों में सांसदों को संघीय बजट पर मतदान करने के लिए कहा जाएगा, जहां इसे बदला या पूरी तरह से खारिज भी किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेशी अभिनेत्री मेघना आलम गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेशी मॉडल और अभिनेत्री मेघना आलम को गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी 9 अप्रैल को हुई। उन पर देश को खतरे में डालने का आरोप है। उन्हें देश के स्पेशल पावर एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। उन्हें सऊदी अरब के साथ बांग्लादेश के संबंधों को खराब करने की कथित कोशिश के लिए जेल भेजा गया है। वे 2020 में मिस अर्थ बांग्लादेश का खिताब जीत चुकी हैं। पुलिस ने बीते बुधवार देर रात मेघना के घर छापा मारा।

### कैटी अंतरिक्ष से पृथ्वी को देख हुई मंत्रमुग्ध!



**वॉशिंगटन।** पॉप आइकन कैटी पेरी ने 21वीं सदी की पहली महिला उड़ान में सवार होकर अंतरिक्ष से पृथ्वी का सुंदर नजारा देखने के बाद लुई आर्मस्ट्रांग का क्लासिक गीत 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाया। उन्होंने 14 अप्रैल को अंतरिक्ष की अपनी संक्षिप्त यात्रा के बाद अपनी पहली पोस्ट साझा की। उन्होंने उस खूबसूरत पल को याद करते हुए बताया कि पेरी का गाना 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' उनकी यात्रा के दौरान एक खास पल था जिसे वो कभी नहीं भूल सकते हैं।

### हमले में 40 की मौत जांच के आदेश जारी



**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टिनुबु ने सोमवार को जानकारी दी कि मुसलमान बंदूकधारियों ने देश के उत्तर-मध्य हिस्से में एक ईसाई कृषक (किसान) समुदाय पर हमला किया, जिसमें चालीस लोग मारे गए। यह नाइजीरियों में बढ़ती हुई हिंसा की लहर में नया मामला है। राष्ट्रपति ने रविवार की रात जीके समुदाय पर हुए हमले की जांच का आदेश दिया और पीड़ितों व उनके परिवारों के प्रति अपनी संवेदना जताई।

## भारत और तंजानिया की द्विपक्षीय चर्चा

# हिंद महासागर क्षेत्र की शांति पर दोनों मिलकर करेंगे काम



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और तंजानिया ने रक्षा क्षेत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय चर्चा की है। इस दौरान दोनो देशों ने आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता के लिए हिंद महासागर क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के महत्व पर बातचीत की और साथ में काम करने पर प्रतिबद्धता जताई। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सोमवार को तंजानिया की रक्षा मंत्री के साथ यह अहम मुलाकात की है। बता दें, यह बातचीत ऐसे समय पर हुई है जब पहली बार भारतीय नौसेना, अफ्रीका के दस देशों के साथ 'एइकीमी' नामक साझा नौसैनिक समुद्री अभ्यास कर रही है। तंजानिया में आयोजित यह नौसेनिक अभ्यास रणनीतिक तौर पर बेहद अहम है। यही कारण है कि भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी भी तंजानिया में मौजूद है।

### डिफेंस एक्सपो में भारत की तारीफ

तंजानिया में आयोजित मिनी डिफेंस एक्सपो में भारतीय उद्योगों को जमकर सराहा गया है। इन उद्योगों में आइडियाफोर्ज, जेन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और अन्य ने खासतौर पर हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, अफ्रीका-इंडिया मैरिटाइम एंगेजमेंट समुद्री प्रगति-सुरक्षा के लिए एक बहुपक्षीय अभ्यास है जो भारत, कोमोरोस, जिबूती, केन्या, मेडागास्कर, मॉरीशस, मोजाम्बिक, सेशेल्स व दक्षिण अफ्रीका को साथ लाता है। सेठ ने भारतीय समुदाय के कई लोगों से मुलाकात की जो दशकों से तंजानिया में रह रहे हैं। तंजानिया में कमल ग्रुप के प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने कहा, उनका समूह पिछले 20 वर्षों से तंजानिया में विभिन्न क्षेत्रों में अपना कारोबार चला रहा है।

### रक्षा सहयोग को बढ़ाएंगे

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि भारत और तंजानिया आपसी रक्षा सहयोग को भविष्य में और आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों देशों का उद्देश्य आपसी संबंधों को मजबूत करना है। इसके लिए नए रास्ते तलाशने और आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता के लिए हिंद महासागर क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के महत्व पर भी बातचीत हुई। रक्षा राज्य मंत्री तंजानिया के दार एस सलाम में एइकीमी के उद्घाटन समारोह में शामिल भी हुए थे।

## संयुक्त राष्ट्र में डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर राज्य मंत्री अठावले बोले

# बाबा साहेब के विचार भारतीय सीमाओं से परे भी गूंजते, उनका जीवन मानवता के लिए प्रेरणास्रोत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समानता, प्रतिनिधित्व और मानवाधिकार के जिन सिद्धांतों के लिए लड़ाई लड़ी, वह आज 2030 के सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामूहिक प्रयासों में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है।

**डॉ. आंबेडकर ने वैश्विक मानवाधिकार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई**

वह संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन केवल भारत के लिए नहीं, संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न की सीमाओं को पार करते हुए वैश्विक मानवाधिकार आंदोलन में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक अध्याय मात्र नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। वे जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न द्वारा लगाए गए हर अवरोध को पार कर समानता, सम्मान और लोकतंत्र के लिए एक वैश्विक वकील बने।

केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि डॉ. आंबेडकर का जीवन भारतीय इतिहास का एक अध्याय मात्र नहीं है। यह पूरी मानवता के लिए एक प्रकाश स्तंभ है। वे जाति, गरीबी और औपनिवेशिक उत्पीड़न द्वारा लगाए गए हर अवरोध को पार कर समानता, सम्मान और लोकतंत्र के लिए एक वैश्विक वकील बने





### जमीनी स्तर पर कई योजनाएं चला रहे

अठावले ने कहा कि मंत्रालय डॉ. आंबेडकर की विरासत को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए कई योजनाएं चला रहा है जिनमें अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए 'नेशनल ओवरसीज स्कॉलरशिप', 'पीएम-दक्ष योजना' और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए 'स्माइल स्कीम' शामिल हैं। यह कार्यक्रम भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित किया गया जिसमें भारतीय प्रवासी, संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी और नागरिक समाज के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम से पहले, अठावले ने कोलंबिया विश्वविद्यालय के लेहमैन लाइब्रेरी में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि इसे ज्ञान के प्रतीक के रूप में स्थापित किया गया है।

### लोकतंत्र को जीवनशैली मानते थे



*संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने कहा कि डॉ. आंबेडकर लोकतंत्र को जीवनशैली मानते थे और संविधान की नैतिकता को लागू करने के लिए संस्थागत ढांचे को माध्यम मानते थे। 'फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन' के अध्यक्ष दिलीप म्हसके और हार्वर्ड डिविनिटी स्कूल के 'विजिटिंग प्रोफेसर' संतोष राऊत ने भी डॉ. आंबेडकर के विचारों की वैश्विक प्रासंगिकता को रेखांकित किया।*

### मेयर एरिक एडम्स ने किया ऐलान

### न्यूयॉर्क में हर साल 14 अप्रैल को मनेगा आंबेडकर दिवस


न्यूयॉर्क में भी हर साल 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस मनाया जाएगा। न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने इसकी घोषणा की। शहर के 85 लाख निवासी आंबेडकर दिवस को मनाएंगे। न्यूयॉर्क शहर के मेयर कार्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपायुक्त दिलीप चौहान ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में डॉ. आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में यह जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने इसकी सराहना की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऐतिहासिक क्षण जब डॉ. बाबा साहब आंबेडकर की जयंती को न्यूयॉर्क मेयर के कार्यालय द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किया गया।

### महान विरासत को स्वीकारा

*फाउंडेशन फॉर ह्यूमन होराइजन के अध्यक्ष दिलीप म्हस्के ने कहा कि 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इस घोषणा में लोकतंत्र, सम्मान, महिला सशक्तीकरण और ऐतिहासिक रूप से हाशिये पर पड़े समुदायों के लिए न्याय को आगे बढ़ाने में डॉ. आंबेडकर की महान विरासत को स्वीकार किया ।*

## यूक्रेन में एक सप्ताह में दूसरा बड़ा हमला

# रूस का दावा- सैन्य बलों को निशाना बनाकर किया हमला



एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने सोमवार को दावा किया कि यूक्रेन के सुमी में हुआ घातक मिसाइल हमला यूक्रेनी सैनिकों को निशाना बनाकर किया गया था। यूक्रेन समेत यूरोप के कई देशों ने इसे युद्ध अपराध करार दिया है। यूक्रेनी अधिकारियों ने बताया कि पाम संडे की सुबह दो बैलिस्टिक मिसाइलों ने यूक्रेन की सीमा से लगभग 30 किलोमीटर दूर सुमी शहर के बीचों बीच हमला किया।

### यूरोपीय देशों ने जताई नाराजगी

वहीं, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमले को लेकर कहा कि पहला हमला विश्वविद्यालय की इमारतों पर हुआ और दूसरा सड़क पर। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि रूस पर केवल वास्तविक दबाव ही उसे रोक सकता है। हमें उन क्षेत्रों के खिलाफ ठोस प्रतिबंधों की आवश्यकता है जो रूस को वित्तपोषित करते हैं। पोलैंड के विदेश मंत्री राडेक सिकोरस्की ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि राष्ट्रपति ट्रंप, अमेरिकी प्रशासन, यह देखेंगे कि रूस के नेता उनकी सद्भावना का मजाक उड़ा रहे हैं, और मुझे उम्मीद है कि सही फैसला लिया जाएगा। फिनलैंड के विदेश मंत्री ने कहा कि यह हमला ऐसे वक्त हुआ है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध बाइडेन का: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध का ठीकरा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर फोड़ा है। ट्रंप ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध बाइडेन का युद्ध है। उन्होंने दावा किया कि यदि 2020 के चुनाव में 'धांधली' नहीं हुई होती तो युद्ध नहीं होता। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर एक पोस्ट शेयर करते हुए ट्रंप ने लिखा, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध बाइडेन का युद्ध है, मेरा नहीं।

## कल ब्राजील जाएंगे शिवराज

# ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में लेंगे भाग, चर्चा भी करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अप्रैल को ब्राजील में ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भाग लेंगे। शिवराज सिंह चौहान ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बाक्वेटा फावारो और कृषि विकास एवं पारिवारिक कृषि मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अनुसार, बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। ये बैठकें कृषि, कृषि-प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में भारत और ब्राजील के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होंगी। 15वीं ब्रिक्स कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक का विषय है 'ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग, नवाचार और न्यायसंगत व्यापार के माध्यम से समावेशी और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना।'



## गुजरात पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

# कहा- ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल शिक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एवं गुजरात से राज्यसभा सांसद डॉ. एस. जयशंकर मंगलवार को अपने दो दिवसीय दौरे के तहत गुजरात के नर्मदा जिले में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कुछ परियोजनाओं का उद्घाटन किया और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई प्रमुख विकास पहलों की आधारशिला भी रखी।

गुजरात से राज्यसभा सांसद और आकांक्षी जिले के लिए केंद्र सरकार के नामित प्रतिनिधि के रूप में, डॉ. जयशंकर की यात्रा बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्थानीय



सेवाओं में सुधार पर केंद्रित थी। डॉ. जयशंकर ने जमीनी स्तर पर विकास के महत्व पर प्रकाश डाला और लक्षित परियोजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के उत्थान के लिए चल रहे प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने लाछरास एक नए स्मार्ट आंगनवाड़ी केंद्र और एक स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन किया।

## बूढ़ों का देश बनता जा रहा जापान, हालात चिंताजनक

**2011 के बाद से लगातार आबादी में गिरावट का दौर जारी**

# एक तिहाई आबादी 65 के पार, लगातार 14वें साल भी बुरी तरह घटी जनसंख्या

**15 साल से कम उम्र के लोगों की संख्या अब 11 फीसदी**

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान की आबादी में लगातार 14वें साल गिरावट दर्ज की गई है। जन्मदर की कमी के संकट से जूझ रहे जापान के लिए यह हालात चिंताजनक हैं। जापान की सरकार ने जन्मदर में इजाफे के लिए अलग से मंत्रालय तक का गठन किया है और युवाओं को संबंध बनाने एवं शादी करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### कुल आबादी 12.3 करोड़

*2024 के जो आंकड़े आए हैं, उसके मुताबिक देश में 65 साल से अधिक आयु के लोगों की संख्या 29.3 फीसदी है। जापान के गृह मंत्रालय की ओर से सोमवार को यह आंकड़ा जारी किया गया। अक्टूबर के आंकड़ों के अनुसार जापान की कुल आबादी जापानियों और वहां रहने वाले विदेशियों को मिलाकर 12.3 करोड़ है। यह आंकड़ा बीते साल के मुकाबले 5 लाख 50 हजार कम है।*



### हर साल आबादी कई लाख कम हो रही

*जापान की आबादी में 2011 के बाद से लगातार गिरावट का दौर जारी है। हर साल जापान की आबादी में कई लाख की कमी आ जाती है। जापान की आबादी 2008 में अपने उच्च स्तर पर थी। जापान के लिए मुश्किल स्थिति यह है कि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है।*

### सिर्फ टोक्यो व सैटामा में ही आबादी बढ़ी

*जापानी मूल के लोगों की ही बात करें तो उनकी आबादी सिर्फ 12 करोड़ ही बची है। बीते साल के मुकाबले इन लोगों की संख्या में करीब 9 लाख की कमी आई है। साफ है कि यदि विदेशी लोगों की आबादी जापान से हटा ली जाए तो गिरावट की दर कहीं ज्यादा है। विदेशी लोगों की बात करें तो देश में 3 लाख 40 हजार लोग बाहर से आकर बीते एक साल में ही बसे हैं। आंकड़ों के अनुसार जापान की राजधानी टोक्यो और सैटामा में ही आबादी में इजाफा हुआ है।*

## पुंछ जिले के लसाना में सेना की टुकड़ी पर गोलाबारी

# आतंकवादियों से मुठभेड़ के बाद तलाशी अभियान तेज, अतिरिक्त सुरक्षा बल रवाना

एजेंसी ▶▶ पुंछ

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के लसाना क्षेत्र में बीती रात संदिग्ध आतंकियों ने सेना की एक टुकड़ी पर गोलीबारी की। यह हमला उस समय हुआ जब सेना की एक गश्ती पार्टी इलाके में अपनी नियमित निगरानी कर रही थी।

गोलीबारी की इस घटना के बाद सुरक्षा बलों ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी और पुंछ जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि



'ऑपरेशन लसाना' के तहत सुरनकोट के लसाना इलाके में कल रात पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हुई। इलाके में और जवान भेजे गए हैं और तलाशी अभियान जारी है ताकि कोई भी आतंकी भाग न सके।

### मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात लसान क्षेत्र में सेना की एक टोह (गश्ती) पार्टी अपनी ड्यूटी पर थी। इसी दौरान कुछ संदिग्ध आतंकियों ने अंधेरे का फायदा उठाते हुए गोलीबारी शुरू की। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसके बाद संदिग्ध आतंकी जंगल की ओर भाग गए। इस मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। घटना के बाद सेना और पुलिस ने मिलकर पूरे इलाके को घेर लिया है।


मेडिकल कालेज में 6 माह की बच्ची और डेढ़ साल के बच्चे की सर्जरी कर बचाई जान

# फेफड़े में फंसा था कीड़ा, श्वांस नली में अटका चिकिन का टुकड़ा

हरिभूमि जबलपुर।

दमोह की एक 6 माह की बच्ची जिसके फेफड़े में कीड़ा फसा था, वहीं कटनी का डेढ़ साल के एक बच्चें ने चिकिन का टुकड़ा निगल लिया था। दोनों की जान आफत में थी, गंभीर अवस्था में मेडीकल कॉलेज जबलपुर लाए गए थे। जहां देर रात सर्जरी कर चिकित्सों ने बच्चों को नया जीवनदान दिया। अब दोनों बच्चे खतरे से बाहर है, जिन्हे शिशु रोग वार्ड में रखा गया है. जहां पर डाक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है।

दरअसल दमोह के ग्राम सिमरिया में रहने वाली 6 माह की बच्ची अचानक दर्द के कारण लगातार रो रही थी. परिजनों ने दमोह के जिला अस्पताल में उसे दिखाया, लेकिन उसे आराम नहीं लगा, बच्ची दर्द से कराह रही थी, उसे नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बच्ची को श्वांस लेने में तकलीफ हो रही थी। नाक, कान, गला (ईएनटी) विभाग की डॉक्टर कविता सचदेवा ने जांच की तो पाया कि बच्ची का फेफड़े में गुब्बारे की तरह फूल रहा है और उसमें ऑक्सीजन नहीं जा रही है।



देर रात बच्ची को एनेस्थीसिया देकर सर्जरी की गई, तब पता चला कि उसके सीने में पीले रंग का एक कीड़ा फंसा है, कीड़े को आपरेशन कर निकाल दिया गया।

इसके बाद रात में कटनी से आए डेढ़ साल के बच्चे का आपरेशन किया गया, उसने चिकन का टुकड़ा निगल लिया था, जिसके चलते उसकी हालत में भी खराब रही. आपरेशन के बाद दोनों बच्चे पूर्णतः स्वस्थ है, उन्हे मेडिकल कालेज अस्पताल के शिशु रोग वार्ड में डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है. डॉक्टरों का मानना है कि खेलते समय श्वांस के जरिए कीड़ा बच्ची के मुंह में चला गया और फेफड़े में ब्लॉक हो गया।


चिकन का टुकड़ा श्वांस नली में फंसा

कटनी से लाए गए डेढ़ साल के मासूम बच्चे की श्वांस नली में चिकन का टुकड़ा फंस गया था, जिसके कारण वह लगातार रो रहा था. पहले उसे कटनी के शासकीय अस्पताल में भरती कराया गया. इसके बाद जबलपुर रेफर किया गया. मेडिकल अस्पताल में जांच के दौरान पाया गया कि उसके सीने में करीब एक सेंटीमीटर का चिकन का टुकड़ा फंसा है, जिसे खाते वक्त निगल गया होगा. जिसे आपरेशन कर निकाल दिया गया। समय रहते यदि सर्जरी नहीं की जाती तो बच्चें की जान मुश्किल में पड़ जाती।

पमरे को मिला 1 करोड़ 31 लाख रुपए से अधिक का राजस्व

## यूटीएस एप से सवा लाख रेल यात्रियों ने टिकट बुक किए

**जबलपुर।** रेलवे में यात्रियों की सुविधा हेतु यूटीएस मोबाइल एप्प से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बनाई जा रही है। इसके लिए प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पश्चिम मध्य रेल में तीनों मण्डलों के वाणिज्य विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप माह मार्च 2025 में यूटीएस एप्प से बुक कुल 1 लाख 22 हज़ार 685 टिकटों से 6 लाख 56 हजार 515 यात्रियों ने यात्रा कीए जिससे रेलवे को 01 करोड़ 31 लाख 03 हजार 575 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर



ऑनलाइन जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप्प की सुविधा दी जा रही है।

**जबलपुर मंडल-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 35 हजार 170 बुक टिकट से 02 लाख 93 हजार 702 यात्रियों ने यात्रा की जिससे रेलवे को 43 लाख 37 हज़ार 690 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

**भोपाल मंडल-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 40,033 बुक टिकट से 02 लाख 06 हजार 607 यात्रियों ने यात्रा कीए जिससे रेलवे को 46 लाख 27 हजार 255 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

**कोटा मंडल-** यूटीएस मोबाइल एप्प के द्वारा कुल 47 हजार 4000 बुक टिकट से 01 लाख 55 हजार 852 यात्रियों ने यात्रा कीए जिससे रेलवे को 41 लाख 32 हजार 630 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ।

चरित्र संदेह से पीड़ित महिला पहुंची पुलिस थाने

## अलग रहने के बाद भी पति कर रहा प्रताड़ित

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत पचास क्वाटर सैनिक सोसायटी निवासी एक महिला ने अपने पति के खिलाफ मारपीट और प्रताड़ना का प्रकरण दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसका पति उसके चरित्र पर संदेह करते हुए उसे शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करता है जिससे तंग आकर वह पिछले एक साल से पति से अलग रह रही है। फिर भी उसका पति उसे परेशान करता है।

गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार पचास क्वाटर सैनिक सोसायटी निवासी 34 वर्षीय सब्जी विक्रेता श्रीमति अर्चना झारिया की शादी लगभग 20 वर्ष पहले पड़वार देवरी थाना बरेला निवासी सुरेंद्र झारिया से हुई थी। लगभग 15 वर्ष से वह अपने पति और दो बच्चों के साथ इंद्राबस्ती गढ़ा में रह रही थी। उसका पति उसके चरित्र पर शक करते हुए आए दिन मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है। जिससे परेशान होकर वह लगभग एक वर्ष से अपने पति से अलग सैनिक सोसायटी में किराये से रह रही है। गत रात लगभग 11.50 बजे पति सुरेंद्र उसके किराये के मकान मे आया और उसके साथ गाली गलौज करते हुये कमरे के दरवाजा में लात मारकर तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 85, 296, 324(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## पक्षियों के लिए सकोरे लगाए

जल है अनमोल, इसका नहीं है कोई मोल



**जबलपुर।** भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए जल के महत्व को समझते हुए, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत जिला संघ जबलपुर द्वारा श्री ललित कुमार मिश्रा असिस्टेंट स्टेट कमिश्नर जबलपुर डिविजन, घनश्याम सोनी जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर जबलपुर, डॉ विजयकांत तिवारी डिस्ट्रिक्ट चीफ कमिश्नर स्काउट के आदेशानुसार यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल जबलपुर के स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा विभिन्न जगहों पर पक्षियों के लिए परिंडे जल युक्त सकोरे लगाए गए साथ ही सभी स्काउट एवं गाइड ने अपने घरों के बाहर पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का संकल्प लिया। गर्मियों में पक्षी इधर उधर पानी ढूंढते है एवं पानी न मिलने पर उनकी जान चली जाती है परिंडे लगाकर स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा पक्षियों के जीवन बचाने का प्रयास किया गया साथ ही स्कूल डायरेक्टर डॉ. विजयकांत तिवारी सर द्वारा बताया गया कि पक्षी मनुष्य जीवन के लिए कितने महत्वपूर्ण है एवं वृक्ष लगाकर हम किस तरह पर्यावरण की सुरक्षा कर सकते है सभी विद्यार्थियों को वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया गया, इस कार्य में श्री राहुल राजपूत डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर, गाइड कैप्टन किरण येवले के साथ ही समस्त स्काउट गाइड का सहयोग रहा इस कार्यक्रम में 20 स्काउट एंड गाइड शामिल रहे।

### पमरे स्काउट्स-गाइड्स पूरे मंडल में रेल यात्रियों की बुझा रहा प्यास

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा इस भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को पीने के पानी से परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिए पूरे एक माह का विशेष आयोजन जबलपुर रेल मंडल के जबलपुर, कटनी व सतना स्टेशन पर पूरे सेवा भाव से शुरू किया गया है. इस दौरान ये लोग हर ट्रेन के कोच में पहुंचकर यात्रियों को शुद्ध पेयजल मुहैया करायेंगे.

पश्चिम मध्य रेल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जबलपुर मंडल का यह आयोजन जिला कार्यालय के पदाअधिकारी अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील टेलर (मुख्य जिला आयुक्त स्काउट), वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा (जिला आयुक्त स्काउट), मंडल सिंगल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजश्री द्विवेदी (जिला आयुक्त गाइड), सहायक कार्मिक अधिकारी सच्चिपति नंदन, अनिल चौबे (जिला सचिव), संजीव तिवारी (सहा जिला सचिव), विमलेश तिवारी (जिला संगठन आयुक्त स्काउट), राहुल कश्यप (जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट) के निर्देश पर आयोजित किया गया है।

आबकारी अधिनियम के तहत 2 आरोपी को जेल भेजा गया

## अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग ने की बड़ी कार्रवाई

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में मदिरा के अवैध निर्माण, विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर विशेष सतर्कता एवं कठोरता से प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। सहायक आबकारी आयुक्त श्री संजीव कुमार दुबे एवं जिला उड़नदस्ता तथा कंट्रोल रूम प्रभारी परमानंद कोरचे के नेतृत्व में वृत्त शहपुरा उत्तर में थाना कटंगी अंतर्गत बेलखाडू करारी मार्ग पर एक टाटा सफारी कार क्र. MP20CD4787 से अवैध मदिरा परिवहन करते हुए 324 बल्क लीटर देशी मदिरा जब्त किया गया। जब्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित मूल्य 13 लाख



रूपये हैं। जिसमे आरोपी प्रमोद कुमार जायसवाल को आबकारी अधिनियम क़ी धारा 34(1)(क) एवं 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया एवं फरार वाहन चालक क़ी पतासाजी जारी हैं। साथ ही प्रशिक्षु आबकारी उपनिरीक्षक सुश्री रुपाली जैन के नेतृत्व में वृत्त-शहपुरा दक्षिण (ब) के ग्राम-घाना, थाना-तिलवारा जबलपुर में अवैध मदिरा के संग्रहण की सूचना पर अमर मल्लाह पिता-स्वर्गीय छोटे लाल मल्लाह के आवास पर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान उक्त मकान से 240 पाव (43.2BL) देशी मदिरा प्लेन, एवं 30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब कुल 73.2 लीटर अवैध मदिरा बरामद कर कब्जे आबकारी ली गई। कार्यवाही में जप्त मदिरा का अनुमानित मूल्य लगभग 22 हजार 500 रूपये है। आरोपी के विरुद्ध म. प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) (क) व 34 (2) के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान श्वेता सिंह आबकारी उपनिरक्षक, रमेश क़ुशराम प्रधान आरक्षक, आरक्षक दीपचंद राय, राकेश जादौन, अनुराग शर्मा उपस्थित रहे।

### ई-केवाईसी कार्य में लापरवाही बरतने पर 8 राशन विक्रेताओं को नोटिस जारी

**जबलपुर।** म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग एवं कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना के निर्देश पर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के समस्त हितग्राहियों के ई-केवाईसी किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अनुभाग शाहपुरा में अनुविभागीय अधिकारी कुलदीप पाराशर द्वारा आज तहसील के सभी सहकारी समिति के प्रबंधकों और राशन विक्रेताओं की बैठक ली जाकर उक्त कार्य की समीक्षा की गई। बैठक में सभी विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि आगामी एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करें। साथ ही मृत और स्थाई रुप से पलायन कर चुके लोगों की जानकारी ग्राम पंचायत से ली जाकर पोर्टल में एंट्री कराएं। साथ ही योजना का प्रचार-प्रसार ग्रामीण क्षेत्र में करे। अनुविभागीय अधिकारी ने समस्त हितग्राहियों से अपील की है कि वे किसी भी नजदीकी राशन दुकान में जाकर ई-केवाईसी कराएं, जिससे उन्हें आगामी माह में राशन प्राप्त करने में असुविधा न हो। समीक्षा बैठक में न्यूनतम प्रगति वाले राशन विक्रेताओं ग्राम पंचायत हिनोतिया, बगराई, धरती कछार, गडर पिपरिया, किसरोद, पिपरिया कला, भैरोघाट और खैरी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। बैठक में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी कुंजन सिंह राजपूत, सहकारी समिति के प्रशासक प्रशांत कौरव, जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकरी उमेश तिवारी उपस्थित रहे।

बरगी विधायक ने शराब माफिया के खिलाफ खोला मोर्चा

## गांव-गांव, घर- घर शराब बिक्री के खिलाफ पदयात्रा

**जबलपुर।** जिलें की ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र बरगी में नर्मदा किनारे गांव-गांव में अवैध शराब की बिक्री को लेकर भाजपा के क्षेत्रीय विधायक नीरज सिंह ने महिलाओं का साथ में लेकर शराब माफिया के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। गत दिवस विधायक नीरज सिंह ने महिलाओं के साथ 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा के जरिए ग्रामीण के नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराया वहीं प्रशासन पर भी दबाव बनाया गया कि घर घर जाकर शराब बेचने पर कार्रवाई की जाए। इतना ही नहीं अवैध रुप से शराब बेचने वालों के घर पर भी दस्तक दी और उन्हें यह अवैध काम छोड़कर समाज की मुख्य धारा से जुड़ने का आव्हान भी किया गया हैं। विधायक ने ग्रामीणों से इस दौरान संवाद भी किया। जिससे यह अभियान और अधिक प्रभावशाली बन गया। यात्रा के दौरान विधायक नीरज सिंह ने गांव में चौपाल भी आयोजित की जहां गांव को नशा मुक्त बनाने के लिए महिलाओं से सुझाव भी मांगे गए।

जहां एक-एक करके कई महिलाओं ने विधायक को सुझाव दिए। कई महिलाओं का कहना था कि नशे के चलते गांव के एक तिहाई से ज्यादा लोग बर्बाद हो चुके हैं। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ना चाहिए वह नशे की तरफ जा रहे हैं। इस दौरान महिलाओं ने शराब माफिया द्वारा गांव गांव शराब पहुंचाने की भी शिकायत की। बताया गया कि चरगवां, शहपुरा, बेलखेड़ा और गंगई बरखेड़ा जैसे स्थानों की शराब दुकानों से अवैध रूप से बड़ी मात्रा में शराब की खेप गांव-गांव पहुंचाई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अवैध कारोबार पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन कार्रवाई नहीं हो रही।

### संभागीय बाल भवन बच्चों के लिये लगायेगा ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर

**जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित संभागीय बाल भवन, जबलपुर द्वारा एमएलबी स्कूल तथा जिला खेल अधिकारी के सहयोग से 1 मई से 31 मई तक पाँच वर्ष से सोलह वर्ष तक के बालक एवं पाँच वर्ष से अठारह वर्ष तक की बालिकाओं के लिए, कला, संगीत, नृत्य, मार्शल आर्ट, कराटे और तीरंदाजी के ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। संभागीय बाल भवन के संचालक गिरीश बिल्लोरे ने बताया कि ये प्रशिक्षण शिविर एमएलबी स्कूल एवं रानीताल खेल परिसर में लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया प्रशिक्षण शिविरों के लिये अभिभावक अपने बच्चों का पंजीयन निर्धारित प्रपत्र में संभागीय बाल भवन के अग्रवाल कॉलोनी जैन मंदिर के बाजू में स्थित कार्यालय में आवेदन देकर करा सकते हैं। बच्चों का पंजीयन कराने आवेदन के साथ उनकी दो पासपोर्ट साइज की फोटो तथा आधार कार्ड की छाया प्रति भी देनी होगी।

## पोषण पखवाड़ा : आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित की कुपोषण प्रबंधन पर केंद्रित गतिविधियां

**जबलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाये जा रहे पोषण पखवाड़ा के तहत आज मंगलवार जिले में स्थित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं परियोजनाओं में समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन तथा जीवन के प्रथम 1000 दिवस के महत्व पर केंद्रित गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही माह के तीसरे मंगलवार पर आज सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में अन्न प्राशन दिवस भी आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनीष सेठ ने बताया कि पोषण पखवाड़ा के तहत मंगलवार को आयोजित की गई गतिविधियों का उद्देश्य छह माह से बारह माह तथा बारह से चौबीस माह के बच्चों में ऊपरी आहार प्रारंभ करना तथा उसका सतत फॉलो अप लेना, बच्चों का शारीरिक माप कर उनके पोषण स्तर का निर्धारण एवं चिन्हित कुपोषित बच्चों का सामुदायिक पोषण प्रबंधन कार्यक्रम में उनका पंजीयन तथा दवाइयाँ का वितरण करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सेठ ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में तृतीय मंगल दिवस पर आयोजित" अन्नप्राशन दिवस" के कार्यक्रमों में छह माह की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का सामूहिक अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रमों में उपस्थित माता-पिता एवं अभिभावकों से बच्चों के आहार की बारम्बारता और उसकी प्रकृति के विषय में चर्चा की गई। उन्हें बताया गया की छह माह के बाद बच्चों का विकास तेजी से होता है और ऐसी स्थिति में केवल मां का दूध ही पर्याप्त नहीं होता। यही वह समय है जब बच्चों को ऊपरी आहार शुरू करने की आवश्यकता होती है।

पोषण पखवाड़ा के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी केन्द्रों में शारीरिक माप दिवस का आयोजन भी किया गया तथा बच्चों का वजन एवं ऊंचाई लेकर उनका पोषण स्तर ज्ञात किया गया। बच्चों के पोषण स्तर के संबंध में माता-पिता से चर्चा की गई बच्चों के पोषण स्तर के आधार पर माता-पिता तथा देखभालकर्ता को जरूरी सलाह और समझाइश दी गई। इसी प्रकार ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों में जहां वीएचएसएनडी दिवस का आयोजन किया गया वहां एएनएम की उपस्थिति में चिन्हांकित अतिकुपोषित बच्चों की भूख की जांच की गई तथा जांच में फेल हुये बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र रेफर किया गया। साथ ही नवीन चिन्हांकित मध्यम रूप से कुपोषित तथा अतिकुपोषित बच्चों को दवाओं का वितरण भी किया गया।

## बस की टक्कर से रोड किनारे खड़े वृद्ध की मौत

**जबलपुर।** पाटन थाना अतंर्गत ग्राम धनेटा में लगुन कार्यक्रम में जाने के लिए बस स्टेंड धनेटा रोड किनारे खड़े एक वृद्ध को एक बस ने टक्कर मार दी, जिससे वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम मामला जांच में लिया है। पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धनेटा निवासी 60 वर्षीय दरयाव सिंह गत दिवस गांव से लगुन कार्यक्रम में ग्राम पिपरिया जाने के लिए रात लगभग 9 बजे अपने बेटे खिलन सिंह, गनपत सिंह, गोपाल सिंह, गोविंद सिंह के साथ ग्राम पिपरिया जाने के लिए बस स्टेंड धनेटा रोड किनारे खड़े थे, तभी शहपुरा तरफ से आ रही बस क्रमांक एमपी 66 पी 0380 के चालक ने दरयाव सिंह लोधी को टक्कर मार दी, जिससे दरयाव के सिर, दोनों हाथ पैर व पेट में गंभीर चोटें आ गई, वहीं बस चालक मौके से फरार हो गया। बेटा खिलन सिंह ने अपने पिता दरयाव सिंह को उपचार के लिए पाटन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डाक्टर ने चैक कर दरयाव सिंह लोधी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर आरोपी बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## *बहन को परेशान करने वाले जीजा पर साली ने किया हमला*

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत लालकुआं गौरीघाट में एक युवती ने अपनी बहन को शराब पीकर परेशान करने वालें बहनोई पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालकुआं गौरीघाट निवासी 35 वर्षीय सोनू बर्मन गत रात लगभग 11.30 बजे अपनी पत्नी नीता बर्मन के साथ घरेलू विवाद कर रहा था, इसी दौरान उसकी साली विनीता बर्मन आई और उसने अपनी बहन का पक्ष लेते हुए जीजा से कहा कि रोज शराब पीकर बहन से लड़ाई करते हो इसी बात पर दोनों के बीच गालीगलौज शुरु हो गई, इस दौरान जीजा के सिर पर डंडे से हमला कर दिया। पुलिस ने साली विनीता बर्मन के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।


## *पशु पालन विभाग के कर्मचारियों का क्रिकेट व महिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 18 अप्रैल से*

**जबलपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कल्याण समिति मप्र द्वारा प्रदेश स्तरीय विभागीय कर्मचारी क्रिकेट व महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 18 अप्रैल से जबलपुर में आयोजित है। कर्मचारी कल्याण समिति के सम्भागीय उपाध्यक्ष सुहेल अनवर खान ने बताया कि प्रतियोगिता में जबलपुर सहित भोपाल, नरसिंगपुर, बालाघाट, मंडला, रतलाम, बड़वानी, छिंदवाड़ा, ग्वालियर, सिंगरोली, देवास, सागर, रीवा आदि 16 जिलों की टीमों में विभाग के कर्मचारी-अधिकारी अपना प्रर्दशन करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 18, 19 एवं 20 अप्रैल को अधारताल स्थित कृषि विश्वविद्यालय के इंडियन कॉफ़ी हाउस के पीछे मैदान में किया जायेगा। क्रिकेट मैच पहली पाली में सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक 4 मैच एवं द्वितीय पाली में शाम 4 बजे से 6 बजे तक 2 मैच खेले जायेगे। सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच 20 अप्रैल को खेले जायेगे। श्री सुहेल अनवर खान ने यह भी जानकारी दी कि इस वर्ष प्रथम बार विभागीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमे प्रदेश की 10 टीमें भाग ले रही है। टूर्नामेंट के दौरान 18 एवं 19 अप्रैल को पशुपालन एवं डेयरी विभाग तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी विभागीय कर्मचारी कल्याण समिति का चिन्तन शिविर शिविर भी आयोजित किया जायेगा। जिसमे प्रदेश स्तर के कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

## खबर संक्षेप

### श्री शिव समाराधन महायज्ञ 1 मई से

**जबलपुर।** मां नर्मदा प्रदूषण मुक्ति आंदोलन के चतुर्थ अधिवेशन के संदर्भ में पाटन तहसील के पवई धाम में 1 से 7 मई तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। स्वामी महेन्द्रानंद महाराज जी ने बताया कि महायज्ञ के दौरान श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन होगा। वृंदावन धाम से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक इंद्रेश उपाध्याय कथा का वाचन करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 8 से 11 बजे तक श्री शिव समाराधन महायज्ञ हवन एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा होगी। विधायक अजय विश्नोई, बलराम सिंह यादव, पं. हरकृष्ण पचौरी, सर्वेश पटेल, पं. श्याम मनोहर पचौरी, विष्णु शंकर पटेल, नवनीत माहेश्वरी, राम विनय करसोलिया, पं. देवदत्त पचौरी, ओमनारायण पचौरी, सचिन गुरु, गौरीशंकर तिवारी, ब्रजेश बादल, आनंद मोहन पलहा, मनोज पटेल, रविमोहन श्रोत्री आदि ने श्रद्धालुओं से अधिक से संख्या में उपस्थिति की अपील की है।



### समर्थन मुल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारम्भ

**सिहोरा।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर



लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार अनेक केन्द्रों में समर्थन मुल्य पर गेहूं की खरीदी प्रारम्भ कर दी गई जिससे किसानों ने भी राहत की सांस ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम दिनारी खम्हरिया के सावित्री देवी वेयरहाउस में अनेक किसानों की उपस्थिति में गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम कृष्ण पटेल,प्रमोद मिश्रा,रवि तिवारी,मनसुख पटेल ,रज्जू राजपाल,मनोज गुप्ता,विजय पटेल,दुर्गा झरिया,संदीप तिवारी वेयरहाउस संचालक आशीष वीरू शुक्ला एवं ऑपरेटर प्रभारी सर्वेयर उपस्थित थे।

### एसएस कालेज में पेंटिंग पर व्याख्यान

**सिहोरा।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ मनोज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में व्यावसायिक पाठ्यक्रम हस्तशिल्प कला के अंतर्गत कार्यक्रम संयोजक डॉ अर्चना नामदेव के निर्देशन मे फ्लोरल पेंटिंग पर विशेष व्याख्यान एवं डेमोंस्ट्रेशन का आयोजन किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ.अरुणा विभागाध्यक्ष चित्रकला शास. मानकुंवर बाई महिला महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को भारत में चित्रकला का इतिहास पर व्याख्यान एवं फ्लोरल पेंटिंग के डेमोंस्ट्रेशन द्वारा चित्रकला पद्धति से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों सहित 40 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

## एवीएनएल से पहली टी-72 टैंक पहुंची जबलपुर

# व्हीएफजे में टी - 72 टैंक की ओवरहालिंग का काम शुरू

**हरिभूमि, जबलपुर।**



वर्षों से सैन्य वाहनों का निर्माण करती आ रही व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में अब देश की गौरवशाली टी 72 टैंक की ओवरऑलिंग का कार्य शुरू होने जा रहा है। इसके लिए आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड चेन्नई से पहला टी 72 टैंक व्हीएफजे लाया गया है। गौरतलब है की टी-72 टैंक सोवियत संघ में डिजाइन और निर्मित किया गया था, और भारत ने इसे 1970 के दशक में आयात किया। बाद में, भारत में हेवी व्हीकल्स फैक्ट्री, अवाडी में टी-72 टैंक का स्थानीय स्तर पर निर्माण और उन्नयन शुरू हुआ।

टी-72 भारतीय सेना के टैंक बेड़े का मुख्य आधार है और आज भी इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। युद्ध के मैदान में गतिशीलता और आक्रामक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसे अधिक शक्तिशाली 1000 एचपी इंजन के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। ये अपग्रेड टैंक बेड़े को आधुनिक बनाने और रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के एक बड़े प्रयास का हिस्सा हैं, जिसमें लाइसेंस प्राप्त उत्पादन के लिए भारतीय राज्य के स्वामित्व वाली संस्थाओं को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शामिल है।

युद्ध के मोर्चे पर यह टैंक भारतीय सेना के लिए अत्यधिक कारगर सिद्ध हुआ है और अभी भी यह भारतीय सेना एवं सशस्त्र बलों के लिए अत्यंत शक्तिशाली सैन्य उपकरण है। व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर ने अपनी रक्षा उत्पादन क्षमता में विस्तार करते हुए इस शक्तिशाली टैंक की ओवरहालिंग करने का जिम्मा उठाया है। इससे पहले व्हीएफजे में सारंग गन कि अपगनिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया जा चुका है। T- 72 टैंक की ओवरहालिंग का कार्य व्हीएफजे के लिए अपने आप में नया कार्य है तथा इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए विशेष कार्ययोजना के साथ निर्माणी के कुशल कार्मिकों की टीम बनाई गई है। व्हीएफजे में टी 72 टैंक की ओवरहालिंग का कार्य शुरू करने से पहले इस टीम को हैवी व्हीकल फैक्ट्री चेन्नई प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। वहां पर सभी जरूरी प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत अब यह टीम निर्माणी के अन्य कार्मिकों की मदद से व्हीएफजे में ही टी 72 टैंक की ओवरहालिंग का कार्य संपन्न करेगी।

इस अहम प्रोजेक्ट को निर्माणी में शुरू कराने के लिए व्हीएफजे के मुख्य महाप्रबंधक श्री संजीव कुमार भोला पिछले कुछ महीनो से सतत रूप से प्रयासरत थे।

# युवा संसद आयोजन से बढ़ेगी राजनीतिक जागरूकता, सार्वजनिक भाषण कौशल और नेतृत्व करने का गुण



**जबलपुर।** लॉ प्रेप ट्यूटोरियल ने 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर पहली बार युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया। युवा संसद का जो मुख्य विषय रहा (अभिव्यक्ति को विनियमित करना या असहमति को दबाना ?) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राजनीतिक जागरूकता, सार्वजनिक भाषण का कौशल और नेतृत्व गुणो को बढ़ावा देना। युवा संसद के कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में देवादित्य सिंह रहे, जिन्होंने व्यवहारिक अवलोकन और युवाओं की बहुमूल्य प्रतिक्रियाओं का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जबलपुर के अतिरिक्त पुलिस (एएसपी) श्री सूर्यकांत शर्मा रहे। जिन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया और निर्णय लेने वाले मंच में युवाओं की भागीदारी के महत्त्व पर जोर दिया जो एक सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम में (एएसपी) सूर्यकांत शर्मा , देवादित्य सिंह, डॉ. ऐश्योर्य शर्मा , डॉ. शिवांगी शर्मा , ड्रॉ. प्रकाश मिश्रा, अभिनेष पटेल के साथ प्रतियोगिता के वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

## माता का जागरण एवं भंडारा आयोजित

**जबलपुर।** माता वैष्णो सेवा समिति द्वारा माता का जागरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस आयोजन में अध्यक्ष भरत मंगलानी, कैलाश नागदेव, संजय मंगतानी, बंटी पंजवानी, संजू मंगलानी, मनीष ठाकुर, अनिल जेठवानी, मयंक सुखवानी, दीपक मंगलानी, हरीश सचदेवा, मन्नू ठाकुर, गणेश जेठवानी, डॉ. राखी ठाकुर, शानू मंगलानी, राजू सचदेव ,सोनू मोहनानी आदि उपस्थित थे।



## अंजनी धाम में छठी उत्सव आज



**भेड़ाघाट।** श्री अंजनी धाम मंदिर छीतापार भेड़ाघाट मेन रोड जबलपुर में आज श्री हनुमत छटी उत्सव आज मनाया जा रहा हैं प्रातः 9बजे से विभिन्न पूजन एवं अनुष्ठान एवं स्तोत्र पाठ का आयोजन सांध्य 4 से गुरु पूजन एवं देव पूजन किया जाएगा सायं 6बजे से माता अंजनी एवं बाल हनुमान का महाभिषेक एवं विशेष पूजन एवं महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

आयोजक अंजनी पुत्र फाउंडेशन, श्री अंजनी धाम आरती मंडल, श्री अंजनी धाम सुन्दर काण्ड मंडल, श्री अंजनी धाम महिला संकीर्तन मंडल एवं माता के समस्त भक्तजनों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

### हाजी मुईन खान हज ट्रेनर नियुक्त

**जबलपुर।** राज्य शासन के मप्र स्टेट हज कमेटी भोपाल द्वारा पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान को हज ट्रेनर नियुक्त किया गया है। उक्तशय के आदेश स्टेट हज कमेटी की सीईओ डॉ. फरजाना गजाल ने जारी किए। श्री खान जबलपुर जिले से हज यात्रा पर मक्का-मदीना सऊदी अरब जाने वाले हाजी-हज्जानियो को हज कमेटी द्वारा लगाये जाने वाले प्रशिक्षण शिविर में हज करने का तरीका व नियम से प्रशिक्षित करेंगे। इसके पूर्व भी उनके द्वारा मप्र शासन की ओर से सऊदी अरब में खादिमुल हुज्जाज के रूप में कई बार अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



# समता दिवस के रूप में मनाई अंबेडकर जयंती

**जबलपुर।** नागरिक अधिकार मंच और संविधान जागरूकता फोरम के तत्वावधान में बादशाह हलवाई मन्दिर पोलीपाथर में भारतरत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की 134 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा केक काटकर और युवाओं द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ पढ़ कर की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अधिवक्ता अरविन्द श्रीवास्तव. अधिवक्ता राजेंद्र गुप्ता, अधिवक्ता अरविंद चौधरी व रामरतन यादव उपस्थित थे। जन समूह को संबोधित करते हुए अधिवक्ता अरविन्द श्रीवास्तव ने कहा की बाबा साहब अंबेडकर की सीख के रूप में आज के वंचित समाज के लोगों को सब कुछ छोड़ कर अपने बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना चाहिए।



## अंबेडकर जयंती पर दिया जल संवर्धन का संदेश

**पाटन।** मुख्य मंत्री श्री मोहन यादव के आवाहन पर प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला जबलपुर पाटन विकास खंड सकरा सेक्टर की जनकल्याण नवांकुर संस्था द्वारा बाबा साहब की जयंती मनाई गई जिसमें जल संवर्धन चोपाल के माध्यम से ग्राम मादा में जल संवर्धन पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत मादा के बेनीप्रसाद यादव (पप्पू भैया) सचिव अमन मिश्र जीआरएस ब्रजेश यादव अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था से प्रेमनारायण चढ़ार रामराजा यादव सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।



## अजाक्स संघ ने बाबा साहेब को किया नमन



**पाटन।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी अजाक्स संघ द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित उदय राज सिंह ठाकुर ,रविशंकर कोरी, किशोरी लाल मरकाम, नन्हे भाई प्रधान, राम प्रसाद ठाकुर, गुलजार सिंह मेहरा,रामसहाय ठाकुर, जालम सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जैन समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# जैन संतों पर जानलेवा हमले पर जताया विरोध

**जबलपुर।** विगत दिवस नीमच के कछाला गांव में श्वेताम्बर जैन समाज के तीन जैन संतों पर हुए जानलेवा हमले पर जैन समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसे लेकर जबलपुर में सकल जैन समाज के सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने कहा कि इस दर्दनाक घटना से पूरा जैन समाज क्षुब्ध है और इसकी कड़ी निंदा करता है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस विषय पर त्वरित कार्यवाही की गई और अपराधियों को तुरंत हिरासत में लिया गया। इसके लिए हम सदस्यों ने प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। सदस्यों ने बताया कि अनेक वर्षों से ये देखा जा रहा है कि असामाजिक तत्वों द्वारा देश के अलग अलग क्षेत्रों में जैन समाज के संतों पर जान लेवा हमले किए जा रहे हैं, जबकि जैन संत अहिंसा के पुजारी हैं। सदस्यों ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा एक अधिनियम जारी किया गया है जो साधु संतों की सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन को निर्देश देता है कि वो उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। माननीय राष्ट्रपति जी, माननीय प्रधानमंत्री जी एवं सभी राज्यों के मुख्य मंत्रियों से सकल जैन समाज ये निवेदन करना चाहता है कि हमारे देश की धरोहर साधु संतों की सुरक्षा के लिए ऐसा ही प्रावधान सभी राज्यों में बनाकर उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए ठोस कदम उठाएं जाएं। इस अवसर पर श्री वर्धमान जैन स्थानकवासी श्रावक संघ सदर से अध्यक्ष मंगल चंद टाटिया, श्री जैन स्थानकवासी सेवा समिति, गोरखपुर से अध्यक्ष अर्जुन चोपड़ा, श्री शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर सदर से अध्यक्ष ज्ञान गोलछा, कच्छी जैन समाज, नेपियर टाउन से अध्यक्ष विपुल वीरा, श्री तेरापंती जैन सभा, जबलपुर से अध्यक्ष पारस नाहर, श्री शीतलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर, सराफा से अध्यक्ष विजय भूरा, श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर, मदन महल, अध्यक्ष उमेश जैन, दिगम्बर जैन पंचायत सभा, जबलपुर के अध्यक्ष कैलाश चंद जैनजबलपुर ,जैन नवयुवक सभा, जबलपुर मौजूद रहे।



**यशोदा बाई स्कूल में मार्गदर्शन सत्र आयोजित**

# बालिकाओं को किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तनों की दी जानकारी



**सिहोरा।** एकीकृत शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में मार्गदर्शन सत्र का सिविल अस्पताल में संचालित उमंग स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ आर.के एस के परामर्शदाता द्वारा विकासखण्ड समन्वयक नीतू गुप्ता के संयोजन में कराया गया। जिसमें 10 से 19 वर्ष के बच्चों को किशोरी कार्यक्रम के घटकों पोषण,यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य,असंचारी बीमारी,मानसिक स्वास्थ्य,चोट,हिंसा एवं लिंग आधारित हिंसा तथा मादक पदार्थों के बारे में जानकारी के साथ बच्चों को किशोर अवस्था में होने वाले विभिन्न परिवर्तनों एवं जीवन की अवस्थाओं के संबंध में बताया गया।

समन्वयक ने पोषण एवं पोषक तत्वों के साथ एनिमिया रोग के लक्षण एवं उचित खानपान के बारे में जानकारी के साथ माहवारी स्वच्छता के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया सत्र में उपस्थित बच्चों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए साथ ही किशोरियों को उमंग में आने की सलाह भी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य जे एल खाण्डे,उमंग' की शिक्षिका श्रीमती संगीता रैदास, संतोषी कोरी,दीप्ति सिंह राजपूत,जय प्रकाश तिवारी,एहसानुल अंसारी,बलराम बर्मन,रोशनी चौरसिया,रंजना चौरसिया,शोभना राजपूत,आदि उपस्थित रहे।




**श्रीमती प्रेमवती श्रीवास-** श्रीमती प्रेमवती श्रीवास का निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज निज निवास कृष्णा कॉलोनी सुहागी से सुबह 10.00 बजे सुहागी श्मशान घाट के लिए प्रस्थान करेंगी।



**श्रीमती निर्मला चौरसिया-** महानद्दा खालसा कॉलेज रोड निवासी श्री देवी चरण चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला चौरसिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती ममता सोनी-** हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया निवासी श्री राकेश सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता सोनी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम चौधरी-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री सुरेश चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री शानेंद्र कुमार कुड़ापे-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री केएस कुड़ापे के पुत्र श्री शानेंद्र कुमार कुड़ापे (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आकाश राजपूत-** नटबाबा की पहाड़ी झामनदास चौक रोड निवासी श्री पूरन सिंह राजपूत के पुत्र श्री आकाश राजपूत (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिनेश कुमार मौर्य-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री दिनेश कुमार मौर्य का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंदा बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री चंदा बंशकार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती तारा शर्मा-** नारायण नगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री हरि शंकर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती तारा शर्मा (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई मल्लाह-** राजीव नगर चुंगी नाका आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री ईश्वरदीन मल्लाह की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई मल्लाह (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई चौधरी-** करमेता निवासी श्री केशर प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उर्मिला चौधरी-** बाबा टोला निवासी श्री बसंत लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा देवी-** चग्गर फार्म तिलहरी निवासी श्री संतोष कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा देवी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जगदीश प्रजापति-** भानतलैया रोड राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री जगदीश प्रजापति (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## बाबा साहेब की जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित

**बरगी।** भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्षों भी जन अभियान परिषद द्वारा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, विकास खंड बरगी जबलपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम ग्राम हरदुली बरगी में किया गया, व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शहपुरा के ज़िला प्रचारक मोहन एवं मुख्य अतिथि ज़िला समन्वयक जन अभियान परिषद जबलपुर प्रदीप कुमार तिवारी रहे। सर्व प्रथम उपस्थित अतिथियों एवं अन्य सभी के द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा चित्र के समक्ष दीपांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया, सामाजिक समरसता एवं बाबा साहब की जीवन एवं कृतित्व विषय पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में पूर्व सरपंच पंचदेव महतो, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधी आशीष व्यास, रीतेश पटेल सामाजिक कार्यकर्ता एवं मेंटर रीना टेकाम, विजय खरे, छात्र छात्राओं सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जन समुदाय की सहभागिता रही।



### सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा प्याऊ स्थापित करने की श्रृंखला में पहला प्याऊ नवज्योति नशामुक्ति केन्द्र अवधपुरी के सहयोग से स्थापित किया गया। अध्यक्ष रोटे. अजय चौधरी ने आयोजन के प्रेरणास्रोत पूर्वाध्यक्ष अरुणकांत अग्रवाल तथा केन्द्र के संस्थापक हेमंत सोलंकी का आभार व्यक्त किया तथा अन्य बंधुओं से जो जल की व्यवस्था करने में सक्षम हों, इस पुनीत कार्य हेतु आगे आने की अपेक्षा की।

**CHANGE OF NAME AND DATE OF BIRTH**

I, **MUNIYAMMAL V** is legally Mother of No **15701824N** Rank **HAV** Name **CHANDRA SEKARAN V** presently, residing at **VILL- THIMIRI, PO- THIMIRI, TEH- ARCOT, DISTT- VELLORE (TAMIL NADU)-632512** I, have changed of my name and date of birth from name **MUNI YAMMAL Y** and date of birth **01/07/1961** (Name and date of birth as per my SON Army service records) to name **MUNIYAMMAL V** and date of birth **11/11/1963** (name and date of birth as per my **AADHAR CARD** vide affidavit dated **14/04/2025** (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

**CORRECT NAME-MUNIYAMMAL V**
**INCORRECT NAME-MUNI YAMMAL Y**
**CORRECT DATE OF BIRTH 11/11/1963**
**INCORRECT DATE OF BIRTH 01/07/1961**


**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ वाचक/अति-कले/2025, बिलासपुर, दिनांक 15.04.2025

श्री आशीष एक्का आत्मज श्री मारकुस एक्का उम्र 30 वर्ष निवासी 174 सतनाम नगर अमेरी वा.क्र. 04 थाना सिविल लाईन बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी रजनी कुजूर आत्मजा श्री फुल्जेस कुजूर उम्र 31 वर्ष निवासी म.नं. 1287/2 उदयनगर नंबर-02 मढ़ई व्हीकल फैक्ट्री थाना रांझी तहसील व जिला जबलपुर म.प्र.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 19.05.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



आशीष एक्का



रजनी कुजूर

(आर.ए. कुरूवंशी)
अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

# ब्रोकरेज फर्म मोर्गन ने दिया शेयर बाजार को झटका, टारगेट 93,000 से 82,000 किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मोर्गन स्टेनली ने 2025 के लिए बीएसई सेंसेक्स का नया टारगेट जारी किया है। ये टारगेट 82,000 है। बड़ी बात ये है कि पहले ये टारगेट 93,000 था, यानी इसमें करीब 12 फीसदी की कटौती की गई है।

मोर्गन स्टेनली का मानना है कि दिसंबर 2025 तक सेंसेक्स में अभी भी करीब 9 फीसदी का मुनाफा देखा जा सकता है। लेकिन पहले जितनी तेजी की उम्मीद थी, अब उससे कम की उम्मीद जताई जा रही है। ट्रंप के शुल्क वार से वैश्विक शेयर बाजार में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है। मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था अगर फिस्कल डिसिप्लिन बनाए रखती है, प्राइवेट इनवेस्टमेंट में तेजी आती है और रियल ग्रोथ व रियल इंटरेस्ट रेट के बीच फासला संतुलित रहता है, तो सेंसेक्स अपने नए लक्ष्य तक पहुंच सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2028 तक सेंसेक्स की कमाई सालाना औसतन 16 फीसदी की दर से बढ़ सकती है।

### ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म ने वर्ष 2025 के लिए बीएसई का नया टारगेज किया जारी

#### कंपनियों की अनुमानित कमाई घटाई

ब्रोकरेज फर्म ने बताया कि उन्होंने कंपनियों की कमाई का अनुमान करीब 13 फीसदी तक घटाया है। ग्लोबल मार्केट्स में सुस्ती का असर भारत की परफॉर्मेंस पर पड़ सकता है, भले ही भारत फिलहाल बाकी देशों की तुलना में बेहतर कर रहा हो, लेकिन, बीएसई सेंसेक्स का मूवमेंट वैसा नहीं रहने वाला, जैसा कि पहले अनुमान लगाया गया था। यही वजह है कि मोर्गन स्टेनले ने इसमें 12 फीसदी की कटौती की है।



#### बड़े शेयरों की तरफ बढ़ रहा झुकाव

रिपोर्ट के अनुसार, अब बाजार का फोकस 'मैक्रो' फैक्टर्स से हटकर स्टॉक सिलेक्शन पर आ गया है। मॉर्गन स्टेनली ने अपने पोर्टफोलियो में एक्टिव पोजीशन को भी घटाया है। सेक्टर के हिसाब से बात करें तो ब्रोकरेज फर्म ने फाइनेंशियल्स, कंज्यूमर साइक्लिकल्स (जैसे ऑटो और ड्यूरेबल्स) और इंडस्ट्रियल सेक्टर को वरीयता दी है। वहीं, एनर्जी, मटीरियल्स, यूटिलिटीज और हेल्थकेयर सेक्टर्स को उन्होंने कमजोर कैटेगरी में रखा है। साथ ही, स्मॉल और मिड-कैप कंपनियों के मुकाबले अब उनका झुकाव बड़े शेयरों की तरफ बढ़ गया है।

#### बुलिश की संभावना सिर्फ 30 प्रतिशत

अगर हालात उम्मीद से बेहतर निकलते हैं, जैसे सरकार द्वारा बड़े सुधार, जीएसटी दरों में कटौती और कृषि कानूनों पर प्रगति होती है तो सेंसेक्स 91,000 तक भी जा सकता है. लेकिन ब्रोकरेज फर्म का मानना है कि इस बुलिश सीनारियो की संभावना सिर्फ 30 फीसदी है। मार्च 2025 में उन्होंने यही आंकड़ा 105,000 का अनुमान दिया था, जिसे अब घटाकर 91,000 कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### ग्रीव्ज कॉटन ने सतपुते को एमडी किया नियुक्त

**मुंबई।** विविध इंजीनियरिंग फर्म ग्रीव्ज कॉटन लिमिटेड ने पराग सतपुते को अपना नया प्रबंध निदेशक (एमडी) और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि सतपुते अरूप बसु का स्थान लेंगे, जिन्होंने कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनका अनुबंध नौ मई, 2025 को खत्म हो जाएगा।

### पूनावाला फिनकॉर्प स्वर्ण ऋण कारोबार में उतरी



**नई दिल्ली।** साइरस पूनावाला समूह द्वारा प्रवर्तित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) पूनावाला फिनकॉर्प ने मंगलवार को 'गोल्ड लोन' (स्वर्ण ऋण) कारोबार में उतरते हुए गारंटी वाले ऋण उत्पादों के अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया। इस नई पेशकश ने व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए एक सुरक्षित, तेज और पारदर्शी वित्तपोषण समाधान प्रदान किया है, जो कारोबार विस्तार, कृषि लागत और व्यक्तिगत खर्चों जैसी विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है।

### ट्रांसरेल लाइटिंग को 1,085 करोड़ रुपए के नए ऑर्डर



**नई दिल्ली।** ट्रांसरेल लाइटिंग ने कहा कि उसे घरेलू बाजार में 1,085 करोड़ रुपये के नए पारेषण और वितरण (टीएंडडी) ऑर्डर मिले हैं। कंपनी को मार्च में भी टीएंडडी और रेलवे क्षेत्र में 1,647 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले थे। कंपनी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी रणदीप नारंग ने एक बयान में कहा, "हम अपने मुख्य पारेषण एवं वितरण खंड में इस नए ऑर्डर के साथ वित्त वर्ष की शुरुआत कर रहे हैं। यह वृद्धि बाजार में हमारी स्थिति को मजबूत करती है और निरंतर वृद्धि पर हमारे रणनीतिक फोकस के साथ तालमेल बिठाती है"।

### एचसीएल टेक ने एनवीडिया एआई को जेनएआई से जोड़ा

**नई दिल्ली।** एचसीएल टेक ने कहा कि उसने ग्राहक कंपनियों के बीच कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने की रफ्तार तेज करने के लिए अपने जेनएआई समाधानों के साथ एनवीडिया एआई एंटरप्राइज और ओमनीवर्स को एकीकृत किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह एकीकरण सॉफ्टवेयर विकास को अनुकूलित करके और इंजीनियरिंग उत्पादकता को बढ़ाकर उद्यमों में एआई अपनाने में तेजी लाने के लिए किया गया है। एचसीएल टेक ने कहा, "कंपनी ने अपने जेनरेटिव एआई-समर्थित सेवा कायांतरण मंच एआई फोर्स और एनवीडिया ओमनीवर्स को भौतिक एआई समाधान स्मार्टट्विन के साथ एनवीडिया एआई एंटरप्राइज को एकीकृत किया है।"



### सेबी ने मार्च में 4,000 से ज्यादा शिकायतें निपटाईं



**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने शिकायत निवारण मंच ''स्कोर्स'' के जरिये मार्च में 4,371 शिकायतों का निपटारा किया है। नियामक ने कहा कि मार्च के अंत तक स्कोर्स मंच पर तीन महीने से ज्यादा समय से लंबित शिकायतों की संख्या तीन थीं। इसमें मधुवीर कॉम18 नेटवर्क लिमिटेड और निखिल दयानंद बलजेकर से जुड़ी शिकायतें भी शामिल हैं। सेबी के आंकड़ों के मुताबिक, 28 फरवरी तक लंबित शिकायतों की संख्या 4,376 थी।

## कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही

# यूटिलिटी वाहनों की मांग से यात्री वाहनों की थोक बिक्री रिकॉर्ड 43 लाख के पार: सियाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर रिकॉर्ड 43 लाख इकाइयों का आंकड़ा पार कर गई। कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

■ उद्योग निकाय सियाम ने दी जानकारी

सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर यात्री वाहनों की थोक बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 43,01,848 इकाई हो गई। वित्त वर्ष 2023-24 में यह 42,18,750 इकाई रही थी। सियाम के अनुसार, यूटिलिटी वाहनों ने वृद्धि को गति देना जारी रखा। सियाम ने कहा कि यात्री वाहन खंड ने भी वित्त वर्ष 2024-25 में अपना अब तक का सबसे अधिक 7.7 लाख इकाई का निर्यात दर्ज किया। वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में यह 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। निर्यात में वृद्धि देश में निर्मित होने वाले वैश्विक मॉडल की मांग से प्रेरित रही।



#### तिपहिया वाहनों की बिक्री सात फीसदी रही

पिछले वित्त वर्ष में कुल वाणिज्यिक वाहनों की थोक बिक्री एक प्रतिशत घटकर 9,56,671 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 9,68,770 इकाई थी। इसी अवधि में तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 6,94,801 इकाइयों की तुलना में सात प्रतिशत बढ़कर 7,41,420 इकाई हो गई।

#### उद्योग ने स्थिर प्रदर्शन जारी रखा

सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, ''भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपना स्थिर प्रदर्शन जारी रखा, जो अच्छी मांग, बुनियादी ढांचे में निवेश, सहायक सरकारी नीतियों और टिकाऊ परिवहन पर निरंतर जोर से प्रेरित रहा।'' सभी श्रेणियों में पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 2,38,57,411 इकाई से सात प्रतिशत बढ़कर 2,56,07,391 इकाई हो गई।

#### यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 फीसदी बढ़ी

वित्त वर्ष 2024-25 में कुल यात्री वाहनों की थोक बिक्री में इनकी हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही जो वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 60 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 में यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 27,97,229 इकाई हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 25,20,691 इकाई थी। इसकी तुलना में, यात्री कारों की बिक्री में 13 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 की 15,48,947 इकाई से घटकर 13,53,287 इकाई रह गई।

#### दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री में नौ फीसदी इजाफा

गत वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री नौ प्रतिशत बढ़कर 1,96,07,332 इकाई हो गई, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 1,79,74,365 इकाई थी। सियाम ने कहा कि ग्रामीण मांग में सुधार और उपभोक्ता विश्वास में पुनरुत्थान से इस क्षेत्र को उबरने में मदद मिल रही है।

#### पड़ोसी देशों में निर्यात मांग जारी रही

यात्री वाहनों की थोक बिक्री मार्च महीने में 3,81,358 इकाई रही, जो मार्च 2024 के 3,68,090 वाहनों से चार प्रतिशत अधिक है। इसके अलावा, सियाम ने बताया कि अफ्रीका और पड़ोसी देशों जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात मांग जारी रहने की संभावना है, क्योंकि 'मेड इन इंडिया' वाहनों का चलन बढ़ रहा है।

# मौजूदा समय में बफर पूंजी के उपयोग की जरूरत नहीं : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को 'काउंटरसाइक्लिकल' यानी सुस्ती की स्थिति से निपटने के लिए तैयार बफर पूंजी (सीसीवाईबी) का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय बैंक का मानना है कि मौजूदा परिस्थिति में इसकी जरूरत नहीं है। आरबीआई ने सीसीवाईबी की रूपरेखा को फरवरी, 2015 में दिशानिर्देशों के रूप में पेश किया था। इसमें यह सलाह दी गई थी कि परिस्थितियों के अनुरूप सीसीवाईबी को लागू किया जाएगा और इसके बारे में पहले से घोषणा की जाएगी।

■ आरबीआई काउंटरसाइक्लिकल का उपयोग नहीं करेगी

रूपरेखा में मुख्य संकेतक के रूप में ऋण-जीडीपी अंतर की परिकल्पना की गई है। इसका उपयोग अन्य पूरक संकेतकों के साथ किया जा सकता है। आरबीआई ने बयान में कहा, ''सीसीवाईबी संकेतकों की समीक्षा के आधार पर यह निर्णय लिया गया है कि इस समय इसको लागू करना जरूरी नहीं है।'' इसे पेश 2015 में किया गया, लेकिन आरबीआई ने अबतक इसका उपयोग नहीं किया है। आरबीआई के अनुसार, सीसीवाईबी व्यवस्था के दो उद्देश्य हैं। सबसे पहले, इसके लिए बैंकों को अच्छे समय में पूंजी बफर बनाने की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग कठिन समय में ऋण के प्रवाह को बनाए रखने के लिए किया जा सकता है।



#### अंधाधुंध कर्ज देने पर लगेगी रोक

दूसरा, यह बैंक क्षेत्र को अत्यधिक ऋण वृद्धि की अवधि में अंधाधुंध कर्ज देने से रोकने के लक्ष्य को भी हासिल करने में मददगार है। वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के मद्देनजर केंद्रीय बैंक के प्रमुखों और पर्यवेक्षण प्रमुखों के समूह (जीएचओएस) ने प्रतिचक्रीय पूंजी उपायों पर एक रूपरेखा की शुरुआत की परिकल्पना की थी।

# सरकार ने 2025-26 के सत्र में अबतक 60 लाख टन गेहूं खरीदा

### एक अप्रैल से शुरू हुआ नया विपणन सत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने एक अप्रैल से शुरू हुए विपणन सत्र 2025-26 में अबतक लगभग 60 लाख टन गेहूं खरीदा है। खाद्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार ने चालू सत्र के लिए 3.1 करोड़ टन की खरीद का लक्ष्य रखा है, जिसमें से लगभग दो करोड़ टन प्रमुख उत्पादक राज्यों - पंजाब और हरियाणा से तथा शेष अन्य राज्यों से आने की उम्मीद है।

■ चालू सत्र के लिए 3.1 करोड टन का खरीद लक्ष्य रखा

कृषि मंत्रालय द्वारा फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में 11.5 करोड़ टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाने के बावजूद यह लक्ष्य कम है। अधिकारी ने कहा, ''अबतक खरीदी गई अधिकांश फसल की मात्रा मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से आई है। आने वाले दिनों में पंजाब और हरियाणा से खरीद में तेजी आएगी।'' अधिकारी ने कहा कि फसल की पैदावार अच्छी बताई जा रही है और खरीद लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। वर्ष 2024-25 में सरकारी गेहूं खरीद 3.0-3.2 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले 2.66 करोड़ टन थी। यह वर्ष 2023-24 में खरीदे गए 2.62 करोड़ टन से अधिक है, जब लक्ष्य तीन करोड़ 41.5 लाख टन था। कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, किसानों ने अबतक गेहूं की बुवाई वाले अनुमानित 3.2 करोड़ हेक्टेयर में से 38 प्रतिशत की कटाई की है।



#### भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक

इस प्रक्रिया का प्रबंधन मुख्य रूप से भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियों द्वारा किया जाता है। चीन के बाद भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है।

# रुपया 33 पैसे चढ़कर 85.77 प्रति डॉलर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



शेयर बाजारों में तेज उछाल और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच डॉलर में जारी कमजोरी के कारण मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में लगातार दूसरे सत्र में तेजी रही और यह 33 पैसे चढ़कर 85.77 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अनुकूल घरेलू मुद्रास्फीति के आंकड़े और अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारत पर अतिरिक्त 26 प्रतिशत शुल्क को नौ जुलाई तक टालने के फैसले से भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया दिन के निचले स्तर 85.85 प्रति डॉलर पर खुला और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.59 प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर को छू गया। सत्र के अंत में रुपया 85.77 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 33 पैसे की बढ़त है।

सोने की कीमत में 50 रुपए की बढ़त दर्ज

# सोना 96,450 रुपए के सर्वकालिक उच्चस्तर पर, चांदी 2,500 रुपए चढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 96,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है।

■ औद्योगिक मांग के कारण चांदी की कीमत बढ़ी

सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये गिरकर 96,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये बढ़कर 96,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया, जबकि इसका पिछला बंद भाव 95,950 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इस बीच, ताजा औद्योगिक मांग के कारण चांदी की कीमत 2,500 रुपये बढ़कर 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। सोमवार को चांदी 500 रुपये की गिरावट के साथ 95,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 13.67 डॉलर या 0.43 प्रतिशत बढ़कर 3,224.60 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

अबन्स फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) चिंतन मेहता ने कहा, ''डॉलर के कमजोर होने और अमेरिकी व्यापार नीति को लेकर लगातार अनिश्चितता के कारण सोने की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर के करीब स्थिर बनी हुई हैं।'' मेहता ने कहा कि बुधवार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल की आगामी प्रेस कॉन्फ्रेंस पर निवेशकों का ध्यान रहेगा, क्योंकि निवेशक इस बात के संकेत चाहते हैं कि अगर व्यापार तनाव बढ़ता है या आर्थिक स्थिति कमजोर होती है तो केंद्रीय बैंक क्या प्रतिक्रिया दे सकता है।



#### वृहद आंकड़ों का रहेगा इंतजार

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, कारोबारी अब मंगलवार को जारी होने वाले एनवाई एम्पायर स्टेट मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स सहित अमेरिका के वृहद आर्थिक आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं।

# भारत में दूसरा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक बनने की क्षमता

नई दिल्ली। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने मंगलवार को कहा कि भारत में ब्राजील और चीन को पीछे छोड़कर दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक बनने की क्षमता है। भारत का लौह अयस्क उत्पादन 2024-25 (अप्रैल-जनवरी) में 3.5 प्रतिशत बढ़कर 23.6 करोड़ मीट्रिक टन हो गया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 22.8 करोड़ मीट्रिक टन था। वेदांता समूह के चेयरमैन ने बताया कि भारत कैसे लौह अयस्क उत्पादन में ब्राजील और चीन से आगे निकल सकता है। चेयरमैन ने कहा, '' हमारे विशाल भंडार को देखते हुए, हम प्रति वर्ष 70 करोड़ टन उत्पादन कर सकते हैं और ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरे सबसे बड़े देश बन सकते हैं... यह काफी हद तक संभव है। इससे भारत को आर्थिक वृद्धि, नौकरियों और राजस्व के मामले में काफी लाभ होगा..।''



# अमेरिकी शुल्क लागू होने से भारत की वृद्धि दर घटेगी : एसएंडपी

### भारत, चीन और जापान जैसे देशों में 0.40 प्रतिशत की गिरावट आएगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत, चीन और जापान जैसी प्रमुख एशिया-प्रशांत की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर में अमेरिकी जवाबी शुल्क लागू होने पर अगले दो वर्षों में 0.20 से 0.40 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है।

■ अमेरिकी शुल्क की धमकी ने वैश्विक व्यापार व भरोसे को कम किया

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा, अमेरिका की शुल्क लगाने की धमकी ने वैश्विक व्यापार व भरोसे को कम किया है। चीन और अमेरिका के साथ निर्यात पर क्षेत्र की निर्भरता का विनिर्माताओं और छोटी अर्थव्यवस्थाओं पर बहुत अधिक असर पड़ेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अनुसंधान प्रमुख (एशिया-प्रशांत) यूनिस टैन ने कहा, '' यदि दो अप्रैल, 2025 को घोषित शुल्क अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर फिर से लागू हो जाते हैं, तो इसके भू-राजनीतिक तथा आर्थिक परिणाम गहरे होंगे।' भारत के लिए, एसएंडपी ने मार्च में 2025 और 2026 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया था। यदि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित जवाबी शुल्क को लागू किया जाता है तो एसएंडपी का अनुमान है कि वृद्धि दर घटकर क्रमशः 6.3 प्रतिशत तथा 6.5 प्रतिशत हो जाएगी। ट्रंप की दो अप्रैल को की गई शुल्क बढ़ोतरी की घोषणा ने वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में हड़कंप मचा दिया था।



#### वियतनाम, थाइलैंड और ताइवान होंगे अधिक प्रभावित

एसएंडपी ने कहा कि यदि दो अप्रैल को घोषित शुल्क पूरी तरह से लागू किए गए, तो '' चीन, जापान और भारत की प्रमुख (एशिया प्रशांत) अर्थव्यवस्थाओं में अगले दो साल में 0.20-0.40 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। वियतनाम, थाइलैंड और ताइवान की वृद्धि दर प्रत्यक्ष रूप से सबसे अधिक प्रभावित होगी।''

## थोक मुद्रास्फीति मार्च में घटकर 2.05 प्रतिशत पर पहुंची

# खाद्य वस्तुओं के सस्ता होने से मार्च में थोक महंगाई घटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं के दाम घटने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मार्च में मासिक आधार पर घटकर छह महीने के निचले स्तर 2.05 प्रतिशत पर आ गई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

■ थोक महंगाई दर छह माह के निचले स्तर पर

इससे पहले पिछले साल सितंबर में थोक मुद्रास्फीति 1.91 प्रतिशत पर रही थी। वहीं थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति फरवरी में 2.38 प्रतिशत थी। हालांकि, वार्षिक आधार पर मार्च में इसमें वृद्धि हुई है। मार्च, 2024 में यह 0.26 प्रतिशत थी।



#### आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। आरबीआई ने पिछले सप्ताह प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है।

#### खाद्य उत्पाद, बिजली व कपड़े महंगे होने से महंगाई बढ़ी

उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, मार्च 2025 में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, बिजली व कपड़े आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ी है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के अनुसार, खाद्य मुद्रास्फीति फरवरी के 3.38 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.57 प्रतिशत रह गई।

#### सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट

सब्जियों की कीमतों में भारी गिरावट इसकी मुख्य वजह रही। आलू की मुद्रास्फीति जो फरवरी, 2024 से दोहरे अंक में बढ़ रही थी मार्च, 2025 में इसमें गिरावट आई। मार्च, 2025 में आलू में यह 6.77 प्रतिशत थी। प्याज की मुद्रास्फीति फरवरी में 48.05 प्रतिशत के मुकाबले मार्च में घटकर 26.65 प्रतिशत रह गई।

#### विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति बढ़कर 3.07 फीसदी

हालांकि, विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति मार्च में बढ़कर 3.07 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 2.86 प्रतिशत थी। ईंधन तथा बिजली में भी वृद्धि देखी गई और मार्च में यह 0.20 प्रतिशत रही। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट निदेशक पारस जसराय ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में थोक मुद्रास्फीति औसतन 2.3 प्रतिशत रही, जो 2023-24 (-0.7 प्रतिशत) से अधिक है। हालांकि वित्त वर्ष 2022-23 के 11.2 प्रतिशत से काफी कम है।

चिंतन

## न्यायपालिका में ढांचागत सुधार की तत्काल जरूरत

भारतीय न्यायपालिका कई तरह की ढांचागत समस्याओं से भी जूझ रही है। पिछले दिनों न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर चिंता प्रकट की थी। दिल्ली हाईकोर्ट के जज के आवास परिसर से मिले अधजले नोटों ने न्यायाधीश स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की ओर ध्यान आकृष्ट किया। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नई बात नहीं है, आजादी के वक्त से है और कई रसूखदार लोगों के लिए इंसाफ बस सौदा रहा है। देश की न्यायपालिका इंसाफ सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत भी रहती है, ताकि आमजन का भरोसा अदालतों के प्रति कायम रहे, लेकिन इसमें न्यायिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी आड़े आ रही है। इंडिया जस्टिस सिस्टम की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, देश में प्रति दस लाख आबादी पर केवल 15 न्यायाधीश हैं, जो वर्ष 1987 के विधि आयोग की प्रति दस लाख की आबादी पर 50 न्यायाधीशों की सिफारिश से बहुत दूर है। इस लिहाज से अगर देखें तो प्रति दस लाख लोगों पर देश में 35 जज कम हैं, जो काफी चिंताजनक है। भारतीय अदालतों में जजों की कमी, भवनों व चैंबरों की कमी, प्रशिक्षित कर्मियों की कमी और टेक्नोलॉजी अपनाने में देरी जैसी अनेक समस्याएं हैं, जिसके चलते विभिन्न अदालतों में पेंडिंग केसों की संख्या साढ़े चार करोड़ के पार हैं। इनमें 87.6 प्रतिशत मामले अधीनस्थ न्यायालयों और 12.3 प्रतिशत उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। न्याय पाने की समय सीमा इतनी लंबी हो जाती है कि लोगों की उम्मीद ही मर जाती है। अदालतों में भ्रष्टाचार इस स्थिति के चलते भी है। उच्च न्यायालयों में रिक्तियां कुल स्वीकृत पदों का 33 प्रतिशत थीं। रिपोर्ट में 2025 में 21 प्रतिशत रिक्तियों का दावा किया गया, जो मौजूदा न्यायाधीशों के लिए अधिक कार्यभार को दर्शाता है। राष्ट्रीय स्तर पर जिला न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश औसत कार्यभार 2,200 मामले हैं। इलाहाबाद और मध्यप्रदेश उच्च न्यायालयों में प्रति न्यायाधीश मुकदमों का बोझ 15,000 है। इंडिया जस्टिस सिस्टम की रिपोर्ट हमारी न्याय व्यवस्था की गंभीर तस्वीर उजागर करती है। कानूनी सहायता पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 6.46 रुपये प्रति वर्ष है, जबकि न्यायपालिका पर राष्ट्रीय प्रति व्यक्ति व्यय 182 रुपये है। कोई भी राज्य न्यायपालिका पर अपने कुल वार्षिक व्यय का एक प्रतिशत से अधिक खर्च नहीं करता है। इंडिया जस्टिस रिपोर्ट सेंटर फॉर सोशल जस्टिस, कॉमन कॉज, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव और विधि सेंटर फॉर लीगल पॉलिसी जैसे कई संस्थानों के साथ मिलकर तैयार की गई है। पहल 2019 में टाटा संस ने की थी, तब से यह चौथी रिपोर्ट है। इसके पीछे मकसद भारत में न्याय की स्थिति का आंकलन है। अदालतों में महिलाओं की संख्या जरूर बढ़ी हैं, लेकिन एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय से जजों का प्रतिनिधित्व अपेक्षा से कम है। अभी विभिन्न अदालतों में स्वीकृत पदों में से छह हजार से अधिक न्यायाधीशों के पद खाली हैं। निचली अदालतों में 5748 जजों के पद खाली हैं, जो कुल स्वीकृत पदों का लगभग 21 प्रतिशत हैं। वर्ष 2010 और वर्ष 2020 के बीच सभी न्यायालयों में लंबित मामलों में 2.8 फीसदी की दर से वार्षिक बढ़ोतरी हुई। उच्च न्यायालयों में 21 फीसदी मामले 10 वर्षों से, और अधीनस्थ न्यायालयों में 23 प्रतिशत मामले पांच वर्षों से लंबित हैं। ट्रिब्यूनल्स और विशेष अदालतों में भी लंबित मामले और रिक्तियां बहुत अधिक हैं। आज जरूरत न्यायपालिका में ढांचागत सुधार की है, रिक्तियों को भरने की है, जनसंख्या व जजों के अनुपात को आदर्श बनाने की है।



विश्लेषण
राज कुमार सिंह

# कांग्रेस में प्रतिबद्धता भी आवश्यक

> राहुल गांधी से कांग्रेस के कायाकल्प की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन एक दशक से भी अधिक समय से वह वैसा करने का साहस नहीं जुटा पाये हैं, जबकि इसी अवधि में भाजपा पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले दशक के शुरू में चर्चित 'टीम राहुल' इस बीच बिखरती गयी है तो पार्टी की दुर्गति के लिए जिम्मेदार कांग्रेसियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बजाय राहुल ने खुद अध्यक्ष पद छोड़ दिया। मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। सत्ता विरोधी भावना की वास्तविकता से कोई भी सरकार या दल अनिश्चितकाल तक नहीं बच सकता, पर क्या कांग्रेस बेहतर विकल्प होने का वैसा विश्वास जनता में जगा सकती है, जैसा 2013- 2014 में भाजपा जगाने में सफल रही?

नरेंद्र मोदी की भाजपा को उनके गृह राज्य गुजरात में ही हराकर अपने पुनरुत्थान के साहसिक सपने के साथ अहमदाबाद में कांग्रेस का अधिवेशन तो हो गया, पर असली चुनौतियां आंतरिक हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में ही मोदी की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनी। विकास के गुजरात मॉडल के सहारे ही, दस साल बाद, 2014 में भाजपा ने केंद्रीय सत्ता में जोरदार वापसी की। गुजरात को भाजपा की हिंदुत्ववादी राजनीति की प्रयोगशाला भी माना जाता है, जहां उसे तीन दशक से कांग्रेस सत्ता से हिला तक नहीं पायी है। सच यह भी है कि दशकों तक गुजरात पर शासन करने वाली कांग्रेस का ग्राफ वहां लगातार गिरता गया है। पिछले तीन दशकों में कांग्रेस सिर्फ 2017 में ही भाजपा को चुनौती देती दिखी, जब उसने 182 सदस्यीय विधानसभा में 77 सीटें जीत लीं, पर 2022 के चुनाव में वह 17 सीटों पर लुढ़क गयी।

बेशक उस शर्मनाक प्रदर्शन में निर्णायक भूमिका आम आदमी पार्टी की रही, जिसने सीटें तो पांच ही जीतीं, पर 14 प्रतिशत वोट लेकर कांग्रेस को पस्त कर दिया। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के बैनर तले डेढ़ साल की दोस्ती के बाद कांग्रेस-आप फिर आमने-सामने हैं। ऐसे में नरेंद्र मोदी-अमित शाह की भाजपा से 2027 के चुनाव में कांग्रेस गुजरात की सत्ता कैसे छीन पायेगी? गुजरात में कांग्रेस की कमान राहुल गांधी के विश्वस्त शक्ति सिंह गोहिल के हाथों में है, लेकिन हार्दिक पटेल और अल्पेश ठाकोर जैसे युवा नेता भी भाजपाई बन गये, जिनके सहारे कांग्रेस अपने पुनरुत्थान की आस लगा रही थी।

बेशक दिल्ली में आप की हार और भाजपा की जीत बताती है कि चुनाव में कुछ भी हो सकता है, लेकिन उसके लिए जरूरी तैयारी और ताकत तो चाहिए। कह सकते हैं कि चुनावी तैयारियों के लिए ढाई साल का समय कम नहीं होता, लेकिन जमीन पर तैयारियों के लिए सशक्त और सक्रिय संगठन भी चाहिए। राहुल गांधी खुद कह चुके हैं कि कुछ कांग्रेसी, भाजपा से मिले हुए हैं। ऐसे कांग्रेसियों के सहारे तो चुनावी समर नहीं जीता जा सकता। संभव है, भाजपा से मिले हुए कांग्रेसियों की राहुल ने पहचान भी कर ली हो, पर जानकारों के मुताबिक वे हर स्तर पर हैं और उनकी संख्या इतनी ज्यादा है कि बाहर निकाल दिये जाने पर पार्टी ही सिकुड़ सकती है। बेशक ऐसे आंतरिक दुश्मनों से निजात जरूरी है, पर 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद से लगातार पराभव झेल रही कांग्रेस उन्हें अभी तक बर्दाश्त क्यों कर रही है? इस बुरे वक्त में न सिर्फ आलाकमान के करीबी रहे बड़े-बड़े नेता कांग्रेस से किनारा कर गये, बल्कि खुद राहुल गांधी की टीम के तमाम सदस्यों ने भी 'हाथ' झटक कर 'कमल' थाम लिया। सत्ता का साथ उनकी फितरत भी रही होगी, पर क्या सही और गलत नेताओं में फर्क न कर पाने के लिए खुद कांग्रेस आलाकमान भी जिम्मेदार नहीं? 2014 के लोकसभा चुनाव में अपने इतिहास का सबसे शर्मनाक प्रदर्शन करने वाली कांग्रेस के पास गंवाने के लिए कुछ भी नहीं बचा था। तभी राहुल गांधी ने कांग्रेस के शुद्धिकरण का साहस क्यों नहीं दिखाया? चुनाव-दर-चुनाव कांग्रेस हारती रही।

नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए राहुल गांधी ने राष्ट्रीय



अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर गांधी परिवार के बाहर से नया अध्यक्ष बनाने की जिद भी पूरी कर ली, लेकिन क्या पूरे देश में किसी और कांग्रेसी नेता ने चुनावी हार की जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दिया?

जीत की गारंटी लेते हुए संगठन और टिकट वितरण में क्षत्रप मनमानी तो करते हैं, लेकिन हार जाने पर तमाम कारण गिनाने लगते हैं। बेशक जीत का सेहरा राष्ट्रीय नेतृत्व को पहनाने और हार का ठीकरा प्रदेश नेतृत्व के सिर फोड़ने की चाटुकार-संस्कृति सभी दलों में है, लेकिन इससे संगठनात्मक विकृतियां लंबे समय में नासूर बन जाती हैं। कांग्रेस के साथ वैसा ही हुआ है। साफ कहें तो गुजरात समेत पूरे देश में ही कांग्रेस में व्याप्त बीमारियों का वास्तविक उपचार दवाइयों के बजाय बड़े ऑपरेशन से ही संभव है, पर राहुल गांधी उसका साहस जुटाते फिलहाल नजर नहीं आते। शायद राहुल ने कांग्रेस के इतिहास से भी सही सबक नहीं सीखा। सत्ता और संगठन पर काबिज पुराने नेता नयी पीढ़ी को आगे नहीं आने देते। जब स्वाभाविक रूप से पीढ़ीगत परिवर्तन होता है, तब भी वे अपने परिजनों को ही बढ़ाते हैं, जो संगठन से सत्ता तक पर अपना उत्तराधिकार मानते हैं। इसीलिए कमान संभालने के बाद सफलता के लिए इंदिरा गांधी को भी पुराने मठाधीशों की सिंडिकेट से मुक्ति पा कर नयी कांग्रेस बनानी पड़ी थी। राजीव गांधी को देश और कांग्रेस की कमान अप्रत्याशित परिस्थितियों में संभालनी पड़ी थी, लेकिन 'सत्ता के दलालों' का जिक्र करते हुए उन्हें भी राज्यों से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कांग्रेस में नया नेतृत्व उभारने का साहस दिखाना पड़ा। सोनिया गांधी ने अपना अध्यक्ष काल कई कारणों से कमोबेश राजीव के समकालीनों के सहारे ही चलाया।

राहुल गांधी से कांग्रेस के कायाकल्प की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन एक दशक से भी अधिक समय से वह वैसा करने का साहस नहीं जुटा पाये हैं, जबकि इसी अवधि में भाजपा पूरी तरह बदल चुकी है। पिछले दशक के शुरू में चर्चित 'टीम राहुल' इस बीच बिखरती गयी है तो पार्टी की दुर्गति के लिए जिम्मेदार कांग्रेसियों को बाहर का रास्ता दिखाने के बजाय राहुल ने खुद अध्यक्ष पद छोड़ दिया। मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है। सत्ता विरोधी भावना की वास्तविकता से कोई भी सरकार या दल अनिश्चितकाल तक नहीं बच सकता, पर क्या कांग्रेस बेहतर विकल्प होने का वैसा विश्वास जनता में जगा सकती है, जैसा 2013- 2014 में भाजपा जगाने में सफल रही? कांग्रेस की गलतियों को सार्वजनिक रूप से स्वीकार करते हुए पार्टी को सामाजिक न्याय के धर्मनिरपेक्ष एजेंडा पर लौटाने की कोशिश निश्चय ही राहुल गांधी के साहस की परिचायक है, लेकिन कांग्रेसी ही बेहद महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दों पर उनके साथ खड़े नजर नहीं आते।

क्या वे राहुल के एजेंडा से सहमत नहीं हैं या फिर उनके निहित स्वार्थ आड़े आ रहे हैं? कारण जो भी हो, निराकरण पार्टी पर दशकों से काबिज नाकाम मठाधीशों से मुक्ति में ही निहित है। नेतृत्व राजनीतिक और चुनावी एजेंडा तय कर सकता है, लेकिन उसे जनता के बीच ले जाकर चुनाव जीतने का काम सशक्त और सक्रिय संगठन के बिना संभव नहीं। इसलिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध अपने बहु प्रचारित वैचारिक संघर्ष में राहुल गांधी तब तक नहीं जीत पायेंगे, जब तक कि वह उस विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध कांग्रेस नहीं बना लेते। राहुल गांधी को क्षेत्रीय दलों से रिश्तों की बाबत भी स्पष्ट रणनीति बनानी होगी, जिनका राज्य की राजनीति में तो कांग्रेस से टकराव है, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा से जिनका विरोध असंदिग्ध है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

दक्षिण
विवेक शुक्ला



## अब तमिलनाडु में किला फतह चाहती है भाजपा

दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में अपनी ठोस उपस्थिति दर्ज करना चुकी भारतीय जनता पार्टी अब तमिलनाडु में भगवा झंडा फहराने का निश्चय कर चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता का स्वाद चख चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है, जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद हुंकार नहीं भर पा रही है। भाजपा के लिए यह चिंता के साथ चिंतन का भी विषय रहा है और इसी प्रक्रिया का एक हिस्सा एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा भी है। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन नया नहीं है। 1998 में ही भाजपा ने इस पार्टी के साथ गठबंधन की नींव डाल दी थी। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने का श्रेय एआईडीएमके को जाता है। जे जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा,तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके का नजदीकी संबंध बना रहा। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। भाजपा ने राज्य में अपना आधार बढ़ाने के लिए एकला चलो रे की नीति अपनाई और तेज तर्रार पूर्व आईपीएस अन्नामलाई को नेतृत्व सौंप दिया। अन्नामलाई ने डीएमके के साथ-साथ एआईडीएमके को भी निशाने पर लिया और राज्य भर में दौरा किया। नतीजा यह हुआ कि 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एआईडीएमके ने एनडीए को बाय-बाय कह दिया और कुछ साथियों को लेकर चुनाव में उतर आए। नतीजा न भाजपा के पक्ष में आया और न ही एआईडीएमके के पक्ष में। डीएमके ने पूरी मलाई खा ली। भाजपा के साथ-साथ एआईडीएमके को भी यह आभास हो गया कि 46 प्रतिशत वोट शेयर के साथ सत्ता में आई डीएमके को अगले साल होने वाले विधान सभा चुनाव में हराने के लिए 11 प्रतिशत वोट शेयर रखने वाली बीजेपी को साथ लेना आवश्यक है। यहां भूमिका अमित शाह की आनी ही थी, वह दो दिन के लिए चेन्नई गए और फिर गठबंधन की घोषणा कर के ही लौटे। इसके पहले भी अमित शाह कई राजनीतिक संभावनाओं को संभव बना चुके हैं। त्रिपुरा, बंगाल और उड़ीसा के बाद अब भाजपा के लिए केरल और तमिलनाडु ही दो ऐसे प्रदेश बचे हैं, जहां बड़े कैनवास पर कमल खिलाना बाकी है। अगले साल तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है, उसमें तमिल प्राइड और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है, लेकिन एजेंडा, हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन के बनाए जा रहे हैं। मोदी और अमित शाह को घोर सांप्रदायिक और फेडरल स्ट्रक्चर को बिगाड़ने वाले नेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। सामान्य शिष्टाचार है कि राज्य में प्रधानमंत्री के दौरे के समय मुख्यमंत्री आगवानी करते हैं, लेकिन हाल ही में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के दौरे पर गए थे, तो जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए। जाहिर है कि डीएमके भाजपा विरोध के बजाय केंद्र से टकराव की राजनीति को आगे रखकर चुनाव लड़ना चाहती है। बीजेपी के लिए यह दोहरी चुनौती है। सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका में लगातार अपनी पैठ बढ़ा रहा है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर खिलाफत करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है। भाजपा, तमिलनाडु में होने वाले हर लोकसभा या विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेती रही है, लेकिन बड़ी सफलता अभी तक नहीं मिली है। भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लडाई भी लड़ी जानी है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते है। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं। वह एआईडीएमके के साथ अभी से कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बना कर चलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है, तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## सोया हुआ अमुनि और जागा हुआ मुनि



संकलित
दर्शन

अध्यात्म की नजर में सिर्फ जागा हुआ मनुष्य ही धर्मिक मनुष्य होता है, क्योंकि धर्म की परिभाषा में अपने प्रति सोया हुआ 'अमुनि' है और अपने प्रति असोया हुआ (जागा हुआ) 'मुनि' है। अब मनुष्य के समक्ष धर्म का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यही है, सबसे महत्त्वपूर्ण जिज्ञासा यही है कि नींद में हम आपस में धर्म के नाम पर लड़ाई-झगड़े करते आ रहे है और एक-दूसरे और धार्मिक ग्रंथों को अपमानित करने से भी बाज नहीं आते। हम समझते हैं हम धर्म का काम कर रहे हैं, हम धर्म का झंडा ऊंचा कर रहे हैं। जागा हुआ इनसान यह जान जाता है कि 'मैं कौन हूं, क्या हूं।' वह जान जाता है कि मैं इनसान हूं, हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई नहीं हूं। जब इनसान इनसान बनकर जीता है, तो धर्म के नाम पर सभी झगड़े समाप्त हो जाते हैं। यही जागरण है और यही इसकी क्रांति है। अब सवाल पैदा होता है कि अगर हम सोए हुए हैं, तो हमारी तंद्रा (निद्रा) कैसे मिट सकती है, हम सपनों के बाहर कैसे हो सकते हैं, अज्ञानता से बंद हुई हमारी आंख कैसे खुल सकती है? महात्मा फरमाते हैं कि अगर सोए हुए मनुष्य को सही मायनों में जागना है, तो उसे एक निर्णय अपने हृदय में लेना जरूरी है कि ये सोया हुआ है, क्योंकि जब तक मनुष्य यह स्वीकार करने को राजी नहीं हो जाता कि ये वास्तविकता में सोया है, तब तक ये जागने की दिशा में कोई कदम नहीं रख सकता और जागने की दिशा का पहला सूत्र है कि मनुष्य अनुभव करे कि ये वाकई सोया हुआ है। अब अनुभव करने के लिए हमारा सारा जीवन प्रमाण है।

## जैसी होती है संगत, वैसी बहती जीवन की धारा



संकलित
प्रेरणा

हमारा जीवन कैसा है? पानी जैसा। जिसमें डालोगे वैसा हो जाता है। सत्संग में डालते हो, तो सत्संग में, उस ऊर्जा में, तुम वैसे हो जाते हो। जिस संगत में होते हो, वैसे तुम्हारी जीवन धारा बहने लगती है। जहां पर भी मन डालते हैं, वो उस रूप को ले लेता है। इसलिए भी सत्संग बहुत आवश्यक है। हो रहा है न? जब सत्संग में बैठते हैं तो पूरी आपकी जो चेतना है, बदल जाती है कि नहीं? सकारात्मक हो जाते हो उत्साह, स्फूर्ति, भक्ति। भक्ति के वातावरण में डालते हो तो भक्तिमय हो जाते हो तुम। लोभ और लालच उसमें डालोगे तो वैसे ही लोभ, लालच पकड़ लेगा दिमाग को। फिर वही सोचता रहेगा अरे, उसने इतना कमाया, इसने इतना किया, मैं इतना करूं। लोभ में, लालच में फिर मन आ जाता है। फिर तुम चुगली में लगाओगे, तो फिर चुगली भी होने लगेगी। जिसमें डालो मन, क्रोध में डालो, तो क्रोधित रहोगे। इतना क्रोध मन में बना रहेगा। कोई छोटी-मोटी बातों को लेकर क्रोधित रह सकता है। जिंदगी भर हम ऐसे रह सकते हैं। चिंता की झोली में डालेगे तो चिंतित ही रहोगे। ये नहीं, वो नहीं, दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवां। सो, चिंता में डालोगे तो चिंता। शोक में डालोगे तो शोक। कोई भी कारण न हो, तो हम ढूंढ ही लेते हैं कुछ न कुछ कारण दुखी रहने का। तो उस में डाल दो तो वो वैसा। और सिर्फ ऐश ही की आदत है तो अय्याशी करने की तो, अय्याशी में मन डालोगे तो वैसे ही, अय्याशी में ही दिन रात बीत जाएगी।

सटाका




### आज की पाती

#### सड़क पर बाजार

राजधानी की सड़कों पर बाजार से यातायात बाधित हो रहा है। आधी सड़क पर दुकानदारों का कब्जा होता है। ऐसे में वाहनों को आने-जाने में दिक्कत होती है और लंबी कतारें लग जाती हैं। संतोषी नगर अंडरब्रिज से मोतीनगर तक दोनों ओर दुकानदार सड़क पर सामान रख देते हैं। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी औपचारिकता पूरी करते हैं। थोड़े दिनों बाद रास्ता ज्यों का त्यों हो जाता है।

*-शाहीन बेगम, रायपुर*

### ट्रेंड

#### स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र बदलाव



हमारी सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काफी बदलाव किए हैं। मेडिकल कॉलेजों और मेडिकल सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि तक, हर कदम सभी के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

#### 'पंक्चर' हो गई कांग्रेस



इतिहास 'गवाह' है कि दशकों तक मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद 'पंक्चर' हो गई है। इस कड़वी सच्चाई के बावजूद वह अभी भी ज़मीनी हक़ीक़त से कोसों दूर है। सच यह भी है कि क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर घिसटने के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

#### बिहार को मुक्ति मिलेगी



आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। भाजपा और उसके अवसरवादी ठगबंधन से बिहार को मुक्ति मिलेगी। सभी वर्ग के लोग महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।
- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

#### जुनून की कोशिश करो



जब आप किसी चीज के प्रति वास्तव में भावुक नहीं होते हैं, तब हर सांसारिक समस्या एक दानव बन जाती है, जुनून की कोशिश करो। समर्पित रहो और देखो कि ब्रह्मांड तुम्हारे प्रति कैसी प्रतिक्रिया करता है।
- शेखर कपूर, फिल्मकार

करंट अफेयर

## अमेरिकी मौसम एजेंसी को वित्त कटौती से भारत पर होगा प्रभाव




अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओसिएनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनस्ट्रेशन' (एनओएए) की वित्तीय मदद में कटौती संबंधी अमेरिका सरकार का फैसला भारत की मौसम निगरानी एवं पूर्वानुमान क्षमताओं को प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि इसका दीर्घावधि में असर देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनओएए जलवायु, मौसम, महासागरों और तटों में होने वाले बदलावों की निगरानी और पूर्वानुमान व्यक्त करती है। यह भारत सहित कई देशों के साथ इस डेटा को साझा करती है, जिससे उन्हें अपने मौसम पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार करने में मदद मिलती है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत की मौसम पूर्वानुमान क्षमता फिलहाल अप्रभावित रहेगी, लेकिन बाद में इसके परिणाम देखने को मिल सकते हैं। उन्होंने कहा, वे निगरानी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, विशेष रूप से महासागर में चाहे वह हिंद महासागर हो या प्रशांत महासागर। यदि इसमें कमी की जाती है, तो हमारे मौसम पूर्वानुमान पर प्रभाव पड़ेगा।

ऑफ बीट

## महर्षि मार्कंडेय के तप के आगे यमराज हुए बेबस

मार्कंडेय मंदिर बिलासपुर से 20 किमी. की दूरी पर स्थित है। मंदिर के ऊपर व्यास गुफा है। मंदिर को ऋषि मार्कंडेय का जन्म स्थान भी माना जाता है।



पौराणिक गाथा के अनुसार मृकंडु ऋषि की घोर तपस्या के बाद भगवान शिव ने पुत्र रत्न का वरदान दिया। लेकिन वरदान के साथ उन्होंने पुत्र के अल्पायु होने का भी जिक्र कर दिया। ज्यों-ज्यों पुत्र की आयु बढ़ती गई, पिता चिंताग्रस्त रहने लगे। बालक मार्कंडेय कुशाग्र बुद्धि होने के साथ पितृभक्त भी थे। उन्होंने अपने पिता के मन को कुरेद कर चिंता का कारण जान लिया तथा इस चिंता से मुक्ति के लिए भगवान शिव की तपस्या आरंभ की। जब उनकी आयु 12 वर्ष होने में केवल तीन दिन शेष रह गए, तो उन्होंने रेत का शिवलिंग बनाया और शिव की तपस्या में लीन हो गए। यमदूत उनके प्राण हरण करने के लिए आए, लेकिन उस शिवलिंग में से आग की लपटें निकलीं व यमदूतों की ओर बढने लगीं। हारकर यमराज को सारा हाल सुनाया। स्वयं यमराज जब वहां आए तो मार्कंडेय जी ने शिवलिंग को बांहों में पकड़ लिया। शिवलिंग में से शिव प्रकट हुए तथा उन्होंने यमराज को वापस यमपुरी जाने का आदेश दिया। उस स्थान पर पानी का झरना फूट पड़ा, जिसे आज मार्कंडेय तीर्थ के नाम से जाना जाता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# मप्र में दुग्ध समितियों की संख्या अभी 6 हजार, इसे 9 हजार करने की योजना


हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के मध्य हुए इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) के निष्पादन से दुग्ध उत्पादन में क्रांति आएगी। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में यह एग्रीमेन्ट प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि है। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

## डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख से बढ़ाकर 30 लाख करने की तैयारी

### किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मिलेगी मदद



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद मिलेगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के तहत 2500 करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा। यह राज्य के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के तहत सहकारी प्रणाली और सांची ब्राण्ड को मजबूत करेगा।

### मप्र में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार, 9 हजार करने की योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं सही कीमत दिलाने में मदद के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। एक दुग्ध समिति लगभग 1 से 3 गांव में दुग्ध संकलन करती है, 9 हजार दुग्ध समितियां के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किग्रा प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किग्रा प्रतिदिन हो जाएगा।

### दूध की खरीदी 1.3 लाख से बढ़कर 3.7 लाख लीटर प्रतिदिन की जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीडीबी ने दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा। दूध की खरीद को 1.3 लाख से बढ़कर 3.7 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रुपए से दोगुना कर 3500 करोड़ रुपए किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

### सांची ब्रांड होगा और अधिक सशक्त

राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने कहा कि प्रदेश के सांची ब्रांड को और सशक्त किया जाएगा। इसे राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। जरूरत के अनुसार तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा। अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

---

## भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर प्रदेशभर में आयोजित गए कार्यक्रम

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बाबा साहेब को अर्पित किए श्रद्धासुमन**

# बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधा : विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को भोपाल सहित प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और नगर निगम द्वारा स्थापित सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने संविधान को नमन कर अजा मोर्चा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा साहब आंबेडकर की जयंती हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बाबा साहब की जयंती सिर्फ 14 अप्रैल तक सीमित नहीं रहती बल्कि ये अखिल भारतीय स्तर के कार्यक्रमों में शामिल है और बूथ-बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाते हैं। डॉ. आंबेडकर एक विजनरी नेता थे और उन्होंने अपने बड़े मन से देश की एकता-अखंडता के लिए काम करते हुए संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया।

*प्रदेश अध्यक्ष ने सार्वजनिक प्याऊ का किया शुभारंभ*

*संविधान को नमन कर सभा को किया संबोधित*



### बाबा साहेब ने किया कांग्रेस के एजेंडे का विरोध

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि जब पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में पहली सरकार बनी, तो पं. नेहरू ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाने का प्रावधान हमारे संविधान में कर दिया। इसमें ये प्रावधान था कि जम्मू-कश्मीर का संविधान अलग होगा, वहां का प्रधानमंत्री अलग होगा और वहां का झंडा भी अलग होगा। इसके साथ ही इसमें यह भी प्रावधान भी था कि अगर किसी सफाईकर्मी का बच्चा योग्य भी है, तब भी वह कुछ और नहीं बन सकेगा, उसे अपना परंपरागत व्यवसाय ही करना होगा। इस भेदभाव का डॉ. आंबेडकर ने पुरजोर विरोध किया। देश की आजादी के बाद 75 वर्षों तक किसी ने इस भेदभाव की चिंता नहीं की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाकर दलित भाई-बहनों के साथ हो रहे भेदभाव को खत्म किया और उन्हें अधिकार प्रदान किए।

### प्रदेश कार्यालय में अर्पित किए श्रद्धासुमन



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, एसएस उप्पल एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुमित पचौरी उपस्थित रहे।

### मंत्री विजयवर्गीय ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



*मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर डॉ. आंबेडकर नगर (महू) में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, प्रदेश महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार सहित अन्य उपस्थित रहे।*

### बाबा साहब ने देश को संविधान दिया, कांग्रेस ने सदैव उनका अपमान किया : हितानंद



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को देवास जिले उज्जैन चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं सोनकच्छ विधानसभा के ग्राम टोंककला में वीर भारतीय सेवा बस्ती में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर उपस्थित जनों से बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान दिया, जिस संविधान के तहत आज देश आगे बढ़ रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद से ही बाबा साबह को अपमानित करने का कार्य किया, इतना ही नहीं उन्हें चुनाव हराने का भी पाप कांग्रेस के नेताओं ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही हैं।

### वंचित लोगों को मूलधारा से जोड़ने का काम बाबा साहेब ने किया: पीसी शर्मा



**भोपाल।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर प्रदेशभर में कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने महू में बाबा साहेब की जन्मस्थली पर, वहीं कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सहित सभी जिला मुख्यालयों पर बाबा साहेब की जयंती पर उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया एवं उनके संघर्षमयी जीवन पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंड़ति जवाहर लाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद सहित तमाम नेताओं के सहयोग से सर्वहारा वर्ग के उत्थान के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर उसे 1950 में लागू किया गया। संविधान की मूलधारा से जोड़कर अजा, अजजा, पिछड़ा और यहां तक कि सामान्य वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुये प्रत्येक नागरिक को आजादी से रहने के मौलिक अधिकार दिये गये।

### मंत्री पटेल ने गंजबासौदा में किया माल्यार्पण



मंत्री प्रहलाद पटेल ने विदिशा जिले के गंजबासौदा के लाल पठार गांव में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी, संदीप डोंगर सिंह एवं डॉ. राकेश जादौन उपस्थित रहे।

### बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने दृढ संकल्पितः रानी



**भोपाल।** भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मोत्सव आम आदमी पार्टी ने समूर्ण प्रदेश में जिला एवं विधानसभा स्तर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया। आप प्रदेश अध्यक्ष एवं सिंगरोली महापौर रानी अग्रवाल ने कहा कि एक ओर बाबा साहेब ने विभिन्नता वाले देश में जहां पग-पग पर भाषा ,संस्कृति, रीति रिवाज, मजहब, जात-पात अलग-अलग है, ऐसे विभिन्नता वाले देश में संविधान निर्माण का अद्वितीय कार्य बाबा साहब ने किया है। यह वंदनीय है। आज इस अवसर पर हम संकल्प लेते है कि संविधान रक्षार्थ आम आदमी पार्टी का एक-एक सिपाही तन, मन, धन से जीवन पर्यन्त संविधान की रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर देगा।

---

### बोले-आजादी के लिए वर्षों करना पड़ा संघर्ष



# मुख्यमंत्री ने दिलाई प्रोफेसर्स और छात्रों को संविधान में आस्था रखने की शपथ

विशेष प्रतिनिधि ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज भारतीय संविधान सभा के फाइनल प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती है, जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. यादव ने कहा कि भारत को आजादी एक दिन में नहीं मिली। इसके लिए हमें वर्षों संघर्ष करना पड़ा। पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी से लेकर कई क्रांतिकारियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर वर्षों की गुलामी की बेड़ियों से देश को आजाद कराया। भारत का संघर्ष काल एक हजार वर्ष से भी अधिक पुराना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को इंदौर में डॉ बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जयंती एवं भारतीय संविधान सभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इंदौर के रवीन्द्र नाट्यगृह में आम नागरिक शपथ विधि समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की अध्यक्षता नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने की।

**इंदौर के रवीन्द्र नाट्यगृह में आम नागरिक शपथ विधि समारोह**

### छात्रों ने किया 'मेरा संविधान-मेरा भारत' का उद्घोष


*इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को भारतीय संविधान की लोकतांत्रिक परम्पराएं, राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलायी। छात्रों ने 'मेरा संविधान-मेरा भारत' के उद्घोष लगाए। मुख्यमंत्री ने छात्रों और प्रोफेसर्स के साथ संविधान विषय पर संवाद किया। समारोह में मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, डॉ. महेन्द्र सिंह, विधायक मधु वर्मा और रमेश मेंदोला, अक्षय कांति बम, सुमित मिश्रा, नरेन्द्र सलूजा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।*

---

### लैलूंगा थाना क्षेत्र की घटना, आरोपी गिरफ्तार

# 24 घंटे में पुलिस ने किया बुजुर्ग की हत्या का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़



जिले में बुजुर्ग की हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी नौकर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। लूट के इरादे से नौकर ने वारदात को अंजाम दिया था। उक्त मामला लैलूंगा थाना क्षेत्र का है। लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर में वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नौकर को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना का खुलासा महज 24 घंटे में कर लैलूंगा पुलिस ने लूट की गई रकम और हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा भी बरामद कर लिया है। मृतक की पहचान राम सुखेन शर्मा (70 वर्ष) के रूप में हुई है, जो पिछले कई वर्षों से मोहनपुर में अकेले रहकर दुकान संचालित करता था। 14 अप्रैल को मिला था बुजुर्ग का शव 14 अप्रैल की सुबह मृतक के छोटे भाई रामनिवास शर्मा (58), निवासी खम्हार, ने थाना लैलूंगा में मर्ग की सूचना देते हुए मृत्यु पर संदेह जताया। सूचना मिलते ही लैलूंगा थाना प्रभारी विजय चेलक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण किया और जप्ती योग्य साक्ष्य एकत्र किए। मृतक के शरीर पर गाल, कंधे और गर्दन में चोट के स्पष्ट निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका और प्रबल हुई।

### शुरू से संदिग्ध थी नौकर की गतिविधियां

पुलिस ने मृतक के नौकर संतुराम यादव की अनुपस्थिति पर संदेह जताते हुए उसकी तत्काल तलाश शुरू की। हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर संतुराम ने अपना अपराध स्वीकार कर बताया कि उसने लूट के इरादे से हत्या को अंजाम दिया। उसने बताया कि 13 अप्रैल को वह 800 रुपए उधार मांगकर गया था और पुनः लौटकर फिर पैसे मांगने लगा। पैसा न मिलने पर रंजिशवश रात के समय मृतक के घर में घुसकर बांस के डंडे और हाथ-मुक्के से मारकर उसकी हत्या कर दी और घर में रखे करीब 40 हजार रुपए लूट लिया। मामले में आरोपी संतुराम यादव पिता बालक राम यादव 25 साल निवासी ग्राम मोहनपुर थाना लैलूंगा के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर 27,500 रुपए नकद, घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा और पैसा रखने वाला झोला जब्त किया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

---

# बाबा साहेब के मार्ग पर चलकर ही हम समाज में बदलाव ला सकते हैं: डॉ. पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏩ इंदौर



मध्य प्रदेश में अपना दल (एस) ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती, बेहद उत्साह और जोश के साथ मनाई। इस अवसर पर प्रदेश भर में आयोजित कार्यक्रमों में समाज के विभिन्न वर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, युवा मंच के डॉ. अखिलेश पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) एक ऐसी पार्टी है जो महापुरुषों की विचारधारा पर चलती है और कमज़ोर, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक वर्गों के हक की लड़ाई लड़ रही है। डॉ. पटेल ने कहा, हमारी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में सड़क से लेकर संसद तक समाज के शोषित और वंचित वर्गों की आवाज़ बुलंद कर रही है। उन्होंने कहा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के बताए मार्ग 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' पर चलकर ही हम समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सदस्यता अभियान को और तेज़ गति देने का भी आह्वान किया, जिससे अधिक से अधिक लोग पार्टी से जुड़कर सामाजिक न्याय की इस लड़ाई को मजबूत बना सकें।

---

# दो राजस्व निरीक्षक घूस लेते धरे गए

## पीसीबी ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार, दूसरा राशि लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏩ गौरेला पेंड्रा मरवाही



गौरेला के राजस्व निरीक्षण कार्यालय में एसीबी ने दो राजस्व निरीक्षकों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। संतोष कुमार चन्द्रसेन और घनश्याम भारद्वाज के खिलाफ रिश्वत लेने की शिकायत पर एसीबी की टीम ने दबिश दी है।

एसीबी की टीम ने संतोष कुमार चंद्रसेन को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। वहीं, घनश्याम भारद्वाज रिश्वत की रकम लेकर फरार हो गया। बिलासपुर से 11 सदस्यीय एसीबी टीम पहुंची थी। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के गौरेला राजस्व निरीक्षक के कार्यालय में एसीबी की टीम ने दबिश दी, जहां पर जमीन संबंधित मामले में रिश्वत लेने की शिकायत पर एसीबी की टीम ने दबिश देकर एक राजस्व निरीक्षक को गिरफ्तार कर लिया जबकि दूसरा राजस्व निरीक्षक मौका पाकर फरार हो गया है।

फिलहाल एसीबी की टीम राजस्व निरीक्षक के कार्यालय में पकड़े गए राजस्व निरीक्षक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है, जबकि दूसरे भागे हुए राजस्व निरीक्षक की तलाश भी कर रही है।

**एक एकड़ जमीन के मामले में मांगी थी 50 हजार रुपए की रिश्वत**

### जमीन संबंधी मामले में मांगी थी रिश्वत

गौरेला में सुबह राजस्व निरीक्षक कार्यालय में एसीबी बिलासपुर की 11 सदस्यीय टीम ने दबिश दी जहां पर गौरेला के सारबहरा इलाके के राजस्व निरीक्षक संतोष कुमार चन्द्रसेन और गौरेला मेढ़ूका के राजस्व निरीक्षक घनश्याम भारद्वाज ने आंदुल गांव निवासी रंजीत सिंह राठौर के जमीन संबंधित मामले को लेकर उससे रिश्वत की मांग की थी, जिसके बाद पीड़ित ने पूरे मामले को साक्ष्य के साथ बिलासपुर एसीबी की टीम से संपर्क किया जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से एसीबी की टीम ने गौरेला के राजस्व निरीक्षक कार्यालय में दबिश देकर सारबहरा इलाके के राजस्व निरीक्षण संतोष कुमार चन्द्रसेन को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गौरेला मेढ़ूका के राजस्व निरीक्षक घनश्याम भारद्वाज एसीबी की टीम के सामने ही मौका पाकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार इन्होंने एक जमीन के मामले में पीड़ित रंजीत कुमार राठौर से 50000 पचास हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

---

## जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ

# निर्माण कार्यों में तेजी के साथ जगदलपुर में ही मिल सकेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने जगदलपुर में जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता कार्यालय का शुभारंभ किया। इस कार्यालय के प्रारंभ होने से बस्तर संभाग के सभी सातों जिलों के विभागीय कामकाज में काफी सुविधा होगी।

जल संसाधन से संबंधित निर्माण कार्यों के सर्वेक्षण, डीपीआर निर्माण और तकनीकी स्वीकृति




में तेजी आएगी। पहले इन कार्यों की स्वीकृति के लिए रायपुर जाना पड़ता था। अब ये काम संभागीय मुख्यालय बस्तर में ही हो सकेंगे। जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप की विशेष पहल से शुरू हुए जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता नवीन कार्यालय में विभिन्न स्तरों पर अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति के लिए भी बजट में स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में यह कार्यालय जगदलपुर के अधीक्षण अभियंता कार्यालय इंद्रावती परियोजना मंडल भवन के ऊपरी तल में संचालित हो रहा है। मुख्य अभियंता जल संसाधन कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप, सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, नगर निगम महापौर संजय पांडेय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष वेदमती कश्यप और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इससे पहले स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के दो दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया।



# जगन्नाथ मंदिर का ध्वज लेकर उड़ गया गरुड़? लोग जता रहे किसी अनहोनी की आशंका

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें एक गरुड़ मंदिर के शिखर पर लगे पवित्र ध्वज को अपने पंजों में दबाकर उड़ रहा है। वीडियो में यह अनोखा दृश्य देखकर लोग हैरान हैं, क्योंकि भगवान जगन्नाथ मंदिर का ध्वज हर दिन विशेष विधि से बदला जाता है। इसे बेहद शुभ मानते हैं। एक गरुड़ ध्वज लेकर उड़ गया तो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। साथ ही आशंका का विषय भी बन चुका है।

## विज्ञान को चुनौती देता है ध्वज



जगन्नाथ मंदिर के ध्वज की सबसे विशेष बात यह है कि हवा की दिशा कुछ भी हो, लेकिन ध्वज की दिशा हमेशा एक ही रहती है। यह विज्ञान को चुनौती देता है। इस घटना से वैज्ञानिक भी हैरान हैं। ध्वज के लहराने की दिशा निश्चित है, फिर हवा चाहे किसी भी दिशा की तरफ क्यों न चले।



### हर दिन बदला जाता है ध्वज

जगन्नाथ मंदिर का ध्वज हर दिन बदला जाता है। मान्यता है कि जिस दिन ध्वज को किसी भी वजह से नहीं बदला गया तो यह स्थान आने वाले 18 सालों तक बंद रहेगा। अगर इस बीच मंदिर के कपाट खोल दिए गए तो प्रलय भी आ सकता है। इस मान्यता से लोग हैरान होते हैं। मंदिर के शिखर पर रोजाना एक पुजारी 45 मंजिल जितनी ऊंचाई पर चढ़ता है और ध्वज बदलता है।

### प्रचलित कहानी

एक प्राचीन कहानी के मुताबिक, एक भक्त ने एक बार सपने में देखा कि भगवान जगन्नाथ के मंदिर का झंडा फट गया है। इसके बाद मंदिर के पुजारियों को झंडा को उसी हालत में मिला। इसलिए, हर दिन एक नया झंडा फहराने की परंपरा शुरू हुई। माना जाता है कि पुराना झंडा बुरी ऊर्जा को खींच लेता है, इसलिए उसे बदल दिया जाता है।

**1000 किलोग्राम का चक्र** : मंदिर के ऊपर एक सुदर्शन चक्र लगा है, जिसका वजन करीब 1000 किलोग्राम है। विज्ञान भी हैरान है कि आखिर यह चक्र इतनी ऊंचाई पर कैसे पहुंचा? क्योंकि उस समय तकनीक भी इतनी विकसित नहीं थी।

## रोचक खबरें



### पर्ल मैरी ने सबसे बड़े मुंह का बनाया गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड

**न्यूयार्क**। अमेरिका की पर्ल मैरी ज़ेलमर रॉबिन्सन ने दुनिया का सबसे बड़ा मुंह होने वाली महिला का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वे हाल ही में गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुई है। अगर आपको लगता है कि एक बड़ा बर्गर आप अपने मुंह में पूरा रख कर उसे काट नहीं सकते हैं तो आपको को पर्ल मैरी ज़ेलमर से मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी खुलासा किया है कि आखिर ये रिकॉर्ड उनके नाम कैसे हो सका जो कि कम चौंकाने वाली बात नहीं है। इतना ही नहीं, यह रिकॉर्ड काफी पहले उनके नाम हो सकता था। मैरी अपने 7.62 सेमी के मुंह में 10 पैटी के साथ एक बर्गर फिट कर सकती है। हाल ही में आधिकारिक तौर पर उनके मुंह का छेद दुनिया की सबसे बड़ी महिला का माना गया है, जिसकी पुष्टि गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने की है। मैरी का मुंह पिछले रिकॉर्ड धारक सामंथा रामसडेल के मुंह के छेद से बहुत बड़ा है, जिनका मुंह का छेद 2021 में 2.56 इंच मापा गया था। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि मैरी 2021 में भी यह रिकॉर्ड अपने नाम कर सकती थीं।व मैरी, अपने पति के साथ एक कूरियर फर्म चलाती हैं। वे पहले रिकॉर्ड बुक बनाने से चूक गई थीं, जब 1,976 लोग दुनिया की सबसे बड़ी वेलिंगटन बूट रेस में भाग लेने के लिए उनके स्थानीय बाईपास पर आए थे।

### डॉलफिन ने ब्लू व्हेल का किया शिकार 40 मिनट तक नोच-नोंचकर उड़ाई दावत

**सिडनी**। प्रकृति के आज भी ऐसे कई रहस्य है, जिनके बारे में हम अब तक कुछ नहीं जान पाए हैं। जिस कारण कई बार प्रकृति हमें अपना ऐसा रूप दिखाती है, जिसकी हम सभी ने कभी कल्पना भी नहीं की होती है। ऐसा ही कुछ इन दिनों ऑस्ट्रेलिया में देखने को मिला। जहां व्हेल मछली के एक झुंड ने आराम से ब्लू व्हेल का काम महज 40 मिनट के अंदर खत्म कर दिया। ये नजारा ठीक उसी तरीके का लग रहा था , जैसे जंगल में भेड़िए मिलकर अपने शिकार का काम तमाम करते हैं। मीडिया रिपोर्ट की माने तो वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के तट पर समुद्र की लहरों के बीच एक बड़ा ही रोमांचक और दुर्लभ दृश्य सामने आया। कहा जा रहा है कि बीते 7 अप्रैल को यहां 60 से अधिक ऑर्का व्हेल्स ने मिलकर एक 18 मीटर लंबी पिग्मी ब्लू व्हेल का काम तमाम कर दिया। ये दृश्य इसलिए ज्यादा दुर्लभ है, क्योंकि ऐसा सीन इससे पहले सिर्फ चार बार ही कैमरे में रिकॉर्ड किया गया है। इस घटनास्थल के पास व्हेल वॉचिंग टूर चल रहा था और वहां मौजूद लोगों ने इस घटना को अपनी आंखों से देखा है। ब्लू व्हेल का शिकार करने के लिए ऑर्का व्हेल्स ने पहले उसका पीछा करके उसे बुरी तरीके से थका दिया। जिससे वो जब उनपर हमला करे तो ये सामने से कुछ ना कर पाए। इसके बाद ऑर्का ने ब्लू व्हेल को चारों तरफ से घेर लिया और एकसाथ हमला करना शुरू कर दिया। शिकार को निपटाने के बाद इन सभी ने मिलकर जश्न भी मनाया।



### बर्थडे पर बुजुर्ग की किस्मत ने किया कमाल लाखों के इनाम के साथ मिला खास सरप्राइज


**कैरोलिना**। कहा जाता इंसान की किस्मत कब उसके ऊपर मेहरबान हो जाए, इसके बारे में कभी कुछ कहा नहीं जा सकता है। ऐसा ही कुछ अमेरिका में इन दिनों देखने को मिला, जहां बर्थडे पर एक बुजुर्ग शख्स की किस्मत चमक गई और ये किस्सा जब लोगों के सामने आया तो हर कोई हैरान रह गया। हालांकि इन दिनों जो किस्मत पलटने का किस्सा लोगों के बीच सामने आया है वो पूरी तरीके से अलग है, क्योंकि यहां एक शख्स की किस्मत ने उसका उस समय पर साथ दिया, जब वो अपने उम्र के आखरी पड़ाव पर था। हम बात कर रहे हैं अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना में रहने वाले एक बुजुर्ग डेनिस पार्क्स के बारे में, इनकी लॉटरी 81 साल की उम्र में लगी, लेकिन जब अपनी इस लॉटरी को क्लेम करने के लिए सेंटर पहुंचा तो उन्हें एक सरप्राइज और मिला। जिससे उनकी लॉटरी की रकम दोगुनी हो गई। दरअसल, उन्हें बेटी की तरफ से एक और लॉटरी टिकट तोहफे के तौर पर मिली। जब उन्होंने उसे अपनी लॉटरी के साथ स्क्रेच किया तो उन्हें टोटल 80 लाख रुपए का इनाम लगा और इतना सबकुछ होने के बाद उनके पैरों तले जमीन ही खिसक गई। बेटी ने अपनी ओर से उनके 81वें जन्मदिन के अवसर पर उपहार के रूप में एक और केनो टिकट खरीदकर दिया। उन्होंने जब इसे खोला तो आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। अपने इस जीत के बारे में कहा कि मेरे लिए इससे ज्यादा यादगार दिन और कुछ नहीं होगा, जब मुझे इस तरह से लॉटरी लगी हो! अपनी इस जीत के बारे में पार्क्स ने कहा कि मैं अपनी इस जीत और सरप्राइज से काफी ज्यादा खुश हूं और अब मैं अपने इन पैसों से अपने पेंडिंग बिल को निपटाऊंगा ।



# महिला ने सुअर की किडनी लगवा कर रचा इतिहास, चार महीने बाद शरीर में दिया जवाब तो पड़ी निकलवानी

न्यूयार्क। अमेरिका की एक महिला टोवाना लूनी इन दिनों सुर्खियों में हैं। उन्होंने सुअर के किडनी के सहारे सबसे अधिक जीवन जिया है, वह भी 130 दिनों तक। लेकिन, इसके बाद उनकी शरीर ने जवाब देना शुरू कर दिया और उनके शरीर से सुअर की किडनी निकालनी पड़ी। इसके बाद डॉक्टरों ने 4 अप्रैल को न्यूयॉर्क के एनवाईयू लैंगोन हेल्थ सेंटर में सर्जरी करके सुअर की किडनी को हटा दिया।अब टोवाना वापस डायलिसिस पर हैं और अपने घर, गैड्सडेन, अलबामा लौट चुकी हैं।

### सुअर की किडनी के भरोसे 130 दिन



एसोसिएटेड प्रेस में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, टोवाना ने अपने डॉक्टरों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'यह नतीजा भले ही हमारी उम्मीदों जैसा नहीं रहा, लेकिन मेरे 130 दिन के इस अनुभव से बहुत कुछ सीखा गया है। मुझे यकीन है कि यह किडनी रोग से जूझ रहे दूसरे लोगों के लिए प्रेरणा और मदद का काम करेगा।'



### इसलिए निकलवानी पड़ी सुअर की किडनी

टोवाना खुद को 'सुपरवुमन' कहने लगी थीं। लेकिन, अप्रैल की शुरुआत में उनके शरीर ने इसे खारिज करना शुरू कर दिया। यानी शरीर में परेशानी होने लगी, जिसके बाद उनके सर्जन और एनवाईयू के जेनोट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. रॉबर्ट मॉन्टगोमरी ने जांच की और यह पाया कि सुअर की किडनी को बचाने के लिए जोखिम भरी दवाओं की भारी खुराक लेने की बजाय इसे हटाना सुरक्षित होगा। डॉ. मॉन्टगोमरी ने कहा, 'हमने सुरक्षित रास्ता चुना। टोवाना की हालत अब पहले जैसी ही है, बल्कि वे कहती हैं कि डायलिसिस से 4.5 महीने की छुट्टी ने उन्हें बेहतर महसूस कराया है।' टोवाना पहली इंसान हैं, जिन्होंने सुअर के किडनी के साथ इतने दिनों तक जिंदा रही हैं। अब वैज्ञानिक कम बीमार मरीजों पर ऐसे प्रयोग कर रहे हैं। न्यू हैम्पशायर के एक व्यक्ति को जनवरी में सुअर की किडनी मिली थी और वह ठीक है।



### 2016 से डायलिसिस पर थीं टोवाना

टोवाना 2016 से किडनी की समस्या से परेशान हैं, जिसके बाद उनकी लगातार डायलिसिस हो रही है। उनकी हालत ऐसी थी कि इंसानी किडनी उनके शरीर में टिक नहीं सकती थी।इसलिए उन्होंने सुअर की किडनी लगवाने का प्लान बनाया। 25 नवंबर, 2024 को हुई सर्जरी के बाद उन्हें सुअर की किडनी लगाई गई। पहले तो किडनी अच्छे से काम कर रही थी।

# 7 फुट के पिता-पुत्र की जोड़ी! पहले लोग उड़ाते थे मजाक, अब फोटो खिंचवाने के लिए लगती है लाइन

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना के पास स्थित गांव रामपुर के मांगट परिवार की चर्चा हर तरफ हो रही है। दरअसल, इस परिवार के पिता और पुत्र दोनों का कद 7 फुट है। इतने लंबे कद के कारण उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। पहले यह परिवार अपने कद को लेकर काफी परेशान रहता था और कई लोग उनका मजाक भी उड़ाते थे, लेकिन सोशल मीडिया पर आने के बाद यह पिता-पुत्र की जोड़ी काफी मशहूर हो गई और कई लोगों ने उनके साथ फोटो भी खिंचवाई।



### सोशल मीडिया पर आने के बाद बदली तस्वीर

उन्होंने कहा कि मेरा परिवार मेरे काम में भी काफी मदद करता है। जब हम कहीं घूमने या शादी में जाते हैं, तो लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। पहले लोग हमारा काफी मजाक भी उड़ाते थे, लेकिन सोशल मीडिया पर आने के बाद लोग हमारे परिवार के कद को देखकर काफी हैरान और खुश होते हैं। परवीन कौर ने कहा कि हमने डॉक्टर से भी कद को लेकर बात की, उन्होंने कहा कि आपके बेटे का कद 7.3 फुट तक जा सकता है।

### विवाह में काफी दिक्कतें आईं

परिवार का कहना है कि लंबे कद के कारण उन्हें पहले काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। 7 फुट कद होने पर कई लोग उनका मजाक भी उड़ाते थे। गुरमीत सिंह ने बताया कि 7 फुट कद होने के बावजूद उनके विवाह में काफी दिक्कतें आईं, लेकिन आखिरकार उनका विवाह परवीन कौर से हुआ, जिन्होंने उनका काफी साथ दिया। धीरे-धीरे सोशल मीडिया पर आने के बाद काफी कुछ बदल गया।

### घर की छतें भी 14 फुट ऊंची करवानी पड़ीं

उन्होंने कहा कि लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। गुरमीत ने बताया कि मेरे और मेरे बेटे के रेडीमेड कपड़े भी बाजार में नहीं मिलते। हमें कपड़े सिलवाने पड़ते हैं और जूतों को भी विशेष रूप से मंगवाना पड़ता है। गुरमीत ने बताया कि 7 फुट कद होने के कारण हमें अपने घर की छतें भी 14 फुट ऊंची करवानी पड़ीं। गुरमीत सिंह के बेटे जसकरण ने कहा कि वह 14 साल का है और दसवीं कक्षा का छात्र है। उसका कद 7 फुट है और वह बास्केटबॉल का खिलाड़ी भी है। स्कूल में मेरे 7 फुट कद को देखकर मेरे दोस्त काफी खुश होते हैं। वहीं, गुरमीत सिंह की पत्नी परवीन कौर का कहना है कि उनके बेटे का कद 7 फुट है।

# ऑफिस से 'एक मिनट' जल्दी निकली लड़की, छूट गई अच्छी खासी नौकरी!



**बीजिंग**। नौकरी न हो तो इंसान परेशान रहता ही है, लेकिन सच ये भी है कि नौकरी करना आसान नहीं होता है। इसमें भी अपनी परेशानियां हैं, जिससे जूझना ही पड़ता है। हर कंपनी की अपनी पॉलिसी होती हैं, जिन्हें कर्मचारियों को मानना होता है। कुछ कंपनियां एम्प्लॉयी फ्रेंडली होती हैं, तो कुछ के नियम ऐसे होते हैं कि हर वक्त तलवार लटकी ही रहती है। ऐसे ही एक ऑफिस ने अपने कर्मचारी को जिस वजह से निकाल दिया, सुनकर आप दंग रह जाएंगे। किसी भी कर्मचारी के लिए इससे ज्यादा डरावना क्या होगा कि उसकी नौकरी सिर्फ इसलिए चली जाए कि उसने ऑफिस एक मिनट जल्दी छोड़ दिया। पड़ोसी देश चीन में ऐसा ही हुआ और ये मामला सुर्खियों में है। महिला कर्मचारी को तय समय से पहले सिर्फ एक मिनट पहले कंपनी से निकलने पर अच्छी-खासी नौकरी से हाथ धोना पड़ गया।

**'एक मिनट' ने खा ली अच्छी-भली नौकरी** : ये मामला चीन की ग्वांगझोउ का है। यहां काम करने वाली वांग नाम की महिला को नौकरी से इसलिए निकाला क्योंकि वो सिर्फ एक मिनट पहले कंपनी से बाहर निकल गई थी। लड़की की कहानी जब लोगों के सामने आई तो पता चला कि महिला ने एक बार नहीं, बल्कि एक ही महीने में 6 बार किया है। वांग तीन साल से इसी कंपनी में काम कर रही थीं और उनका परफॉर्मेंस भी बहुत अच्छा था। हालांकि, जब कंपनी के कैमरे को चेक किया, तो पता चला कि वांग एक मिनट पहले निकल जाती थी।

# साथी के जख्म पर फैलता है जहर तो पैर भी काट देती हैं चीटियां, नहीं लेती हैं इसकी कोई ट्रेनिंग!

**लंदन**। इंसान को दुनिया में एक बुद्धिमान किस्म का जीव माना जाता है। वह कई लिहाज से दूसरे जानवरों से अलग है। वह एकमात्र ऐसा जानवर है जो बच्चे पैदा करने और उन्हें पालने में सामूहिक तौर पर एक- दूसरे की मदद करता है। इसके अलावा उसने इलाज करने कि बहुत ही ऊंचे स्तर की काबिलयतें हासिल की हैं। इनमें ऑपरेशन कर कई रोगों व्याधियों को ठीक करना शामिल है। वैसे तो चिम्पांजी जैसे जानवर पेड़ -पौधों की मदद से कुछ हद तक इलाज कर करने के काबिल देखे गए हैं। लेकिन, एक जीव ऐसा भी है जो इंसानों की तरह ऑपरेशन करने में सक्षम होता है। एक अध्ययन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एक किस्म की चींटियों में यह अनूठी काबिलियत होती है।

### जहर फैलने से रोकने के लिए

वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के एरिक फ्रैंक बताते हैं कि चीटिंया बिल्कुल इंसानी डॉक्टरों की तरह ही फैसला लेती हैं कि कहीं इंफेक्शन इतना अधिक तो नहीं फैल कि शरीर का हिस्सा ही काट कर अलग करना पड़े। फ्रैंक का कहना है कि इंसान के बाद इस तरह का बर्ताव अभी केवल चींटी में ही देखने को मिला है।

**जख्म की सफाई के दौरान** : कई चींटी की प्रजातियों में एक खास तरह के ग्रंथि पाई जाती हैं जो उपचार के दौरान खास एंटी माइक्रोबिअल तत्व निकालती हैं, लेकिन फ्लोरिडा कारपेंटर चींटी में ऐसा कुछ नहीं होता है। वे अपने ही मुंह से जख्मों को साफ करती हैं।



### इंसानों के जैसा व्यवहार


फ्रैंक का कहना कहना है कि अजीब बात तो ये है कि इसके लिए चीटियां को किसी खास तरह के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं है। चीटियां पहले से ही भोजन इकट्ठा करने के मामले में बेमिसाल तालमेल का इस्तेमाल करती हैं जो उन्हें एक लिहाज से इंसानों के जैसा बनाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि पूरी प्रक्रिया के दौरान जख्मी चींटी पूरी तरह से चैतन्य होती हैं और साथी चींटियां उसके शरीर के हिस्से निकाल रही होती हैं।

### इंसानों की तरह लेती हैं एक बड़ा फैसला

साइंस जर्नल करेंट बायोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन में वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि कैसे फ्लोरीडा कारपेंटर चीटिंयां अपने साथियों के गहरे जख्मों से निपटती हैं। वैसे तो चींटियों को बहुत ही सामाजिक और बेहतरीन तालमेल के लिए जाना जाता है, यह पहली बार है जब किसी स्टडी में ऐसे अनोखे नतीजे पाए गए हैं। वे साथी के इलाज के लिए जरूरत पड़ने पर उनके हाथ -पैर भी अलग कर देती हैं, जिससे उनके साथी की जान बचाई जा सके।

## खबर संक्षेप

### अटलांटिक तट पर नाव पलटने से एक की मौत



**पोर्ट सेंट लुइस।** अमेरिकी तटरक्षक दल फ्लोरिडा के अटलांटिक तट पर एक नाव के पलट जाने के बाद लापता हुए पांच लोगों की तलाश कर रहा है। तटरक्षक बल ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि एक व्यक्ति मृत मिला है और चालक दल ने रविवार को सेंट लुइस इनलेट से चार अन्य को बचा लिया।

### अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ कर 36 किलो गांजा जब्त किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान में सक्रिय एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर 36 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया। गिरोह के दो प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 11 अप्रैल को द्वारका-नजफगढ़ रोड पर आईटीबीपी कैंप के पास राजा कुमार को गिरफ्तार किया। राजा शैक्षणिक संस्थानों के पास बेचने के लिए 23.9 किलोग्राम गांजा स्कूटर पर ले जा रहा था।

### मलेशिया के पूर्व पीएम अब्दुल्ला अहमद का निधन



**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री अब्दुल्ला अहमद बदावी का हृदय की बीमारी के कारण यहां निधन हो गया। कुआलालंपुर स्थित अस्पताल 'इंस्टिट्यूट जांतुंग नेगरा' ने सोमवार को यह जानकारी दी। बदावी का इस अस्पताल में उपचार चल रहा था। वह 85 वर्ष के थे। बदावी मलेशिया के पांचवें प्रधानमंत्री थे। वह 2003 से 2009 तक पद पर रहे।

# कॉलेजों में कैसे रुकेगी छात्रों की खुदकुशी, टास्क फोर्स ने किया मंथन

**उच्च-शिक्षण संस्थानों में बढ़ते छात्र आत्महत्या के मामलों की समीक्षा, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में किया बैठक का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राजधानी में राष्ट्रीय टास्क फोर्स की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। जिसका उद्देश्य छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े हुए मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने और उन्हें रोकने के लिए जरूरी रणनीतियों पर चर्चा करना था। मंत्रालय ने बताया कि यह बैठक सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.रविन्द्र भट की अध्यक्षता में हुई। केंद्र सरकार के तीन मंत्रालयों के सचिव और विधि-न्याय मंत्रालय तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। सचिवों में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में उच्च-शिक्षा विभाग में सचिव डॉ.विनीत जोशी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में सचिव अमित यादव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक मुख्य हैं।

### मौजूदा कदमों की विस्तृत समीक्षा

मंत्रालय ने कहा कि बैठक में छात्रों की आत्महत्या के मामलों को लेकर अभी तक उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही डाटा एकत्रित करने के लिए एक पोर्टल और वेबसाइट का विकास, एजेंडा बिंदुओं में शामिल किया गया। रिपोर्ट और नियम संबंधी दिशानिर्देश, प्रश्नों का वितरण, विभिन्न क्षेत्रों से सहयोग हासिल करने के अलावा डीओएसईएल व एमओएचएफडब्ल्यू के अधिकारियों को साथ लेने और संस्थानों, एनआईईपीए के बीच समन्वय पर जोर दिया गया।

### आठ महीने में सौंपेगी रिपोर्ट

गौरतलब है कि इसी साल 24 मार्च को न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने उच्च-शिक्षण संस्थानों में छात्रों की आत्महत्या के मामलों पर ध्यान दिया। साथ ही उनकी मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस.रविन्द्र भट की अध्यक्षता में राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया था। 29 मार्च को इसकी पहली बैठक हो चुकी है। टास्क फोर्स को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपने के लिए चार महीने और अंतिम रिपोर्ट सौंपने के लिए आठ महीने का समय दिया गया है।



### प्रतिष्ठित विशेषज्ञ कर रहे समीक्षा

इस एनटीएफ को रिटायर्ड जस्टिस एस रवींद्र भट लीड कर रहे हैं। कई प्रतिष्ठित विशेषज्ञों भी इसमें शामिल किए गए हैं। जैसे डॉ. आलोक सरीन, प्रोफेसर मैरी ई जॉन, अरमान अली, डॉ. अक्सा शेख, डॉ. सीमा मेहरोत्रा और प्रोफेसर वर्जिनियस जाक्सा शामिल हैं। इन लोगों के अलावा टास्क फोर्स में उच्च शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि भी एनटीएफ के सदस्य हैं।

## एमडी के बयान के बाद कोर्ट में पेश होगा चालान

# जंगल में अवैध पंप हाउस मामले में एनआर इस्पात की बढ़ी मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

सराईपाली के जंगल में अवैध पंप हाउस बना कर पाइप लाइन बिछाने के मामले में एनआर इस्पात की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। वन विभाग रायपुर के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एसडीओ मामले की जांच कर रहे हैं। कहा जा रहा है कंपनी के एमडी के बयान के बाद जल्द की प्रकरण कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसमें कंपनी को पेनाल्टी तो होगी ही, लेकिन जांच में मामला गंभीर पाए जाने पर कुछ लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

दरअसल रायगढ़ वन मंडल के सराईपाली बीट में घने जंगल के भीतर एनआर इस्पात कंपनी द्वारा अवैध तरीके से प्राकृतिक नाले पर पंप हाउस बना कर पानी लेने की तैयारी की जा रही थी। जंगल के अंदर गुपचुप तरीके से पंप हाउस बना कर पाइप लाइन बिछाए जाने की शिकायत जब रायपुर में हुई तब रायपुर से वन विभाग की उड़नदस्ता की टीम रायगढ़ पहुंची थी। वहीं शिकायत सही पाए जाने पर निर्माणाधीन पंप हाउस को जेसीबी से ढहा दिया गया था। इतना ही नहीं यहां बिछे पाइप और बिजली के तारों को भी जब्त किया गया था। अब इस मामले में राज्य उड़नदस्ता टीम के प्रभारी संदीप सिंह का कहना है कि कार्रवाई का अधिकार विभाग के हाथ में रहता है। वन संरक्षण अधिनियम 1980 उन्हें पूरा पॉवर देता है कि वो मामले को कोर्ट में ले जाएं। मामले की जांच एसडीओ और रेंजर कर रहे हैं, अभी विवेचना कुछ बाकी है और कंपनी के एमडी (मैनेजिंग डायरेक्टर) का बयान भी लेना है। इसके बाद प्रकरण बना कर वन संरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 2 व वन संरक्षण अधिनियम 1927 की धारा 33 के तहत कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा।



### विवेचना जारी

इस मामले में लापरवाही उजागर होने पर फॉरेस्ट गार्ड और डिप्टी रेंजर को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं डीएफओ, एसडीओ और रेंजर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले की विवेचना चल रही है और कंपनी के एमडी का बयान अभी बाकी है। जांच पूरी होने पर प्रकरण कोर्ट में पेश किया जाएगा।

-**संदीप सिंह,** प्रभारी, राज्य उड़नदस्ता

### अब तक नहीं दिया गया स्पष्टीकरण

जंगल के भीतर अवैध तरीके से निर्माण और खुदाई कर पाइप लाइन बिछाने जैसे गंभीर मामले में जिले के अधिकारियों की लापरवाही उजागर होने पर विभाग द्वारा डीएफओ, एसडीओ और रेंजर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसका कारण यह है कि रायगढ़ वन मंडल के अंदर हो रहे अवैध निर्माण की जानकारी अधिकारियों को होने के बाद भी वे मौन साधे हुए थे। उनके द्वारा इस मामले में कंपनी प्रबंधन के खिलाफ कोई एक्शन न लेकर बल्कि कंपनी को अवैध निर्माण की छूट दी गई। इस मामले में उनकी भी संलिप्तता झलक रही है। सूत्रों की मानें तो अभी तक अधिकारियों द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया गया है।

# खत्म नहीं हो रहा जिला अस्पताल विवाद, प्रदेश स्तर पर आंदोलन की बन रही रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- जांच कमेटी बनाने के 40 दिनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर सका प्रशासन

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में प्रभारी सिविल सर्जन और डॉक्टरों व स्टाफ के बीच चल रहा विवाद कहीं थमने का नाम नहीं ले रहा है। खास बात यह है कि डॉक्टरों व स्टाफ की शिकायत पर जिला प्रशासन ने कमेटी बनाकर जांच के आदेश दिए थे, लेकिन मामले को 40 दिन बीत गए और कार्रवाई आज तक नजर नहीं आई। ऐसे में बीते दिनों ओपीडी बहिष्कार व जिला स्तर पर अस्पतालों में कामकाज ठप करने के बाद डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी संघ प्रदेश स्तरीय आंदोलन के लिए लामबंद हो रहे है। बताया जाता है कि इसको लेकर संभाग मुख्यालय बिलासपुर में प्रतिनिधि मंडल की बैठक रखी गई है, जहां प्रदेश स्तरीय आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

गौरतलब है कि ठाकुर छेदीलाल शासकीय जिला चिकित्सालय में प्रभारी सिविल सर्जन के खिलाफ डॉक्टरों व नर्स के साथ कर्मचारियों ने मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने सिविल सर्जन पर प्रताड़ना व कर्मचारियों से अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप लगाया था। इसको लेकर बीते 5 मार्च को डॉक्टर व स्टाफ नर्स के साथ कर्मचारी नारेबाजी करते हुए पैदल ही कलेक्टोरेट पहुंचे थे और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। इधर इस मामले में जिला प्रशासन ने अपर कलेक्टर के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### बना रहे रणनीति

हमारी एक सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की शुरुआत की गई है। अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ऐसी स्थिति में प्रदेश संगठन को अवगत कराया गया है। 15 अप्रैल को बिलासपुर में बैठक में रखी गई है, जिसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

-**डॉ.इकबाल हुसैन,** प्रदेश अध्यक्ष सीडा

### 'गर्मी गॉन, ठंडक ऑन' पहल

**जबलपुर।** बर्जर पेंट्स इंडिया लिमिटेड ने अपने नए होम कूलिंग पेंट्स लॉन्च किए हैं। इनमें वेदरकोट एंटी डस्ट कूल, रूफ कूल एंड सील और टैंक कूल पेंट्स शामिल हैं। कंपनी ने गर्मी और तापमान में लगातार बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए ये पेंट्स बनाए हैं। बढ़ते तापमान से निपटने के लिए घर को ठंडा रखने वाले ड्यूरेबल प्रोडक्ट्स बहुत जरूरी हो गए हैं, खासकर उन इलाकों में जहाँ गर्मी ज्यादा पड़ती है और लोग अलग-अलग घरों में रहते हैं। बर्जर पेंट्स ने भारतीय घरों को ठंडा रखने के लिए एक आसान, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल तकनीक अपनाई है।

### एयरटेल ने ब्लिंकिट के साथ की साझेदारी

**जबलपुर।** भारती एयरटेल ने एक अग्रणी कदम उठाते हुए अपने ग्राहकों को दस मिनट के भीतर सिम कार्ड की डिलीवरी के लिए क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की । किसी टेलीकॉम कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली अपनी तरह की यह पहली सेवा अब तक देश के 16 शहरों में शुरू हो चुकी हैं। आने वाले समय में इस सेवा के अंतर्गत अन्य शहरों तथा कस्बों को जोड़ने की योजना है।

# किसानों की जरूरतों का समाधान है किसान डिजिटल आईडीः चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा, मध्य प्रदेश में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत अपनी किसान आईडी बनवाई। इस कार्यक्रम के दौरान चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा डिजिटल कृषि मिशन की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त आत्मनिर्भर और तकनीक-सक्षम बनाना है। इस मिशन के अंतर्गत सभी किसानों की एक डिजिटल पहचान होगी उनको फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी और इसमें किसानों की खेती संबंधी और सभी जानकारियां एक ही स्थान पर होगी मतलब जमीन कौन सा रकबा है, उसके परिवार में कौन-कौन सदस्य हैं, उसने कौन सी फसल बोई है उसकी मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, मिट्टी में कौन-कौन से तत्व हैं, सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी उसके पास खेती के अलावा पशुधन या और कोई संपत्ति है तो उसकी जानकारी भी होगी और इसका लाभ क्या है?

### केंद्रीय मंत्री बोले- किसान बनाए आईडी

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर फार्मर आईडी बनाने का अभियान चला रही है। आईडी में दी गई जानकारी गोपनीय रहेगी और किसान के चाहने पर ही साझा की जाएगी। अब तक देश में 5.5 करोड़ से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी है, जिसमें मध्य प्रदेश के 78 लाख किसान भी शामिल हैं। श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से एक जगह सारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान आईडी बनवाने की अपील की।

## बंगाल में आंधी-तूफान और बारिश का अनुमान

**कोलकाता।** भारत मौसम विभाग ने अनुकूल हवा के रुख और बंगाल की खाड़ी से आ रही तेज नमी के कारण सोमवार से 18 अप्रैल तक पश्चिम बंगाल के कई जिलों में बिजली चमकने और तेज हवाएं चलने अथवा आंधी-तूफान आने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने कहा कि बांग्लादेश और उसके आसपास के इलाकों में ऊपरी हवा का चक्रवाती घेरा बना हुआ है। विभाग के अनुसार, पश्चिम बंगाल के दक्षिणी हिस्से में एक या दो स्थानों पर आंधी-तूफान आने, बिजली चमकने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि पुरुलिया, बीरभूम, मुर्शिदाबाद, पूर्वी और पश्चिमी बर्धमान तथा नादिया जैसे जिलों में हवा की तीव्रता तुलनात्मक दृष्टि से अधिक रहने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि 17 अप्रैल तक राज्य के उत्तरी हिस्से में एक या दो स्थानों पर आंधी-तूफान और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

### लॉरेन सांचेज सहित महिला सेलिब्रिटी अंतरिक्ष से लौटी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कारोबारी जेफ बेजोस की कंपनी 'ब्लू ओरिजिन' ने सोमवार को उनकी मंगेतर लॉरेन सांचेज को कैटी पेरी और गेल किंग सहित अन्य महिला सेलिब्रिटी के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना किया। न्यू शेपर्ड रॉकेट ने वेस्ट टेक्सास से उड़ान भरी। इस अंतरिक्ष यात्री दल की सभी सदस्य महिलाएं हैं। वे सभी भ्रमण कर लौट भी आई है।

**आवश्यकता**
आवश्यकता है- Forest Department को जिलानुसार लड़के लड़कियों की पद संख्या-875 वनरक्षक फील्डऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (32500+62500 )रहना +खाना सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (आशीष साहू )-7460994309 (रायपुर /16/अप्रैल 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।


छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

# छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट के झरनों की धार हुई पतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर/मैनपाट



गर्मी में छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट में प्रदेशभर के पर्यटकों को आकर्षित करने वाले झरनों की धार अब पतली हो गई है। झरनों की ऐसी स्थिति तब है जब मार्च एवं अप्रैल के महीने में क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। भविष्य में भीषण गर्मी पड़ने पर झरनों की सुंदरता पर विपरीत प्रभाव पड़ने एवं धार और अधिक पतली होने की संभावना जताई जा रही है। मैनपाट से निकलने वाले एक दर्जन से अधिक नाली-नाले, घाट-पहाड़, प्राकृतिक विविधता एवं अनेक झरनों ने इसे न केवल अलग पहचान दिलाई है बल्कि पर्यटन के नक्शे पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राकृतिक विविधता के कारण मैनपाट में अपेक्षाकृत बेहद कम गर्मी पड़ती है। ठंड के मौसम में तो यहां का नजारा ही अलग होता है तथा दिसम्बर में तापमान 2-3 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। बुजुर्ग बताते है कि तीन दशक पूर्व तक यहां सालो भर रात में ठंडक लगती थी लेकिन अब ऐसी स्थिति नहीं है। जंगलों का तेजी से ह्रास होने एवं नदी-नालों की भूमि में अवैध अतिक्रमण होने के कारण मैनपाट का वातावरण तेजी से बदल रहा है तथा यहां भी अब भीषण गर्मी पड़ रही है। अप्रैल मध्य में ही पर्यटकों को आकर्षित करने वाले टाइगर पाइंट, मछली पॉइंट, मेहता पाइंट एवं दलदली झरने की धार पतली हो गई हे।

### रेखा शक्ल में गिर रहा जल

नदियों का जलस्तर कम होने के कारण टाइगर पाइंट से जल एक रेखा शक्ल में गिर रहा है। यही हाल अन्य झरनों का है। अब झरनों के पास न तो पानी गिरने का संगीत सुनाई देता है न ही आसपास में फव्वारे जैसा दृश्य नजर आता है। भविष्य में गर्मी बढ़ने पर झरनों की धार में और अधिक कमी आने की संभावना जताई जा रही है। गर्मी में झरनों का कलरव बंद होने के कारण पर्यटकों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि


**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान

## शब्द पहेली - 5838



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणत:-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

### शब्द पहेली - 5837 का हल



## सूडोकु नवताल - 5848

* * * * * कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5847 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

**मुंबई।** 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

लाइफ Style



# प्रियंका हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक प्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।




# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

**लॉस एंजिल्स।** कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


**मुंबई।** रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

**मुंबई।** सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ 50 लाख रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

***जी करदा :*** जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

***आखिरी सच :*** आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

***नवंबर स्टोरी :*** नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।



**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

***नई दिल्ली।** हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।



**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज़ न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।






# बल्लेबाजों का आत्मविश्वास बढ़ाने बेहतर पिच पर खेलने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का आग्रह किया है जिससे उनके बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके क्योंकि वह चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स निर्भीक क्रिकेट खेले।

धोनी की 11 गेंदों में 26 रन की पारी ने चेन्नई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से पांच बार के चैंपियन ने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया, जिसमें घरेलू मैदान पर तीन हार भी शामिल हैं।



- धोनी ने चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच बनाने का किया आग्रह
- बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके

### छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच जीता

पिछले छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले धोनी ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, ''एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है।''

### बेहतर विकेटों पर खेलने की जरूरत

धोनी ने कहा, ''शायद हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की ज़रूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। हम निर्भीक होकर खेलना चाहते हैं।'' धोनी ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभाने की जरूरत है।

### जीतकर अच्छा लग रहा

धोनी ने कहा ,'' जीतकर अच्छा लग रहा है । बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढा है । यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है । उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी ।'' धोनी ने कहा, पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की ।

### बेहतर विकेटों पर बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे

हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी । शायद चेन्नई की विकेट के कारण । उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, हमें पहले छह ओवरों में अधिक गेंदबाजों की जरूरत थी जिससे अश्विन पर पहले छह ओवरों में दो ओवर डालने का काफी दबाव बन रहा था । यही वजह है कि हमने गेंदबाजी में बदलाव किये ।

खास खबर

## रोहित के खराब फॉर्म का असर मुंबई की रणनीति पर पड़ रहा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है । मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं । उन्होंने पांच मैचों में 0, 8 , 13 , 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है ।

## बिश्नोई ने ऋषभ पंत का बचाव किया



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर रवि बिश्नोई इस बात को लेकर निश्चित नहीं हैं कि अच्छे स्पैल के बावजूद उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच में डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने का मौका क्यों नहीं मिला, लेकिन उन्होंने अपने कप्तान ऋषभ पंत के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि एक कप्तान के रूप में उनके दिमाग में कुछ खास योजनाएं थीं। चेन्नई को जब 30 गेंद पर 56 रन की जरूरत थी तथा महेंद्र सिंह धोनी और शिवम दुबे खेल रहे थे तब पंत ने स्पिनर की बजाय तेज गेंदबाजों से गेंदबाजी करवाने का विकल्प चुना लेकिन उनका यह दाव नहीं चल पाया और धोनी ने 11 गेंद पर 26 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। बिश्नोई ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मेरी वास्तव में इसको लेकर उनसे (ऋषभ पंत) कोई बात नहीं हुई। मैं दो बार विकेट पर आया लेकिन शायद उनके दिमाग में कुछ और योजनाएं थी। शायद उनका नजरिया कुछ और था।'

## सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे सिंधू और सेन

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे। अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है । भारत को ग्रुप डी में पूर्व चैम्पियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है । भारत की 14 सदस्यीय टीम में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भी चोट से उबरकर वापसी हुई है ।



महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी । उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा महिला युगल वर्ग में उतरेंगे । वहीं पुरूष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है । हम जीत के लिये एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं है । हमें यकीन है कि यह टीम पदक जीतकर इतिहास रचेगी ।''

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 |
| दिल्ली | 2 | 2 | 0 | 4 |
| बेंगलोर | 3 | 2 | 1 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| कोलकाता | 4 | 2 | 2 | 4 |
| मुंबई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 3 | 1 | 2 | 2 |
| चेन्नई | 3 | 1 | 2 | 2 |
| राजस्थान | 3 | 1 | 2 | 2 |
| हैदराबाद | 4 | 1 | 3 | 2 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
189 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
09 विकेट
चेन्नई

## खबर संक्षेप



### एएसआईपी के अध्यक्ष होंगे प्रभाकरण

**नई दिल्ली।** खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एएसआईपी) ने मंगलवार को अपने संस्थापक प्रबंधन बोर्ड की घोषणा की और इसके अध्यक्ष अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व महासचिव शाजी प्रभाकरण होंगे। नीरज झा मानद महासचिव होंगे और गोवा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कैटानो जोस फर्नांडिस बोर्ड के सदस्यों में से होंगे । दिल्ली फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे शाजी ने इस साल संगठन की स्थापना की है। बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होगा । बोर्ड की पहली बैठक तीन मई को होगी।

### एटलेटिको ने खिताब की उम्मीद जीवंत रखी

**मैड्रिड।** जूलियन अल्वारेज़ के पेनल्टी पर किए गए दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने सोमवार को यहां वलाडोलिड को 4-2 से हरा दिया और इस तरह से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा को जीतने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। एटलेटिको के इस जीत से 31 मैच में 63 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 अंक है जबकि रियाल मैड्रिड 31 मैच में 66 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अल्वारेज़ ने 25वें और 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। एटलेटिको की तरफ से उनके अलावा गिउलिआनो शिमोन (27वें मिनट) और अलेक्जेंडर सोरलोथ (79वें) ने एक एक गोल किया।

### आईसीसी की बैठक में शामिल नहीं हुए नकवी

**कराची।** चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक तिमाही बैठक में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी शामिल नहीं हुए। पाकिस्तान में निजी काम के कारण नकवी हाल की बैठकों के लिए हरारे नहीं जा सके। नकवी संघीय गृह मंत्री भी हैं जो केंद्र सरकार में एक महत्वपूर्ण पद है। अधिकारी ने कहा, ''मोहसिन नकवी स्वदेश में काम के कारण नहीं जा सके और बोर्ड के सीईओ सुमेर अहमद आईसीसी की बैठकों में शामिल हुए।''

## जीत की राह पर लौटना चाहेगी दिल्ली

# अपने मैदान पर जीत का स्वाद चखने राजस्थान के खिलाफ उतरेगी दिल्ली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सत्र की शानदार शुरूआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स इस झटके को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में फिर जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया । इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई ।

दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है ।

### दिल्ली के लिए नायर का पदार्पण बेहतर साबित हुआ

संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है । मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिये घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करूण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाये । एक समय दिल्ली का स्कोर 11वें ओवर में एक विकेट पर 119 रन था लेकिन इसके बाद 74 रन के भीतर आखिरी नौ विकेट गंवा दिये । उसके तीन बल्लेबाज 19वें ओवर की आखिरी तीन गेंदों पर रन आउट हुए और 12 रन से पराजय का सामना करना पड़ा ।





### दिल्ली के लिए सफलता की कुंजी स्पिनर ही होंगे

दिल्ली के पास इस हार का दुख मनाने का समय नहीं था क्योंकि दो दिन के भीतर ही उसे रॉयल्स के खिलाफ कल खेलना है । दिल्ली के लिये एक बार फिर सफलता की कुंजी स्पिनर साबित हो सकते हैं । पिछले मैच में हार के बावजूद कुलदीप यादव और 20 वर्ष के विपराज निगम ने शानदार प्रदर्शन किया ।

### अक्षर नहीं डाल पाए प्रभाव

अक्षर हालांकि उतना प्रभावित नहीं कर सके हैं और छह मैचों में 14 ओवर डालकर भी उन्हें विकेट नहीं मिली है । इसके अलावा उन्होंने 10 से अधिक की दर से प्रति ओवर रन दिये हैं । बल्लेबाजी में भी वह छाप नहीं छोड़ पाये हैं । पिछले सत्र में आक्रामक प्रदर्शन करने वाले जैक फ्रेसर मैकगुर्क लय में नहीं हैं और अभी तक सिर्फ 46 रन बना पाये हैं ।

### फाफ डु प्लेसी चोट के कारण बाहर

फाफ डु प्लेसी चोट के कारण बाहर है और नायर की जगह टीम में पक्की लग रही है । मध्यक्रम में केएल राहुल ने दारोमदार संभाल रखा है । उनका साथ देने के लिये ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा और निगम हैं। दूसरी ओर रॉयल्स की समस्या प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है । यशस्वी जायसवाल सिर्फ पिछले मैच में आरसीबी के खिलाफ अर्धशतक बना सके हैं ।

### कप्तान सैमसन नहीं खेल पाए कप्तानी पारी

कप्तान सैमसन अभी तक एक भी अच्छी पारी नहीं खेल पाये जबकि रियान पराग और ध्रुव जुरेल का बल्ला भी खामोश है । गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर महंगे साबित हुए हैं । संदीप शर्मा को छोड़कर कोई भी गेंदबाज रनगति पर अंकुश नहीं लगा पाया है ।

क्रिकेट

## बांग्लादेश के साथ भारत मीरपुर में 4 व चटगांव में खेलेगा 2 मैच

### भारत का 2014 के बाद से पहला दौरा होगा



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारत अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की।

बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुरुआती दो एकदिवसीय और आखिरी दो टी20 मीरपुर में खेले जाएंगे जबकि तीसरा एकदिवसीय और पहला टी20 चटगांव में होगा। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। शुरुआती दो एकदिवसीय 17 और 20 अगस्त को खेले जाएंगे जिसके बाद टीम 23 अगस्त को तीसरा एकदिवसीय खेलने के लिए चटगांव जाएगी। चटगांव में ही पहला टी20 26 अगस्त को होगा। आखिरी दो टी20 29 और 31 अगस्त को मीरपुर में खेले जाएंगे।

यह दौरा एशिया कप टी20 की तैयारी में भी मदद करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई में आयोजित की जाएगी या नहीं क्योंकि दोनों देशों के बीच हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा।

### भारत ने सभी प्रारूप में मानक स्थापित किया

बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''यह श्रृंखला हमारे घरेलू कैलेंडर में सबसे रोमांचक प्रतियोगिता में से एक होगी।' उन्होंने कहा, ''भारत ने सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मानक स्थापित किए हैं और दोनों देशों के लाखों क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले का आनंद जरूर लेंगे।'' चौधरी ने कहा, ''बांग्लादेश और भारत ने हाल के वर्षों में कुछ बहुत ही प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं और मुझे विश्वास है कि यह एक और कड़ी टक्कर वाली और मनोरंजक श्रृंखला होगी।''

## जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन में उनकी दीर्घकालिक सेवा और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए मंगलवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलेयर के अनुसार, ''राष्ट्रमंडल खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रावधान है और इसलिए डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में अगली महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है।''जेनकिंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''खेलों को आगे बढ़ाने और विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए मुझे जो अवसर दिए गए, उन पर मुझे विशेष रूप से गर्व है। मैं राष्ट्रमंडल खेल संघ के अपने सहयोगियों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।''



# अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| दुबई



भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।

अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, ''मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।''अय्यर ने कहा, ''प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे।

## बोर्नमाउथ ने फुलहम को एक गोल से हराया

**बोर्नमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नमाउथ ने पहले मिनट में किए गए गोल के दम पर सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर फुलहम को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में छह मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की।



बोर्नमाउथ की तरफ से एंटोनी सेमेन्यो ने पहले मिनट में ही गोल कर दिया था। घाना के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने एलेक्स स्कॉट से पास पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ।

# बीएफआई में खींचतान : अंतरिम समिति ने लिए अहम फैसले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नवगठित अंतरिम समिति द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन और कोचों की नियुक्ति सहित अन्य प्रमुख निर्णयों की घोषणा के बीच मंगलवार को विभिन्न राज्य इकाइयों के सदस्यों के तत्काल चुनाव कराने की मांग से भारतीय मुक्केबाजी प्रशासन में खींचतान तेज हो गई।

भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था लेकिन कानूनी विवादों के कारण चुनाव में देरी हो रही है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने नवीनतम आदेश में खेल मंत्रालय के पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी को मामले की अगली सुनवाई के लिए तय 28 अप्रैल से पहले नया चुनाव कार्यक्रम जारी करने का निर्देश दिया है।

### गलत नीति के कारण स्तर नीचे जा रहा

भंडारी ने कहा, '' अजय सिंह की गलत नीतियों के कारण भारतीय मुक्केबाजी का स्तर नीचे जा रहा है।'' विश्व मुक्केबाजी द्वारा बीएफआई के मामलों की देखरेख के साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए गठित अंतरिम समिति ने सोमवार को अपनी पहली बैठक में घरेलू सर्किट को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ एलीट (शीर्ष) मुक्केबाजी प्रणाली को फिर से शुरू करने के निर्णय लिया।

**हमारे खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित रहे-** सिंह ने कहा, ''हम चिंतित हैं और चाहते हैं कि चुनाव जल्द से जल्द हो ताकि हमारे हमारे खिलाड़ी प्रभावित ना हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।'' हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष और बीएफआई के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश भंडारी ने आरोप लगाया कि सिंह ने कोचिंग स्टाफ पर फैसला करते समय कार्यकारी समिति की सलाह लेने से इनकार कर दिया।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर**
**संक्षिप्त निविदा**
दूरभाष न. कार्या. 07792-233502 ईमेल - res_nsp@yahoo.co.in

क्रमांक 43/वलेलि/ग्रायांसे/2025 संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2025-26 नरसिंहपुर, दिनांक- 08/04/2025

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers 2 (दो लिफाफा पद्धति) के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशत दर निविदा प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार निविदाएं लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नंबर | कार्य का नाम | विकासखंड | निविदा लागत (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (राशि रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रुपए में) | समयावधि (वषाकाल सहित) | निविदा आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_RES _414133 | 1. खेल मैदान निर्माण शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल करकबेल 2. खेल मैदान निर्माण शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल खमरिया झाँसीघाट 3. खेल मैदान निर्माण शासकीय कन्या हाई स्कूल रानी अवंतीबाई लोधी बेल्हाई गोटेगॉव | गोटेगांव | 12.17 | 24340 | 2000 | 3 माह | द्वितीय |
| 2 | 2025_RES _414134 | खेल मैदान समतलीकरण/बाऊड्रीवाल, सीढी एवं चबुतरा निर्माण कार्य बघुवार | करेली | 18.85 | 37700 | 2000 | 6 माह | प्रथम |
| | महायोग | | | 31.02 | | | | |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स), वेबसाइट https://mptenders.gov.inपर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं बिड ऑनलाईन प्रस्तुत करने की दिनांक 16/04/2025 समय सुबह 10 :30 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 28/04/2025 समय 05 :30 बजे शाम तक निर्धारित है। निविदा कवर 'अ' ( कवर - 1 ) एवं कवर - 'स' (कवर - 3 ) ऑनलाईन ही जमा / अपलोड (submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। लिफाफा ए ( पंजीयन की छायाप्रति, पेन कार्ड की छायाप्रति, शपथ पत्र, जीएसटी नंबर की छायाप्रति, परिशिष्ट H स्वप्रमाणित प्रति) एवं अन्य लिफाफे ONLINE ही स्वीकार किए जावेगें । निविदाएँ दिनांक 29/04/2025 को खोली जावेगी ।

निविदा में संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर ही अपलोड की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें एवं निविदा प्रपत्र क्रय करने के पूर्व स्थल का निरीक्षण कर लेवें। शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें एवं वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। उक्त कार्य की निविदा दिनांक 11/04/2022 को जारी राज्य दर अनुसूची अनुसार आमंत्रित किये जा रहे है ।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नरसिंहपुर

G-11550/25 "स्वच्छता ही सेवा"

## हाई कोर्ट ने जनहित याचिका में तलब किया जवाब

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र से नौकरी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने के मामले पर जवाब-तलब किया है।चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी किए । जवाब के लिए दो सप्ताह का समय दिया गया है। अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी।

सतना निवासी राजेश प्रसाद गौतम की ओर से जनहित याचिका प्रस्तुत कर अधिवक्ता संतोष कुमार पाठक ने पक्ष रखा। उन्होंने तर्क दिया कि सतना जिले में अनावेदक रामचरण, श्यामलाल, सुंदरलाल, रामप्यारे, रामप्रकाश अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं, जिन्होंने अपनी पढ़ाई भी ओबीसी वर्ग से की और इसी वर्ग से उन्होंने पढ़ाई के दौरान छात्रवृत्ति भी ली। आरोप है कि इसके बाद अनावेदकों ने एससी-एसटी के फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर शिक्षा विभाग में नौकरी हासिल कर ली। इस मामले की शिकायत पर जांच हुई। जिसमें अनावेदकों के जाति प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए थे। लिहाजा, निरस्त करने के निर्देश दिए



गए थे। पूर्व में हाई कोर्ट की शरण भी ली गई थी। राज्य शासन ने अनावेदकों के विरुद्ध विधि अनुसार कार्यवाही किए जाने का अभिवचन दिया था। जिसे अभिलेख पर लेकर हाईकोर्ट ने याचिका का पटाक्षेप कर दिया था। लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी अनावेदक आज भी स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसीलिए दोबारा हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले में सचिव सामान्य प्रशासन विभाग, कलेक्टर, एसपी सतना, एसएचओं सभापुर बिरसिंगपुर सतना व अनावेदक रामचरण, श्यामलाल, सुंदरलाल, रामप्यारे, रामप्रकाश को पक्षकार बनाया गया है।

### कहा-दो सप्ताह में जवाब नही दिया तो लगाएंगे 15 हजार रु कॉस्ट

## एमपी-पीएससी परीक्षा पर रोक बरकरार, हाईकोर्ट ने सरकार को लगाई फटकार

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सेवा परीक्षा 2025 की मुख्य परीक्षा आयोजित करने पर लगाई गई रोक को बरकरार रखा है। कोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में राज्य सरकार को जमकर फटकार लगाई। विगत 2 अप्रैल को चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने अदालत की अनुमति बिना मुख्य परीक्षा आयोजित नहीं करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को सरकार के जवाब से असंतुष्टि जाहिर करते हुए कोर्ट ने राज्य सरकार को कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दे पर दो सप्ताह के भीतर जवाब पेश करें। वरना 15 हजार रुपए कॉस्ट लगाई जाएगी। अगली सुनवाई 6 मई को होगी। भोपाल निवासी सुनीत यादव सहित अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर एवं विनायक प्रसाद शाह ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि मप्र लोक सेवा आयोग ने कुल 158 पदों की भर्ती के लिए 5 मार्च 2025 को प्रारंभिक परीक्षा परिणाम घोषित किया था। इसमें वर्गवार कट-ऑफ अंक जारी नहीं किए गए हैं। जबकि पूर्व की सभी परीक्षाओं में वर्गवार कट-ऑफ अंक जारी किया जाता रहा है। दलील दी गई कि सुप्रीम कोर्ट एवं हाइ कोर्ट के विभिन्न फैसलों को बायपास करते हुए आयोग अनारक्षित पदों के विरुद्ध आरक्षित वर्ग के प्रतिभावान अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए चयनित नहीं कर रहा है। यह आरोप भी लगाया गया कि सभी अनारक्षित पद सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित करके प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया गया है। आयोग ने इस त्रुटि को छिपाने के लिए 2025 के प्रारंभिक परीक्षा में कट-ऑफ मार्क्स भी जारी नहीं किए हैं।पूर्व आदेश के पालन में मंगलवार को एमपीपीएससी की ओर से बंद लिफाफे में प्रारंभिक परीक्षा के कट ऑफ मार्क्स पेश किए। कोर्ट ने लिफाफा खोल कर कहा कि इसमें कोई गोपनीय दस्तावेज नहीं है। कोर्ट ने कहा कि एक कॉपी याचिकाकर्ताओं को प्रदान करें। कोर्ट ने सभी अनारक्षित वर्ग के पद सामान्य अभ्यर्थियों से भरने के मामले में जवाब न देने पर सख्ती दर्शाई। आयोग की ओर से विरोधाभासी दलीलों को देखते हुए कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई के दौरान मामले के जानकार अधिकारी हाजिर रहें।

## राघव देवाचार्य को धमकाने वाला नाबालिग गिरफ्तार

**जबलपुर।** सोशल मीडिया के प्लेटफार्मों पर दिगंबर अखाड़ा के जगतगुरु स्वामी राघव देवाचार्य को जान से मारने की धमकियां देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी नाबालिग छात्र निकला। पुलिस अन्य आरोपियों की पूछताछ कर तलाश कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने बताया कि स्वामी राघव देवाचार्य को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जान से मारने की धमकी दिए जाने के मामलें में मदनमहल पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इस मामलें में पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में लिया है जो एक नाबालिग छात्र निकला। शेष लोगों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। दरअसल, सोशल मीडिया पर अचानक धमकियां मिलने का सिलसिला 8 अप्रैल के बाद से शुरू हुआ है। बताया जाता है कि अब्दुल मजीद नामक व्यक्ति ने बूढ़ी माता पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद 9 अप्रैल को सराफा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया गया था।

## मध्य प्रदेश सहित 18 हाई कोर्ट के जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक नहीं की

- देश के 75 प्रतिशत हाईकोर्ट जजों की संपत्ति का खुलासा करने पर निर्णय नहीं
- नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने राष्ट्रपति को पत्र भेजा, हस्तक्षेप की मांग की

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश सहित 18 हाई कोर्ट के जजों ने अपनी संपत्ति सार्वजनिक नहीं की है। देश के 75 प्रतिशत हाईकोर्ट जजों की संपत्ति का खुलासा करने पर अब तक निर्णय नहीं लिया गया है। इसे लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर ने राष्ट्रपति को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। मंच के अध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे ने बताया कि पत्र में कहा है कि संपत्ति सार्वजनिक करने से पारदर्शिता आएगी। संसद की विधि संबंधी समिति ने अगस्त, 2023 में अनुशंसा की थी कि न्यायाधीशों को अपनी सम्पत्ति का खुलासा करना चाहिए। इस अनुशंसा को विचारार्थ लिया जाना चाहिए।

### देश के 24 में से सिर्फ छह हाई कोर्ट के जजों ने किया खुलासा :

पत्र में कहा गया है कि अब तक देश के 24 में से सिर्फ छह हाई कोर्ट के जजों ने अपनी संपत्ति का खुलसा बेवसाइट पर किया है। जबकि 75 प्रतिशत जजों ने इस सिलसिले में कदम नहीं उठाया है। दरअसल, हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट जजों के लिए बनए गए सेवा शर्त नियम में उनके द्वारा संपत्ति घोषित करने का प्रविधान नहीं है। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अपने जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने का निर्णय लिया था। जिसके बाद 33 में से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का खुलासा कर दिया था। इसके बाद भी हाई कोर्ट के जजों ने प्रेरणा नहीं ली। इसलिए आलम यह है कि देश के विभिन्न हाई कोर्ट में पदस्थ 762 में से सिर्फ 95 जजों की ही संपत्ति का ब्यौरा सार्वजनिक हो सका है।

**HONDA**

**PUBLIC NOTICE**

It is hereby informed to the General Public that Honda Motorcycle and Scooter India Pvt. Ltd. ("HMSI/Company") has terminated all its relationship with **M/s Anand Wheels Services Pvt Ltd (Anand Wheels Honda)** having showroom at **Plot No. 1, 1A, 2, 3, Manmohan Nagar, Opp. Sai Mandir, Damoh Naka Road, Jabalpur, Madhya Pradesh - 482002** and workshop at **3634, Manmohan Nagar, Opposite Krishi Upaj Mandi, Damoh Road, Green City Road, Jabalpur, Madhya Pradesh - 482002** with effect from the close of business hours of **12th March, 2025.** The company has terminated all its relationship and recalled all rights including and not limited to use of company's name, logo/trademark, on all documents, letter heads bearing name of the company. In case M/s Anand Wheels Services Pvt Ltd (Anand Wheels Honda) is found selling or serving HMSI products in the name and style which is indicative of any authorization from HMSI, it shall be subject to prosecution for trade mark infringement and passing off. Public at large is hereby advised not to deal with the subject dealership and in case of any clarification please contact the nearest authorized dealership of HMSI or contact Customer care No. 18001033434.

Any person dealing with M/s Anand Wheels Services Pvt Ltd (Anand Wheels Honda) shall deal at his/her own risk and consequence. HMSI and/or officials shall own no responsibility for such arrangements or dealings with M/s Anand Wheels Services Pvt Ltd (Anand Wheels Honda).

For Honda Motorcycle and Scooter India Pvt. Ltd.

Sd/-

(Authorized Signatory)

Place : Gurugram

## मौसम शुष्क होते ही पारे में उछाल शुरू

# आसमान साफ, चटक धूप खिली

**जबलपुर।** पश्चिमी विक्षोभ का असर अब बेअसर हो गया है। मौसम शुष्क होते ही तापमान उछाल लेने लगा है। मंगलवार को पारा 38 डिग्री के पार पहुंच गया है। दोपहर में चटक धूप ने लोगों के होश उड़ा दिए। गर्म हवाओं के थपेड़ों ने झुलसा दिया। रात में भी गर्मी शवाब पर रही। मौसम विभाग के मुताबिक अब मौसम शुष्क रहेगा। पश्चिमी हवायें वातावरण में गर्माहट घोलेंगी। दोपहर में कड़ी धूप की वजह से सड़कें सूनी होने लगी हैं। लोग धूप से बचने के लिये टोपी, गमछा बांधकर निकलने लगे हैं। गर्मी के



बढ़ने के साथ ही शीतल पेय पदार्थ कोल्ड ड्रिंक, गन्ने का रस, आम का पना, नारियल पानी की तरफ लोग आकर्षित होने लगे हैं।

मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर व संभाग के जिलों में पश्चिमी विक्षोप का असर अब समाप्त हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 38.06 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा। न्यूनतम तापमान 21.02 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 59 प्रतिशत और सायंकाल 38 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिमी हवाएं 5 से 6 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। प्रदेश में सबसे अधिक 42 डिग्री तापमान रतलाम में दर्ज किया गया। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## शराब के नशे में युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** खितौला थाना अतंर्गत सकरी मोहल्ला खितौला में शराब के नशे में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सकरी मोहल्ला खितौला निवासी 19 वर्षीय सत्यम गुप्ता ने दिनारी खमरिया निवासी अनुराधा गौड से लगभग एक वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। गत 22 मार्च को उसकी पत्नी अनुराधा की शासकीय अस्पताल सिहोरा में डिलेवरी हुई थी। जिसके बाद से वह अपने मायके में रह रही थी। गत दोपहर लगभग 3 बजे सत्यम अपनी ससुराल अपनी पत्नी और बेटी को देखने गया था, जहां उसे पता चला कि ससुराल वालें उसकी पत्नी को परेशान कर रहे है।




Terms and Conditions apply. **Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. **The interest rates, down payment, and tenure options are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. **The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. #Cashback Offer available on selected models for EMI transactions made using IDFC FIRST Bank and HDFC Bank credit cards through Pine Labs machines only. #Customers can avail 5% Instant cashback, up to a maximum of ₹ 5000. #Valid on one transaction per card/order during the offer period. #The scheme is available in selected outlets only. *3 Years Free Service Maintenance Package is available only on Deluxe variant of Activa 110 and Activa 125. *For detailed Terms and Conditions of the 3-Year Free Service Maintenance Package worth ₹ 5500, kindly contact authorised main dealers and associate dealers. *Above scheme can be withdrawn at any time without prior intimation. All offers are valid until 30th April 2025. ^The price shared above is of Activa 110 Std OBD2B variant for Madhya Pradesh State. ^For more information contact nearest dealers. The features shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1 , Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776, 07632244220; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376, 7389353376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445, 9770066639; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440, 9770066619; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441, 9770044415; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443, 9770066640; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442, 9770066638; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626, 6267013113; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446, 9770066641; Manish Honda (Sausar) - 9244569009, 9200010004; **CHHATARPUR:** Namostu Honda (Chhatarpur) - 9407184511, 9425815111; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444, 9993920927; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **DAMOH:** Texol Honda - 9407071200, 9425096191; **JABALPUR:** Sahil Honda - 7771003865, 7771003887; Frontier Honda - 8226001881, 8226001882; Anand Wheels Honda - 7049919750, 7049919755, 9424994480; Anand Wheels Honda (Adhartal) - 7049919753, 7049919755; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899, 7771003880; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485, 6262908035; MPsahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782, 9479949844; **MANDLA:** Rajul Honda - 7642260711, 9893554611; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711, 9827122712; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 07652-298532, 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **SATNA:** Krishna Honda - 8109043900, 7024924444, 7225868641, 229900; Eagle Honda - 7583808564, 6267275500; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444, 9981162343; MaaDurga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313, 9584860650; **REWA:** Rewa Maa Honda - 6262613690, 6262613695; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 8982388380; N.K. Honda - N.K. Honda - 7694018001, 7694018002; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda,Mangawan - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577, 8349790577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 9713240577, 8349790577; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564, 7610332359; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 233016, 7049925591, 7049925593, 07805-350279; **PANNA:** Selection Honda - 9993586233; BHOPAL: Surana Honda - 4074455, 7566665646; Rajpal Honda - 4254000, 9425019567; BGS Honda - 4044441, 4231111, 8889999743; Om Auto Honda - 9826331339, 4003018/19; Power Honda - 2981111, 7024877777; Power Honda (Gulmohar) - 4256062, 7880055510; BGS Honda (Kolar Road) - 4038111, 8889999481; BGS Honda (Karondh) - 08889994503; Rajpal Honda (MP Nagar Zone-2) - 2571100, 9424494542; Shubhi Honda (Udaipura) - 9893255494; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Rajeev Honda (Mandeep) - 07480401458, 07415427302; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232, 9926566102; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193, 9630828006; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264944; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084, Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 9301124000; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; **AMBAH:** Aryan Honda - 9826288045.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240